राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 भारत का सेमीफाइनल खेलना लगभग तय ...

चुनाव से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय छात्रों को किया ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 73 | नई दिल्ली, सोमवार, 24 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन बापू टावर का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने का दिया निर्देश

## एक-डेढ़ महीना के अंदर बापू टावर बनकर हो जायेगा तैयार : नीतीश

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गर्दनीबाग में निमार्णाधीन बापू टावर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के भूतल एवं पांचवें तल पर जाकर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने भूतल तल पर ही बनाये गये ओरियेंटेशन हॉल में टर्न टेबल थियेटर शो (रोटेटिंग पर्दे) के माध्यम से गांधी जी की जीवन यात्रा से संबंधित फिल्म देखी। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी और बताया कि निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और इसे फिनीशिंग टच दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो भी आगंतुक बापू टावर देखने आयेंगे, वे ओरियेंटेशन हॉल में बैठकर बापू की जीवनी, उनके आदर्शो एवं कार्यों तथा बिहार की गौरव गाथा को देख सकेंगे। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने हेतु कार्यों के प्रदर्शन के लिये दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधायें एवं अन्य संरचनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव को निर्देष देते हुये कहा कि बापू टावर का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण करायें। इसका निर्माण जल्द पूर्ण होने से बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी जान सकेगी। बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनायें, गांधी जी के विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से लगाव, बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित करें। जो भी चीज प्रदर्शित किया



जा रहा है, उसके बारे में हिन्दी और अंग्रेजी में ठीक ढंग से लिखें ताकि आमजन यहां आकर उसे देख और समझ सके। उन्होंने कहा कि यह परिसर ग्रीन एरिया रहे, परिसर बेहतर और व्यवस्थित दिखे। जब बापू टावर बनकर तैयार हो जायेगा तो बहुत अच्छा दृश्य दिखेगा और लोग यहॉ आकर बापू के बारे में जानकारियॉ प्राप्त कर सकेंगे। हमने इसका निर्माण कार्य कई बार आकर देखा है और समय-समय पर सुझाव भी देते रहे हैं।

### बहुत अच्छा बन रहा हैं बापू टावर : सीएम

निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू टावर बहुत अच्छा बन रहा हैं, हम बराबर आकर इसे देखते रहे हैं। हम पहले से ही सुझाव देते रहे हैं। एक-डेढ़ महीना के अंदर यह पूरा बनकर तैयार हो जायेगा। हम जल्द से जल्द एक-डेढ़ महीना में इसकी शुरूआत करायेंगे।



**ये रहें मौजूद :** निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### घुसपैठ के दौरान मारे गए आतंकवादी का शव बरामद, अभियान जारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उड़ी सेक्टर में गोहालन गांव में शनिवार को मारे गए दो आतंकवादियों में से सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी का शव रविवार को बरामद कर लिया है। जबकि मारे गए दूसरे आतंकी के शव की तलाश की जा रही है। इलाके में अभी भी अभियान जारी है। सेना को शनिवार को सुरक्षा एजेंसियों से इनपुट मिले कि आतंकियों का एक दस्ता उड़ी सेक्टर के रास्ते कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में है। इसके आधार पर सेना ने सभी अग्रिम चौकियों को अलर्ट जारी करते हुए अग्रिम इलाकों में विशेष नाके स्थापित किए थे।शनिवार को गोहालन गांव के अग्रिम छोर पर चढ़ान पोस्ट के इलाके में नाका लगाए बैठे जवानों ने स्वचालित हथियारों से लैस चार आतंकियों को भारतीय इलाके की तरफ आते देखा। जैसे ही वह नियंत्रण रेखा को पार करने लगे, जवानों ने उन्हें ललकारते हुए आत्मसमर्पण करने को कहा। घुसपैठियों की गोलीबारी पर जवानों ने जवाबी गोलीबारी की।

### चौक थाना परिसर से शराब माफिया कैदी हुआ फरार

पटना सिटी (प्राकि)। मद्य निषेध विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने चौक थाना क्षेत्र के हाजीगंज स्थित एक ट्रांसपोर्ट के गोदाम से में रेड किया था। वहां बाहर से शराब और स्पिरिट मंगवाया गया था और यहां से अन्यत्र ट्रांसपोर्ट करने के फिराक में माफिया लगा था। इसी दौरान आईबी प्रोवेशन की टीम ने छापेमारी किया और दो लोगों को शराब और स्पिरिट के साथ गिरफ्तार करते हुए चौक थाना की पुलिस को रविवार को सुपुर्द कर दिया। यहां पुलिस पदाधिकारी के द्वारा दोनों का इंट्रोगेशन कर पूछताछ किया ही जा रहा था कि इसी दौरान एक गिरफ्तार शराब माफिया कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। फरार होने वाले व्यक्ति का नाम विनोद राय बताया जाता है। इस संबंध में डीएसपी-2 डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और इस संबंध में जो भी पुलिस पदाधिकारी या जवान लापरवाह पाए जाएंगे।

### सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज किया मामला

# नीट पेपर लीक मामला : बवाल के बीच पहली एफआईआर, सीबीआई ने दर्ज किया मामला

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। नीट पेपर लीक के मामले ने इन दिनों देशभर में सुर्खियां बटोरीं हैं। अब खबर है कि नीट-यूजी में अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एफआईआर दर्ज की है। एजेंसी से जुड़े अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी है। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 5 मई को आयोजित की कई नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओ और धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंपा गया है। इससे पहले बिहार पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को भी गिरफ्तार किया था। वहीं, नीट पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है। पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है। जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्कवॉड ने शक के आधार पर पकड़ा। बता दें कि विपक्ष और सामाजिक संगठनों ने नीट यूजी का पेपर लीक होने का आरोप लगाया और मामले की उच्च





स्तरीय जांच की मांग की थी। ऐसे में केंद्र सरकार ने नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई को सौंपी। बिहार पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पूछताछ में स्वीकार किया कि परीक्षा से एक दिन पहले ही पेपर लीक हो गया था। पुलिस अब सॉल्वर गैंग के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

**एनटीए प्रमुख को भी बदला गया:** केंद्र सरकार ने अनियमितताओं की शिकायत के बाद नीट और यूजीसी नेट समेत कई अहम परीक्षाएं कराने वाली एजेंसी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया है। साथ ही एक पैनल का गठन किया है, जो नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं की जांच करेगा। बीती 5 मई को हुई नीट यूजी की परीक्षा में करीब 24 लाख छात्र शामिल हुए थे, लेकिन जैसे ही 4 जून को रिजल्ट घोषित किए गए और उसमें 1500 से ज्यादा छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने का खुलासा हुआ तो मामला अदालत में पहुंच गया। इसके बाद एनटीए ने छात्रों को दिए ग्रेस मार्क्स हटाने और इन छात्रों की परीक्षा फिर से लेने का फैसला किया। आज इन 1500 से ज्यादा छात्रों की फिर से नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की जा रही है। साथ ही नीट के कथित पेपर लीक मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी चल रही है।

### बिहार के बाद अब महाराष्ट्र का कनेक्शन, दो अध्यापकों से हुई पूछताछ

नई दिल्ली। नीट-यूजी पेपर लीक का मामला इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। बिहार पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। अब नीट पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है। पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है। जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्कवॉड ने शक के आधार पर पकड़ा। पुलिस को शक है कि ये दोनों अध्यापक नीट पेपर लीक मामले में शामिल हो सकते हैं। दोनों महाराष्ट्र के जिला परिषद स्कूलों में पढ़ाते हैं। साथ ही दोनों लातूर में निजी कोचिंग सेंटर भी संचालित करते हैं। पुलिस ने दोनों से कई घंटे तक पूछताछ की और फिर जाने दिया। पुलिस ने दोनों को जरूरत पड़ने पर फिर से पूछताछ के लिए पेश होने का भी निर्देश दिया है। देश में इन दिनों नीट और यूजीसी नेट परीक्षाओं को लेकर हंगामा चल रहा है और केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जांच की जा रही है। दरअसल नीट परीक्षा में पेपर लीक होने का शक है। वहीं यूजीसी नेट की परीक्षा सरकार ने रद्द कर दी है। सरकार का कहना है कि यूजीसी नेट का पेपर डार्कनेट पर लीक हो गया था, जिसके चलते परीक्षा के अगले दिन ही परीक्षा को रद्द करने का आदेश जारी कर दिया गया। विपक्ष और सामाजिक संगठन नीट यूजी का पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे हैं और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार ने नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। बिहार पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पूछताछ में स्वीकार किया कि परीक्षा से एक दिन पहले ही पेपर लीक हो गया था। पुलिस अब सॉल्वर गैंग के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

### अचानक रात में गिर गया पुल का 40 फीट लंबा हिस्सा

# मोतिहारी में गिरा निर्माणाधीन पुल, एक हफ्ते में तीसरी घटना

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। एक सप्ताह के अंदर बिहार में अब तीसरा पुल हादसा हुआ है। इस बार पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा निमाणाधीन पुल भरभरा कर गिर गया। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लोग बिहार सरकार पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड अमावा से चैनपुर स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर बन रहे पुल की ढलाई का काम कई दिनों से चल रहा था। शनिवार को पूल के एक हिस्से की ढलाई भी हुई थी। अचानक रात में करीब 40 फीट लंबा हिस्सा गिर गया।

**पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया:** लोगों का कहना है कि पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया था। पुल में इस्तेमाल की गई सामग्रियों की गुणवत्ता काफी खराब है। इसलिए अररिया के बकरा नदी पर जैसे पुल हादसा हुआ था, वैसा ही हाल यहां भी हुआ।लोगों ने कहा कि अब सवाल उठता है कि ढलाई के वक्त ही पूल ध्वस्त हो जा रहा है। इसकी गुणवत्ता क्या होगी? इसके लिए कौन जिम्मेवार है? बिहार सरकार इस मामले की जांच करे और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करे।



**हादसे के विरोध में लोगों ने जमकर नारेबाजी की:** इधर, पुल हादसे के विरोध में लोगों ने जमकर नारेबाजी की। गिरे हुए पुल के सामने ग्रामीण खड़े हो गए इसके बाद नारेबाजी करने लगे। उनका कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड के अमवा से चैनपुर स्टेशन जाने वाली सड़क में 40 फीट पुल बनने का काम चल रहा था। ढलाई के कुछ घंटे बाद ही पुल ध्वस्त हो गया। उन्होंने बताया कि आरसीसी पुल का निर्माण धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा करवाया जा रहा है।

**22 जून को सीवान में गिरा था पुल:** सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर पुल अचानक गिर गया। दरअसल, शनिवार सुबह अचानक पुल का एक पाया धंसने लगा। देखते ही पुल नहर में समा गया। हादसे के बाद दो गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग पुल के निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं।

**18 जून को बकरा नदी पर बना पुल गिरा था:** बता दें कि 18 जून को अररिया जिले सिकटी प्रखंड में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त हो गया था। 182 मीटर का पुल कुल तीन हिस्सों में बना था। दो पाए के साथ दो हिस्सा नदी में समा गया।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के तहत बने इस पुल की लागत 7.79 करोड़ रुपये थी। 182 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण 2021 में शुरू हुआ था। शुरूआती दौर में यह 7 करोड़ 80 लाख की लागत का था, लेकिन बाद में नदी की धारा बदलने और एप्रोच सड़क को लेकर कुल 12 करोड़ की लागत का हो गया था।

## पुल गिरे, भ्रष्टाचार के गुल खिले : तेजस्वी

पटना। पटना। बिहार में पुल ढहने की घटना पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए सरकार पर निशाना साधा है। तेजस्वी ने कहा कि, पुल गिरे, भ्रष्टाचार के गुल खिले। 18 वर्षों के मुख्यमंत्री और बेचारे दो-दो उपमुख्यमंत्री तो इन सबके बारे में जानते ही नहीं है। जानकर कर भी क्या लेंगे? ज्यादा से ज्यादा क्या होगा? डबल इंजनधारी लोग कह देंगे कि पुल खुदकुशी कर रहे है या चूहे पुल कुतर रहे है। तेजस्वी यादव ने इसके साथ एक वीडियो भी शेयर किया है जिसमें दिखाया गया है कि कैसे 6 दिनों में तीन पुल धराशाई हो गए हैं। बता दें कि, 18 जून को अररिया में, 22 जून को सिवान में तो वहीं आज यानी 23 जून को मोतिहारी में पुल भरभराकर गिर गया है।

# यौन शोषण मामले में जदएस विधान पार्षद सूरज रेवन्ना गिरफ्तार

प्रात : किरण

हासन/एजेंसी। कर्नाटक पुलिस ने जनता दल (एस) के विधान परिषद सदस्य और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते सूरज रेवन्ना को जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के मामले में गिरफ्तार किया है। सूरज रेवन्ना, सेक्स वीडियो मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी और पूर्व जद(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई हैं। सूरज रेवन्ना को हासन जिले के होलेनरसीपुरा ग्रामीण पुलिस ने रविवार सुबह गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद शनिवार रात वह पुलिस के सामने पेश हुए थे। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात सूरज रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।



जद(एस) के एक पुरुष कार्यकर्ता ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इस संबंध में पूछताछ के लिए उन्हें थाने बुलाया गया था। पुलिस ने सूरज रेवन्ना के खिलाफ आईपीसी की धारा 377 (अप्राकृतिक यौन संबंध), 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत एफआईआर दर्ज की थी। पीड़ित ने डीजीपी और हासन पुलिस अधीक्षक दोनों के कार्यालय में अपनी शिकायत भेजी थी। शिकायत की प्रति मिलने के बाद पुलिस ने मामले को क्षेत्राधिकार वाले होलेनरसीपुरा ग्रामीण थाने को स्थानांतरित कर दिया था। पुलिस ने शिकायतकर्ता से संपर्क कर उसका बयान दर्ज किया था। पुलिस ने पीड़ित की मेडिकल जांच भी कराई है।

## परीक्षण

### परीक्षण में इसरो ने लैंडिंग इंटरफेस और तेज गति में विमान की लैंडिंग की स्थितियों की जांच की

# इसरो का कीर्तिमान, दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले विमान की तकनीक का तीसरा परीक्षण भी सफल

प्रात : किरण

बंगलूरू/नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने रविवार को बताया कि उसने अपनी रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (प्रक्षेपण यान को दोबारा इस्तेमाल इस्तेमाल करने की तकनीक) का तीसरी बार सफल परीक्षण किया। इसरो ने बताया कि इस बार ज्यादा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रक्षेपण यान का परीक्षण किया और वह सभी मानकों पर खरा उतरा। इस परीक्षण में इसरो ने लैंडिंग इंटरफेस और तेज गति में विमान की लैंडिंग की स्थितियों की जांच की। इस परीक्षण के साथ ही इसरो ने आज के समय की सबसे अहम तकनीक में से एक को हासिल करने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा दिया है।

**रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक का तीसरा सफल परीक्षण:** इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल का तीसरा और अंतिम





परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में रविवार सुबह 7.10 बजे किया गया। इससे पहले इसरो रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के दो सफल परीक्षण कर चुका है। तीसरे परीक्षण में प्रक्षेपण यान को ज्यादा ऊंचाई से छोड़ा गया और इस दौरान तेज हवाएं भी चल रहीं थी, इसके बावजूद प्रक्षेपण यान पुष्पक ने पूरी सटीकता के साथ रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग की।

**चिनूक हेलीकॉप्टर से हवा में छोड़ा गया प्रक्षेपण यान पुष्पक:** परीक्षण के दौरान वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से प्रक्षेपण यान पुष्पक को साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। इसके बाद प्रक्षेपण यान पुष्पक ने स्वायत तरीके से रनवे पर सफल लैंडिंग की। लैंडिंग के दौरान यान की गति करीब 320 किलोमीटर प्रतिघंटे थी। बता दें कि एक कमर्शियल विमान की लैंडिंग के वक्त स्पीड 260 किलोमीटर प्रतिघंटे और एक लड़ाकू विमान की गति करीब 280 किलोमीटर प्रतिघंटे होती है। लैंडिंग के वक्त पहले ब्रेक पैराशूट की मदद से प्रक्षेपण यान की गति को घटाकर 100 किलोमीटर प्रतिघंटे पर लाया गया और फिर लैंडिंग गीयर ब्रेक की मदद से रनवे पर विमान को रोका गया।

**तकनीक की मदद से अंतरिक्ष मिशन की लागत घटेगी:** परीक्षण के दौरान यान के रूडर और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की भी कार्यक्षमता की जांच की गई। भविष्य में प्रक्षेपण यान को अंतरिक्ष में भेजने और उसे वापस सुरक्षित धरती पर उतारकर फिर से अंतरिक्ष में भेजने के लिहाज से यह तकनीक बेहद अहम है। इस तकनीक की मदद से इसरो की लागत में काफी कमी आएगी क्योंकि किसी भी अंतरिक्ष मिशन में प्रक्षेपण यान की लागत काफी ज्यादा होती है और अभी एक बार इस्तेमाल होने के बाद यान को दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जाता। अब रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक की मदद से अंतरिक्ष में बढ़ रहे कचरे की समस्या से भी निपटा जा सकेगा।

रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के लैंडिंग परीक्षण के दौरान यान में मल्टी-सेंसर फ्यूजन का उपयोग किया गया, जिसमें इनर्शियल सेंसर, रडार अल्टीमीटर, फ्लश एयर डेटा सिस्टम, स्यूडोलाइट सिस्टम और एनएवीआईसी जैसे सेंसर शामिल हैं। इसरो का कहना है कि इस परीक्षण में भी पिछले परीक्षणों के दौरान इस्तेमाल की गई यान की बॉडी और उड़ान प्रणालियों का फिर से इस्तेमाल किया गया, जो इसरो की डिजाइन क्षमता को दशार्ता है।विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के नेतृत्व में इस मिशन में इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी), इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) और सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी), श्रीहरिकोटा भी शामिल रहे। साथ ही वायुसेना के तकनीकी विभाग के साथ ही आईआईटी कानपुर, नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेट्री, इंडियन एयरोस्पेस इंडस्ट्रियल पार्टनर्स, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी अहम सहयोग किया।

# पेपर लीक, रद्द या स्थगित होना बन गई है भाजपा सरकार की कार्यशैली : कांग्रेस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को कहा कि बड़ी परीक्षाओं को पेपर लीक के कारण रद्द करना मोदी सरकार की कार्यशाली बन गई है लेकिन पेपर रद्द करना और अधिकारियों को बदलना इस समस्या का समाधान नहीं है इसलिए इस दिशा में भेदभाव रहित तरीके से काम करने और सबके हित कदम उठाने की जरूरत है। श्री खड़गे ने कहा, नीट घोटाले में ज़िम्मेदारी सरकार के शीर्ष अधिकारियों के इर्दगिर्द आकर रुकती है। नौकरशाहों में फेरबदल करना भाजपा द्वारा बर्बाद शिक्षा प्रणाली की समस्या का समाधान नहीं है। एनटीए को एक स्वायत्त निकाय के रूप में पेश किया गया था लेकिन वास्तव में इसे भाजपा तथा आरएसएस के कुटिल हितों की पूर्ति के लिए बनाया गया था। छात्रों को न्याय दिलाने के लिए मोदी सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, नीट-



पीजी परीक्षा स्थगित कर दी गई है। पिछले 10 दिनों में चार परीक्षाएं या तो रद्द या स्थगित की गई हैं। पेपर लीक, भ्रष्टाचार, अनियमितताएं और शिक्षा माफिया ने हमारी शिक्षा प्रणाली में घुसपैठ कर ली है। देर से की गई लीपापोती की कवायद का अब कोई फायदा नहीं है क्योंकि अनगिनत युवा इससे पीड़ित हैं।

श्रीमती वाड्रा ने कहा, नीट-पीजी पेपर लीक, नीट-पीजी रद्द, यूजीसी-नेट रद्द, सीएसआईआर-नेट रद्द। आज ये देश की कुछ सबसे बड़ी परीक्षाओं का हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढाँचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है। लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में देश की शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंप देने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपसों से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा- व्यवस्था की पहचान बना दिया है। हालत ये हो गई है कि भाजपा सरकार साफ-सुथरे ढंग से एक परीक्षा तक नहीं करा सकती। उन्होंने कहा, आज युवाओं के भविष्य के सामने भाजपा सरकार एकमात्र सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ी हो चुकी है। देश के काबिल युवा अपना सबसे कीमती समय, सारी ऊर्जा भाजपा के भ्रष्टाचार से लड़ने में गवां रहे हैं और मजबूर मोदी जी सिर्फ तमाशा देख रहे हैं।

राहुल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अब नेट-पीजी भी स्थगित! यह नरेन्द्र मोदी के राज में बर्बाद हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का एक और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है। भाजपा राज में छात्र अपना करियर बनाने के लिए पढ़ाई नहीं, अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
नई दिल्ली, सोमवार, 24 जून, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### युवकों से दो खुखरी बरामद, गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** कोतवाली पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दो युवकों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एसएस बिष्ट ने बताया कि बीते 21 जून की देर रात्रि को जंगलात बैरियर के समीप संदिग्ध रूप से घूम रहे दो युवकों को रोककर तलाशी ली गई। युवकों के पास से दो खुखरी बरामद की गई। आरोपियों की पहचान लखविंदर सिंह निवासी गिल, गलखुर्द, फिरोजपुर, पंजाब व हरप्रीत सिंह निवासी ख्वाजा खड़ग, शकूर, गलखुर्द, फिरोजपुर, पंजाब के रूप में की गई है। जिनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

### एबीवीपी ने किया एनटीए का पुतला दहन

**ऋषिकेश, एजेंसी।** प्रवेश परीक्षाओं में अनियमितता और पेपर लीक के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ऋषिकेश इकाई ने विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का पुतला दहन किया। शनिवार को पं. ललित मोहन शर्मा श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय ऋषिकेश परिसर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने एनटीए के खिलाफ प्रदर्शन किया। एबीवीपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनिरुद्ध शर्मा ने कहा कि छात्र अभी नीट परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण के सदमे से बाहर भी नही पाए थे कि शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी नेट परीक्षा को निरस्त कर दिया। यह मेधावी छात्रों के लिए अत्यंत पीड़ादायक विषय है।

### व्यवस्था धड़ाम, चारों तरफ जाम

**ऋषिकेश, एजेंसी।** वीकेंड पर वाहनों का रेला आने से व्यवस्था धड़ाम हो गया। चारों तरफ जाम लग गया। हाईवे से लेकर आंतरिक सड़क और गलियों में लंबी-लंबी लाइनें लगी रही। जाम के कारण स्थानीय लोगों के साथ ही सैलानियों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। ऋषिकेश और तपोवन से वाहनों को नरेंद्रनगर डायवर्ट किया गया। देर शाम तक हाईवे पर वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे। वीकेंड पर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश के वाहनों की भीड़ आने के कारण सुबह आठ बजे से पुलिस ने नेपालीफार्म से वाहनों को भानियावाला डायवर्ट किया। यह वाहन भानियावाला से रानीपोखरी, नटराज चौक होते हुए तपोवन, शिवपुरी पहुंचे।

### कार की टक्कर से फ्लाईओवर के नीचे गिरा युवक, तीन घायल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** हरिद्वार-ऋषिकेश मार्ग पर नेपालीफार्म स्थित फ्लाईओवर पर बाइक सवार तीन युवकों को कार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक छिटककर फ्लाईओवर से नीचे जा गिरा। सभी घायलों को एम्स में भर्ती कराया गया है। शनिवार सुबह सात बजे ऊधमसिंहनगर निवासी विनय, विशाल और आदित्य अपनी बाइक से ऋषिकेश की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह नेपालीफार्म स्थित फ्लाईओवर पर पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति से आ रही हरियाणा नंबर की कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस दौरान बाइक पर सवार विशाल छिटककर फ्लाईओवर से नीचे जा गिरा। आदित्य और विनय भी घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। विशाल की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र चौहान ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हुए हैं। अभी तक किसी की ओर से तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलते ही मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क डामरीकरण और पुल के लिए ग्रामीण मुखर

**मूनाकोट (पिथौरागढ़), एजेंसी।** धारी, बेलतड़ी, क्वारबन सड़क पर डामरीकरण और पुल की मांग को लेकर ग्रामीण 24 जून से फिर आंदोलन शुरू करेंगे। शनिवार को गांव में बैठक हुई जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता दयाकिशन भट्ट ने कहा कि लंबे समय से मांग के बावजूद सड़क पर डामरीकरण और पुल का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। इसके चलते ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। कहा कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में ललित बोरा, फकीर सिंह, महेंद्र राम, दिलीप बोरा, जीवानंद भट्ट आदि मौजूद रहे।

# नैनीताल में झूमकर बरसा प्री मानसून, पर्यटक रोमांचित...लगेगी मानसूनी बारिश की झड़ी

**नैनीताल, एजेंसी।** सरोवर नगरी में शनिवार को प्री मानसून शावर झूमकर बरसे। इससे यहां का मौसम सुहावना हो चला है। इस बीच देश के विभिन्न हिस्सों से यहां सैर सपाटे के लिए पहुंचे पर्यटकों ने प्री मानसूनी वर्षा का भरपूर लुत्फ उठाया और अपनी यात्रा को यादगार बनाया।

इधर मौसम विभाग ने 25 जून से राज्य में मानसूनी वर्षा शुरू होने की पूर्वानुमान जारी कर दिया है। पहाड़ों पर लंबे इंतजार के बाद सूखे का टोटा अब खत्म होने जा रहा है। यहां प्री मानसून शावर बरसने लगे हैं। शनिवार सुबह धूप खिलने के बाद नैनीताल में एकाएक बादल छा गए और दोपहर में वर्षा शुरू हो गई। कभी तेज तो कभी हल्की वर्षा यहां कई बार हुई। मौसम का अचानक मिजाज बदलने से यहां नैनी झील में नौकायन कर रहे और माल रोड व पंत पार्क पार्क तथा तिब्बती बाजार में टहल रहे सैलानियों को फजीहत का सामना करना प?ा। हालांकि इस बीच कई पर्यटकों ने वर्षा में भीगकर खूब मस्ती भी की। शहर में ऊंचाई वाले पर्यटन स्थलों की सैर पर गए अधिकांश सैलानी इस दौरान बुरी तरह भीग गए। बारिश थमने के बाद भी यहां काफी



देर तक घने बादल आसमान में डेरा डाले रहे। इससे तापमान में गिरावट आ चली है। मौसम विभाग के निदेशक डा. बिक्रम सिंह के मुताबिक अब यहां वर्षा का दौर जारी रहेगा। मानसून अपने निश्चित समय पर पहुंचने जा रहा है। आगामी तीन दिन बाद मानसून दस्तक दे देगा। इस बार मानसूनी वर्षा की मात्रा अधिक रहने की संभावना है।

जून व जुलाई में वर्षा की मात्रा सामान्य रहने की उम्मीद है और अगस्त व सितंबर में अधिक पानी बरसेगा। उन्होंने बताया कि 25 से 27 जून के बीच मानसून पूरे राज्य में पहुंच जाएगा। इधर आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के पर्यावरण विज्ञानी डा. नरेंद्र सिंह के अनुसार इस बार ला नीना का खासा असर मानसून में देखने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

## वीकेंड पर जागेश्वर धाम में उमड़े श्रद्धालु, पार्किंग पैक

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** वीकेंड पर जागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। देश-विदेश से श्रद्धालु धाम पहुंचे और बाबा जागनाथ के दर्शन किए। श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से पार्किंग पैक रही और वाहनों को सड़क किनारे पार्क करना पड़ा। स्थानीय होटल और होम स्टे में जगह न मिलने से कई श्रद्धालुओं को 45 किमी दूर जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ी। वीकेंड पर छह हजार से अधिक श्रद्धालु जागेश्वर धाम पहुंचे। शनिवार को नगर समेत जागेश्वर, चितई, बिनसर, कसारदेवी समेत आसपास के पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार रहे। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, राजस्थान समेत कई राज्यों से श्रद्धालु जागेश्वर धाम पहुंचे। भीड़ अधिक होने से श्रद्धालुओं को बाबा जागनाथ के दर्शन के लिए लाइन में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। वाहनों का दबाव बढ़ने से आरतोला में बनी अस्थायी पार्किंग पैक हो गई। ऐसे में आरतोला से जागेश्वर धाम तक तीन किमी दायरे में सड़क किनारे वाहनों को पार्क करना पड़ा। पार्किंग की क्षमता 100 वाहनों की है जबकि वीकेंड पर यहां 600 से अधिक वाहन पहुंचे इससे पुलिस को व्यवस्था बनाने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ को भी व्यवस्थित करने के लिए पुलिस कर्मी जुटे रहे। दन्या थानाध्यक्ष विजय नेगी ने बताया वीकेंड पर पर्यटकों की संख्या बढ़ने से पार्किंग पैक हो गई थी। यातायात व्यवस्था बनाने के लिए सड़क किनारे वाहनों को पार्क करना पड़ा।



## सिटोली के जंगल में लगी आग



**गरुड़ (बागेश्वर), एजेंसी।** बैजनाथ रेंज के सिटोली का जंगल आग से धधक उठा। इससे ग्रामीणों की हजारों रुपये की जलाऊ लकड़ी और फलदार पेड़ों को क्षति पहुंची है। फायर, वन कर्मी और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बैजनाथ रेंज के सिटोली के जंगल में शुक्रवार दोपहर आग लग गई। सूचना मिलते ही ग्रामीण कनस्तर और बाल्टी से पानी लेकर घटना स्थल पर पहुंचे। आग नियंत्रित नहीं होने पर ग्रामीणों ने फायर सर्विस बैजनाथ को सूचना दी। ग्रामीणों के सहयोग से फायर और वन कर्मियों ने आग नियंत्रित की। बैजनाथ के रेंजर सुरेंद्र सिंह नेगी ने ग्रामीणों को जंगलों में आग न लगाने की हिदायत दी है। कहा कि आग लगाते कोई पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सिटोली के ग्रामीणों का कहना है कि फायर और वन कर्मी आग बुझाने कुछ देर में आते तो सिटोली गांव के कई घर आग में चपेट में आ जाते। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से क्षति का आंकलन कर बागान स्वामियों को मुआवजा देने की मांग की है।

## पंत विवि – स्नातक प्रवेश परीक्षा में अल्मोड़ा के रूपक टॉपर

**पंतनगर, एजेंसी।** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में मास्टर्स, पीएचडी, स्नातक व एमसीए की प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। स्नातक स्तरीय प्रवेश परीक्षा में हवालबाग अल्मो?ा के रूपक सिंह ने 506 अंक लेकर टॉप किया। स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में पंतनगर निवासी धृति होरे ने 470 अंकों के साथ टॉपर रहीं। एमसीए में जवाहरनगर के गौरव कुमार सिंह 375 अंकों के साथ अव्वल रहे। स्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षा में 9651 में 7814, मास्टर्स प्रोग्राम के 1228 में 1008, एमसीए प्रोग्राम के लिए 117 में 96 और पीएचडी प्रोग्राम के लिए 625 में 474 प्रवेशार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। शनिवार को परीक्षा नियंत्रक डॉ.



राजीव सिंह ने बताया कि कुलपति डॉ.एमएस चौहान की अनुमति के बाद परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। इनमें स्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षा में थापनियां हवलबाग अल्मो?ा निवासी रूपक सिंह ने स्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षा में 600 में 506 अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया। लोहाघाट चंपावत निवासी इशिता बोहरा ने 495 अंक के साथ दूसरा और कुसुमखे?ा हल्द्वानी निवासी प्रतीक पांडे ने भी 495 अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। स्नातकोत्तर की प्रवेश परीक्षा में पंतनगर विवि परिसर की टा कॉलोनी निवासी धृति होरे 470 अंकों के साथ अव्वल रही। धृति पंतनगर विवि में बीएससी फिशरीज की छात्रा हैं। देहरादून निवासी ऐमी सजवाण 392 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। ऐमी दून विवि में लाइफ साइंस की छात्रा हैं। कुमाऊं विवि में लाइफ साइंस की छात्रा कुसुमखे?ा हल्द्वानी निवासी शिप्रवी ने 380 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। एमसीए की प्रवेश परीक्षा में जवाहरनगर निवासी गौरव कुमार सिंह ने 375 अंक लेकर पहला स्थान पाया। गौरव कुमाऊं विवि में एमएससी गणित के छात्र रहे हैं। ग्राफिक एरा हिल विवि में बीसीए के छात्र हल्दूचौ? लालकुआं निवासी गौरव पाठक ने 371 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली विवि में अध्ययनरत

## वर्षा हत्याकांड में अब वो कौन थी का एंगल

**जसपुर, एजेंसी।** राजस्थान में ले जाकर की गई जसपुर निवासी वर्षा की हत्या के मामले में मृतका के पति और गाड़ी चालक की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस उस युवती की तलाश में जुट गई है, जिससे अवैध संबंधों के कारण पति ने हत्या की बात कबूली है। अभी तक युवती को पहचाना नहीं जा सका है। राजस्थान पुलिस ने जांच में आए तथ्यों के आधार पर दावा किया है कि गोली मारने से पहले गाड़ी में ही गला घोट कर वर्षा की हत्या की गई थी उसके बाद लाश को ठिकाने लगाने के लिए सड़क किनारे डालने के बाद उसे दो गोलियां मारी गई थी। बुधवार को राजस्थान के पाली जिले के थाना सोजत सिटी के बिलाड़ा मार्ग से वर्षा पत्नी विशाल निवासी मोहल्ला गुजरातियान जसपुर का शव मिला था। मृतका के भाई हिमाशूं पुत्र यशपाल निवासी ग्राम उदयपुर थाना रेह? (बिजनौर) ने शव की शिनाख्त कर वर्षा के पति विशाल कुमार पुत्र संजय सिंह, ससुर संजय सिंह, सास रजनी देवी, देवर अभिषेक, देवरानी अंजली निवासी जसपुर कार चालक मन्नू निवासी ग्राम मंडुआखेड़ा जसपुर के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने पति विशाल एवं कार चालक मोहित उर्फ मन्नू को हिरासत में ले रखा है। कार में तीसरा युवक या युवती कौन थी, उसके बारे में जांच की जा रही है।

## पंतनगर एयरपोर्ट पर राज्यपाल का स्वागत

**रुद्रपुर, एजेंसी।** राज्यपाल गुरमीत सिंह रि.लेफ्टिनेंट जनरल ऊधमसिंह नगर व चंपावत जिले के दो दिनी भ्रमण के लिए शनिवार को पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां डीएम उदयराज सिंह व एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। साथ ही राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी भी दी गई। शनिवार को राज्यपाल पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। जहां डीएम उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ मनीष कुमार, एसपी सिटी मनोज कत्याल, पुलिस उपाधीक्षक निहारिका तोमर ने राज्यपाल का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद एयरपोर्ट विश्राम कक्ष में कमांडेंट ईस्टर्न कमांड लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने राज्यपाल से शिष्टाचार वार्ता की और अनुभव साझा किए। राज्यपाल रात्रि विश्राम तराई भवन में करेंगे। इसके बाद रविवार सुबह नौ बजे तराई भवन से चंपावत जिले के बनबसा के लिए कार से रवाना होंगे। वहां सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा, एसडीएम मनीष बिष्ट, अभय प्रताप सिंह, राकेश तिवारी आदि थे।



## मानवता की पीड़ा को कम करने में रेडक्रॉस की अहम भूमिका – बहुगुणा

**बागेश्वर, एजेंसी।** प्रदेश के पशुपालन, कौशल विकास और रोजगार मंत्री सौरभ बहुगुणा ने रेडक्रॉस सोसायटी के भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने समिति को मानवता की पीड़ा कम करने के लिए कार्य करने का सबसे बड़ा मंच बताया और समर्पण भाव से पीड़ितों की मदद के लिए कार्य कर रहे स्वयंसेवियों की सराहना की। शनिवार को कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने गाड़गांव में बने भवन का लोकार्पण करते हुए कोरोना काल में समिति की ओर से किए गए कार्यों को याद किया। कहा कि जब अपने सगे भी दूर हो चले थे, ऐसे समय में रेडक्रॉस कार्यकर्ताओं ने लोगों की मदद की। गांव-गांव तक राशन, दवाइयां पहुंचाईं। पूरा किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने भवन की दीवार में रेडक्रॉस से जुड़े चित्र अंकित करने वाली शिक्षिका राजेश्वरी कार्की और शिक्षक हिमांशु



चौबे को सम्मानित किया। संचालन समिति के जिला सचिव आलोक पांडेय ने किया। इस मौके पर उत्तराखंड पीएमजीएसवाई अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष/वाइस चेयरमैन इंद्र सिंह फर्स्वाण, रेडक्रॉस समिति के चेयरमैन संजय साह जगाती, प्रदेश प्रतिनिधि दीपक पाठक, कोषाध्यक्ष जगदीश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## नैनीताल और रामनगर में बारिश, गर्मी से राहत

**नैनीताल/रामनगर, एजेंसी।** शहर में शनिवार सुबह से बादल छाए थे। दोपहर में अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। इस बीच सैलानियों ने बारिश से बचने के लिए होटल, रेस्टोरेंट और दुकानों में शरण ली। बारिश से मौसम में ठंडक भी बढ़ गई। उधर, रामनगर में शनिवार दोपहर करीब एक घंटे झमाझम बारिश हुई। झमाझम बारिश से जहां से लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं आम कारोबारियों के चेहरे भी खिल गए। उद्यान विभाग के प्रभारी अर्जुन सिंह परवाल ने बताया कि अच्छी बारिश हुई है। बारिश से आम का आकार बढ़ने के साथ उसमें मीठा भी आएगी। मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के पूर्वानुमान को देखते हुए अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने आपदा से निपटने के लिए जिले के अधिकारियों को अलर्ट किया है। एडीएम ने लोनिवि के सभी खंडों को संवेदनशील मार्गों पर जेसीबी मशीन एवं गैंग कार्मिकों की तैनाती करने, वैकल्पिक मार्गों को यातायात हेतु सुगम रखने, नगरीय क्षेत्रों में जलभराव और प्रमुख मार्गों पर रपटों में सुरक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

## खिलाड़ियों ने ताइक्कांडो, हैंडबॉल और बैडमिंटन में दिखाया दम

**बागेश्वर, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद के तहत ताइक्कांडो, हैंडबाल और बैडमिंटन प्रतियोगिता कराई गई। विजेताओं को 23 जून को होने वाले समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। समापन समारोह से पूर्व उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन नुमाइशखेत से स्टेडियम तक सद्भावना दौड़ का आयोजन करेगा। ताइक्कांडो प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के अलग-अलग भार वर्ग में डॉली फर्स्वाण, लता कोरंगा, हर्षिता तिवारी, सुमन नेगी, अलीषा मनराल, रितिका बिष्ट विजेता जबकि प्रतिज्ञा, प्रियंका कोरंगा, कंगना खड़ाई, स्नेहा धामी, ज्योति रावत, करुणा कार्की उपविजेता रहे। संचालन खेल प्रभारी कमलेश तिवारी ने किया। बालक वर्ग की हैंडबॉल प्रतियोगिता में बनलेख की टीमों का दबदबा रहा। राइंका बनलेख की ए टीम ने राइंका बनलेख की बी टीम को 10-07 के स्कोर से पराजित कर खिताब जीता। हैंडबॉल का संचालन खेल प्रभारी कुंदन कालाकोटी ने किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में फाइनल की टीमें तय हो गई हैं। बालिका वर्ग के युगल का फाइनल मैच हिमांश-ज्योति और पूजा आर्या-निकिता की टीम के बीच होगा। पुरुष युगल का फाइनल मैच शंकर गढ़िया-करन और गर्वित लोहनी-विनोद दानू की टीम के बीच खेला जाएगा। मिश्रित युगल का फाइनल मैच भारत-निकिता और शुभम-ज्योति की टीम के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता के प्रभारी कमलेश तिवारी ने बताया कि आज होने वाली सद्भावना दौड़ में 500 से अधिक लोग शामिल होंगे। समापन समारोह में उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. वीके सिंह भी मौजूद रहेंगे।



# अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह का तीसरा दिन, दिल्ली के हक का पानी मिलने तक जारी रहेगा जलमंत्री आतिशी का अनशन

● हथिनीकुंज बैराज के जिस गेट से दिल्ली के लिए पानी आता है, वहां पानी भरा है, लेकिन हरियाणा ने गेट बंद कर दिया है- आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




हरियाणा की भाजपा सरकार से दिल्ली को उसके हक का पानी दिलाने को लेकर दिल्ली की जलमंत्री आतिशी का पानी सत्याग्रह रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। जलमंत्री के सत्याग्रह को दिल्ली की जनता का भी समर्थन मिल रहा है। भोगल आरडब्ल्यूए ने सत्याग्रह स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। साथ ही, लोग सत्याग्रह स्थल पर पहुंचकर आतिशी का मनोबल बढ़ाया। वहीं, आप के सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज व इमरान हुसैन और वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह समेत कई नेता भी सत्याग्रह में शामिल हुए। आतिशी ने एक वीडियो संदेश जारी कर दिल्लीवालों से कहा कि जब तक हरियाणा सरकार हथिनीकुंड बैराज का गेट खोलकर दिल्ली को उनके हक का पानी नहीं देगी, तब तक उनका अनिश्चितकालीन सत्याग्रह जारी रहेगा। वहीं, सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के हक के लिए सत्याग्रह पर बैठीं जलमंत्री आतिशी का भाजपा वाले मजाक बना रहे हैं। दिल्लीवाले सब देख रहे हैं और विधानसभा चुनाव में भाजपा का मजाक बनाएंगे।

हरियाणा से 100 एमजीडी पानी कम मिलने से दिल्ली के 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल रहा है- आतिशी जलमंत्री आतिशी ने कहा कि आज मेरे अनिश्चितकालीन अनशन का तीसरा दिन है। मैं इस अनशन पर इसलिए बैठी हूं, क्योंकि दिल्ली में पानी का बहुत संकट है। दिल्ली में पानी की बहुत कमी है। दिल्ली में अपना पानी नहीं है। यहां सारा पानी पड़ोसी राज्यों से आता है। दिल्ली में 1005 एमजीडी पानी की जरूरत होती है। इसमें से 613 एमजीडी पानी प्रतिदिन हरियाणा से आता है, लेकिन पिछले 3 हफ़्ते से हरियाणा ने पानी छोड़ना कम कर दिया है। हरियाणा सिर्फ 513 एमजीडी पानी दे रहा है। हरियाणा से दिल्ली को रोजाना 100 एमजीडी पानी कम मिल रहा है। एक एमजीडी से 28,500 लोगों को पानी मिलता है। 100 एमजीडी कम पानी मिलने से दिल्ली के 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।

हरियाणा सरकार कह रही है कि उसके पास पानी नहीं है, जबकि हथिनीकुंड बैराज में पानी भरा हुआ है-आतिशी ने कहा कि हरियाणा सरकार कहती है कि उनके पास पानी नहीं है, तो वो दिल्ली को पानी कहा से दे। लेकिन शनिवार को जब कई मीडियाकर्मी हथिनीकुंड बैराज गए, तो वहां साफ-साफ देखने को मिला कि हथिनीकुंड बैराज में पानी भरा हुआ है। यहीं से दिल्ली को पानी छोड़ा जाता है। जिस गेट से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, उसको बंद किया गया है। उन्होंने हरियाणा से विनती करते हुए कहा कि वो हथिनीकुंड बैराज के दरवाजे खोले और दिल्लीवालों के हक का पानी दे। दिल्लीवालों को उनके हक का पानी मिलना चाहिए। जब तक हरियाणा सरकार दिल्लीवालों को उनके हक का पानी नहीं देगी, तब तक उनका अनिश्चितकालीन सत्याग्रह जारी रहेगा।

हरियाणा 100 से 117 एमजीडी पानी कम दे रहा है, इससे 28-31 लाख लोगों को पानी की समस्या हो रही- संजय सिंह इस दौरान सांसद संजय सिंह ने कहा कि आज हम दिल्ली की पानी की समस्या को लेकर एलजी साहब से मिले और आंकड़े रखकर उनको बताया कि हरियाणा कम पानी दे रहा है। हरियाणा सरकार किसी दिन 100, किसी दिन 113, तो किसी दिन 117 एमजीडी पानी कम दे रही है। इससे दिल्ली के 28 से 31 लाख लोगों को पानी की समस्या हो रही है। एलजी साहब ने आश्वस्त किया है कि वे हरियाणा सरकार से पानी दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। दिल्ली के लोगों को उनके हक का पानी मिलना चाहिए। मैं भाजपा के लोगों से कहना चाहता हूं कि अगर आपके पास कोई तकनीक है, तो हमारी मदद कीजिए। क्या आप पानी बना सकते हैं? अगर हरियाणा में मोदी जी की डबल इंजन सरकार दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी नहीं देगी, तो दिल्ली में पानी का उत्पादन कैसे होगा? 1994 में दिल्ली के लिए जो पानी की मात्रा तय हुई थी, 30 साल बाद भी दिल्ली के लिए उतना ही पानी निर्धारित है, लेकिन आज हमें उतना भी पानी नहीं दिया जा रहा है।

डॉक्टरों ने कीटोन लेवल पॉजिटिव होने पर आतिशी को अनशन खत्म करने की सलाह दी है, फिर भी वो पूरे साहस के साथ डंटी हैं- संजय सिंह ने कहा कि हम किसी को आलोचना करने से रोक नहीं रहे हैं, लेकिन यह भी सच है कि हमने दिल्ली में 12 हजार किलोमीटर नई पाइपलाइन बिछाई, अनधिकृत कॉलोनियों में नई पाइपलाइन डाली गई। पुरानी पाइप बदलकर लीकेज रोकी गईं। नहरों से पानी की लीकेज को रोकने के लिए 500 करोड़ रुपए खर्च किए गए। 10 साल में हमने जितने काम किए, उसकी कोई सराहना नहीं होती, केवल दिन-रात आलोचना की जाती है। जल मंत्री आतिशी तीन दिन से अनशन पर बैठी हैं, तो उनका भी मजाक उड़ाया जा रहा है। आतिशी अपने लिए कुछ नहीं मांग रही हैं, बल्कि यह आज खुद भूखी रहकर दिल्ली के लोगों के लिए पानी मांग रही हैं। इसमें क्या गलत है? भाजपा के लोग मजाक उड़ा रहे हैं, लेकिन दिल्ली की जनता सब देख रही है। विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता भी ऐसे ही भाजपा का मजाक उड़ाएगी। जब तक पानी नहीं मिल जाता, हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी। डॉक्टरों ने अपनी जांच रिपोर्ट में आतिशी का कीटोन लेवल पॉजिटिव बताया है। उन्होंने सलाह दी है कि वह अपना अनशन खत्म कर दें। उनका ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल नीचे चला गया है। लेकिन इसके बावजूद आतिशी दिल्ली के हक के लिए पूरे साहस के साथ अनशन पर बैठी हैं।

जब पानी मिलने के सारे रास्ते बंद हो गए, तब जलमंत्री ने दिल्लीवालों के हक के लिए सत्याग्रह करने का फैसला किया- गोपाल राय

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली को इस जल संकट से निकालने के लिए जल मंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा, लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया। जब सारे रास्ते बंद हो गए, तो उन्होंने दिल्लीवालों के हक के लिए पानी सत्याग्रह करने का फैसला किया। जब से जल मंत्री आतिशी अनशन पर बैठी हैं, तब से दिल्ली के एलजी बेचैन हैं और कह रहे हैं कि कुछ लोग पानी के संकट पर राजनीति कर रहे हैं। लेकिन एलजी साहब यह भूल जाते हैं कि वे हरियाणा के नहीं, दिल्ली के एलजी हैं। यह बड़े शर्म की बात है कि दिल्ली के एलजी को दिल्ली के लोगों की चिंता नहीं है। वह हरियाणा की भाजपा सरकार के प्रवक्ता बनकर दिल्लीवालों को कोस रहे हैं। वे भूल गए हैं कि दिल्ली के लोगों के टैक्स के पैसे से उनकी सारी जरूरतें पूरी होती हैं और जब दिल्लीवालों के हक के पानी की लड़ाई छिड़ती है, तो वो हरियाणा की भाजपा सरकार के प्रवक्ता बन जाते हैं। एलजी साहब के बयान से ऐसा लगता है कि वो भी हरियाणा की भाजपा सरकार से मिले हुए हैं तभी वो जलमंत्री के अनशन पर चुप हैं। साथ ही इसमें केंद्र की भाजपा सरकार भी शामिल है।

दिल्ली में सातों सीटें जीतने के बाद भाजपा को अहंकार हो गया है, लेकिन यह सत्याग्रह हम जीतेंगे- गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने भाजपा के सातों सांसद जिताए। जिस दिन चुनाव का परिणाम आया, भाजपा पहले की तरह फिर अपने अहंकार में डूब गई और दिल्ली के लोगों से बदला लेना शुरू कर दिया। 4 जून से पहले दिल्ली में पानी का संकट नहीं था, लेकिन 4 जून के बाद भाजपा ने अपनी हरियाणा सरकार से दिल्ली का पानी रुकवा दिया।

# हमारा पर्यावरण ड्राइंग कॉम्पटीशन का आयोजन हुआ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



जेके फाउंडेशन द्वारा हमारा पर्यावरण विषय पर 6 से 12 वर्ष आयु के बच्चों का ड्राइंग कॉम्पटिशन का आयोजन संस्था के ज्योति नगर दिल्ली स्थित कार्यालय पर किया। इस कंम्पटीशन में 45 बच्चों ने भाग लिया, भाग लेने वाले सभी बच्चों में बहुत ही अधिक उत्साह और जोश दिख रहा था। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा में में प्रतियोगी के रूप में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है, साथ ही वृक्षारोपण एवं उनकी देखभाल के लिए बच्चों को जागरूक किया। बच्चों ने हमारा पर्यावरण विषय पर बहुत ही सुन्दर चित्रकारी की जिसमें से प्रतियोगिता की जज श्री मति पूनम चौधरी जी को यह सुनिश्चित करना मुश्किल हो रहा था कि किस पेंटिंग को प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी में रखा जाएं। फिर भी सर्वाधिक सुंदर प्रथम पेंटिंग किआन जैन को प्रथम पुरस्कार जिसमें बच्चे ने दिखाया कि यदि हम संसाधनों का दुरुपयोग करेंगे तो जीवन कितना कष्ट दायक होगा और संसाधनों का सदुपयोग करेंगे तो हमारा भविष्य का पर्यावरण खुशहाल और स्वस्थ होगा। इसी क्रम में द्वितीय स्थान नवीका और तृतीय श्रेणी में अक्षय चौधरी रहें। इनको सी ए संदीप जैन, एस.के. गोयल, एवं मधु कश्यप ने प्रतीक चिन्ह भेंट किए। इस कार्यक्रम में स्थानीय निगम पार्षद माननीय श्री मुकेश बंसल ने पधार कर प्रतियोगियों का उत्साह वर्धन करतें उन्हें आशिर्वाद दिया और संस्था द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए सर्टिफिकेट और कलर किट देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में सर्वश्री एडवोकेट एस के भारद्वाज, एस के गोयल, प्रीति जैन, रवि कश्यप, अंजलि, प्रशांत, एस के जैन भव्य प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# हरियाणा से 117 एमजीडी पानी कम मिल रहा : आप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को जल संकट को लेकर फिर से हरियाणा सरकार पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार लगातार झूठ बोल रही है। चिंता की बात यह है कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के अनशन पर बैठने से पहले दिल्ली को 100 एमजीडी पानी कम मिल रहा था, लेकिन अनशन पर बैठने के बाद करीब 17 एमजीडी पानी की और कमी आई है। 21 जून के आंकड़ों के आधार पर अब हरियाणा 117 एमजीडी पानी कम दे रहा है।

उन्होंने कहा कि एक एमजीडी पानी करीब 28 हजार लोगों की जरूरतों को पूरा करता है। अब 17 एमजीडी पानी कम आने का मतलब है कि करीब 4 लाख 85 हजार लोगों के हिस्से का पानी बीते दिनों में रोक लिया है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। एक देश, एक चुनाव की बात करने वाले आज टीम इंडिया की बात करने वाले आज अपने ही देश की राजधानी के लोगों को प्यासा मार रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से हरियाणा ने दिल्ली का पानी रोकना शुरू कर दिया। चुनाव से पहले दिल्ली में 1,005 एमजीडी तक शुद्ध पानी की आपूर्ति हो रही थी। वहीं, छह जून के बाद लगातार गिरावट आ रही है। आंकड़ों से साफ है कि हरियाणा से पानी कम मिल रहा है। हमने फ्लोमीटर के आधार पर देखा कि हरियाणा से आने वाले पानी में कमी आई है। हरियाणा की भाजपा सरकार लगातार झूठ बोल रही है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैं और आतिशी दिल्ली के उपराज्यपाल से जल संकट पर मिले थे। बैठक में उन्होंने तीन कैमरे लगा रखे थे। अगर उस वीडियो रिकॉर्डिंग को उपराज्यपाल कार्यालय सार्वजनिक कर दे तो सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। पूरे देश को पता लग जाएगा कि दिल्ली वालों के हकों के लिए कौन खड़ा है और दिल्ली वालों के खिलाफ कौन षड्यंत्र कर रहा है। इसी तरह से उनकी भाजपा सांसदों के साथ भी शनिवार को पानी को लेकर बैठक हुई। जाहिर तौर पर उस भी रिकॉर्ड किया होगा। वह, उस बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग को जारी करें।

# शास्त्री पार्क में कैब ड्राइवर की हत्या का मामला सुलझा, क्राइम ब्रांच ने तीन आरोपियों को दबोचा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शास्त्री पार्क इलाके में कैब ड्राइवर के सनसनीखेज ब्लाइंड मर्डर मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 31 मई को आरोपियों ने शास्त्री पार्क की वाहिद मस्जिद इलाके में शख्स पर ब्लेड से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसकी अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई थी। मृतक की पहचान शास्त्री पार्क के रहने वाले 28 वर्षीय कैब ड्राइवर जौहर अब्बास के रूप में की गई। इस हत्याकांड में शामिल तीनों आरोपियों की पहचान आकाश उर्फ मूसी, योगेश उर्फ बंटी और रोहित के रूप में की गई है। इन सभी को मोटरसाइकिल पर जाते हुए एच ब्लॉक, गोकलपुरी पुलिया के पास से क्राइम ब्रांच की टीम ने धरदबोचा है। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, आठ कारतूस बरामद किये गए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी आकाश उर्फ मूसी ने खुलासा किया कि उसकी पत्नी गाजियाबाद के एक कॉल सेंटर में काम करती थी। कॉल सेंटर के मालिक वकार ने पत्नी के डाक्यूमेंट्स का इस्तेमाल करके एक मोबाइल फोन फाइनेंस किया था। उस वक्त वकार ने वादा किया था कि वह ईएमआई का खर्च उसके अकाउंट में डाल देगा। जब पत्नी ने नौकरी छोड़ दी तो वकार ने पैसे जमा करना बंद कर दिया था। आकाश उर्फ मूसी ने वकार से इस मुद्दे को सुलझाने का आग्रह किया था, लेकिन वकार ने उसके आग्रह को ठुकरा दिया और उसको धमकी भी दी थी। इसके बाद आकाश उर्फ मूसी ने वकार से मिलने का आग्रह किया तो उसने उसे शास्त्री पार्क में बुलाया। फिर मूसी ने अपने दोस्तों को शास्त्री पार्क बुलाया। वकार से मिलने के दौरान शराब का इंतजाम करने को कहा। इस पर वकार ने अपने दोस्त अमन को शराब लाने के लिए उनके साथ भेज दिया। लेकिन रास्ते में अमन ने उनके गलत इरादे भांप कर भाग गया। फिर अमन की तलाश में मूसी वकार से मिलने के लिए वापस शास्त्री पार्क पहुंचे, लेकिन तब तक वकार भी वहां से चला गया था।

इस बीच तीन रहागीर ने आरोपियों के हाथों में चाकू और चॉपर देखा और उनसे भिड़ गए। अज्ञात लड़कों में से एक ने हेलमेट से रोहित के सिर पर हमला कर दिया और आकाश उर्फ मूसी को भी पीटना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में आकाश उर्फ मूसी ने उस लड़के को चाकू मार दिया और मौके से भाग गया। घायल को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बाद में मृतक की पहचान जौहर अब्बास निवासी शास्त्री पार्क दिल्ली के रूप में की गई।

# पानी को लेकर आप मंत्री कैलाश गहलोत के दफ्तर पर भाजपा नेताओं का प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट से लाखों लोग जूझ रहे हैं। इसको लेकर राजनीति भी चरम पर है। राजधानी में मौसम में थोड़े बदलाव के बावजूद पानी की किल्लत खत्म नहीं हुई है। एक तरफ जहां दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी अनशन पर बैठी हैं। वहीं, दूसरी तरफ पानी की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर नजफगढ़ इलाके में भाजपा नेताओं और स्थानीय लोगों ने दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के दफ्तर पर जमकर धरना प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं और स्थानीय लोगों ने लगभग 2 घंटे के प्रदर्शन के दौरान मटके फोड़कर सरकार के प्रति अपना रोष जताया। इसी इलाके से पूर्व विधायक अजीत खडखड़ी का कहना है कि दिल्ली सरकार पानी के मामले में पूरी तरह से फेल हो चुकी है। लोग पानी को लेकर त्रस्त है। कहीं पानी आ भी रहा है तो गंदा पानी आ रहा है। उन्होंने कैलाश गहलोत को लेकर कहा कि वो जब आगामी विधानसभा चुनाव में इलाके में आएंगे तो लोग उनके पीछे जूते लेकर पड़ेंगे। अजीत खड़खड़ी ने यह भी कहा की सिर्फ पानी की ही समस्या नहीं बल्कि अब मानसून दस्तक दे रहा है। इस इलाके में नालों की सफाई नहीं हुई है। मानसून की बारिश के दौरान हर साल की तरह इस बार भी नजफगढ़ डूबेगी। इस धरना प्रदर्शन में इलाके के भाजपा पार्षद अमित खड़खड़ी और अन्य नेताओं के साथ-साथ स्थानीय लोग भी शामिल हुए। इसके आलावा इस प्रदर्शन में मार्केट एसोसिएशन के लोग भी शामिल हुए थे। इन लोगों ने चेतावनी दी अगर जल्द नालों की सफाई नहीं हुई तो यहां फिर से बड़ा प्रदर्शन होगा।

# दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

नई दिल्ली। दिल्ली और आसपास के इलाकों में जोरदार बारिश होने से तपती गर्मी से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में रविवार को तेज हवा के साथ बारिश हुई। इससे पारे में गिरावट आई। फिलहाल रहेगी राहत मौसम विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश और आसपास पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे अगले पांच दिनों में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली में गरज और तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी आंधी-तूफान और गरज के साथ बारिश के आसार हैं। बंगाल की खाड़ी से निचले स्तर पर पूर्वी हवाएं भी चल रही हैं। इससे उत्तराखंड व पूर्वी यूपी में सात दिनों तक छिटपुट बारिश की संभावना है। उत्तराखंड के कुछ इलाकों में 23-25 जून तक व पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों में 24 व 25 जून को भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों में पूर्वी यूपी और छत्तीसगढ़ में मानसून पहुंचने की संभावना जताई है।

# नीट पीजी परीक्षा रद्द होने पर इहबास के प्रोफेसर ने अभ्यर्थियों को पॉजिटिव रहने की दी सलाह

नई दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय द्वारा रविवार को होने वाली नीट पीजी की परीक्षा स्थगित करने के बाद नीट पीजी अभ्यर्थियों में भी रोष है। परीक्षा तिथि से सिर्फ एक दिन पहले अचानक परीक्षा रद्द करने से बहुत से अभ्यर्थी पहले ही अपने-अपने सेंटर वाले शहरों में पहुंच चुके थे, जिससे उनका काफी समय और पैसा बर्बाद हुआ। इसको लेकर भी अभ्यर्थियों में रोष है। लेकिन, ऐसे में अभ्यर्थियों को मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (इहबास) के मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. ओमप्रकाश ने मानसिक तनाव न लेते हुए सकारात्मक रहने की सलाह दी है।

डॉ. ओम प्रकाश ने नीट पीजी अभ्यर्थियों से धैर्य बनाए रखने की भी अपील की है। उन्होंने एक्स हैंडल से शेयर किए गए एक एक बिंदुवार लिखे गए पत्र में अभ्यर्थियों से अपील की है कि परीक्षा रद्द होने से निराश न हों। परीक्षा रद्द होने के बाद मिलने वाला समय उनकी तैयारी को बेहतर बनाने के लिए है, सकारात्मक रहें। बता दें कि आज 23 जून को देशभर में नीट पीजी की परीक्षा प्रस्तावित थी। परीक्षा का आयोजन नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज नई दिल्ली के द्वारा कराया जाना था। उल्लेखनीय है कि पहले नीट यूजी परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी, फिर यूजीसी नेट परीक्षा का पेपर लीक हुआ जिससे परीक्षा रद्द कर दी गई।

**डॉक्टर ओम प्रकाश ने अभ्यर्थियों को दिए ये सुझाव:**

आपकी कड़ी मेहनत सीमित अवधि के लिए परीक्षा स्थगन आपकी तैयारी को निखारने और मजबूत करने का एक अवसर है। सकारात्मक बने रहें। प्रेरित रहें।

अधिक कठिन विषयों का फिर से अभ्यास करें। उन विषयों पर केंद्रित मॉक टेस्ट दें और अपने प्रदर्शन का विश्लेषण करें। इस समय का उपयोग अपने ज्ञान को मजबूत करने के लिए करें। उन विषयों पर ध्यान केंद्रित करें जिनमें आपको सुधार की आवश्यकता है। त्वरित अध्ययन सत्र में शामिल हों और साथियों के साथ चुनौतीपूर्ण विषयों पर चर्चा करें। हम सब मिलकर इस पर विजय पा सकते हैं। एक साथ अध्ययन करें। समरी नोट्स देखें और नीट पीजी परीक्षा के समय के बराबर ही पूरे समय वाली परीक्षा का अभ्यास कर समय प्रबंधन को बेहतर करें। सहनशक्त बढ़ाएं। परीक्षा में सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए मानसिक स्वास्थ्य भी मायने रखता है। यदि आवश्यक हो तो इहबास की निशुल्क टेलीमानस सेवा 14416 पर कॉल करें। अतिरिक्त समय का उपयोग कमजोरियों को ताकत में बदलने के लिए करें। आपका लक्ष्य एक कुशल और दयालु डॉक्टर बनना है। इस पर केंद्रित रहें। याद रखें, आप अकेले नहीं हैं।

# वजीरपुर जेजे कॉलोनी में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

नई दिल्ली। दिल्ली के वजीरपुर जेजे कॉलोनी इलाके में वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी एवं इस्कॉन हेल्थ सॉल्यूशन के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, पूर्व निगम पार्षद विकास गोयल, प्रेम कुमार विद्यार्थी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जानकारी देते हुए निगम पार्षद चित्रा विद्यार्थी एवं प्रेम कुमार विद्यार्थी ने बताया कि इस शिविर में दांतों की जांच, आंख, त्वचा, डाइट प्लान, एक्वा प्रेशर, ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच व महिला संबंधी रोगों की जांच एवं दवाई और चश्मा भी मुक्त दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य की जांच अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा की गई। साथ ही आंखों की जांच डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल दरियागंज की शाखा के द्वारा की गई। उन्होंने आगे बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 322 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य की जांच करवाने आए हुए लोगों ने निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी का धन्यवाद किया। प्रेम कुमार विद्यार्थी ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सभी को करना चाहिए ऐसे स्वास्थ्य शिविरों से लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं उनके घर के समीप ही मिल जाती हैं।

# हरियाणा से 117 एमजीडी पानी कम मिल रहा : आप

नई दिल्ली। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को जल संकट को लेकर फिर से हरियाणा सरकार पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार लगातार झूठ बोल रही है। चिंता की बात यह है कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के अनशन पर बैठने से पहले दिल्ली को 100 एमजीडी पानी कम मिल रहा था, लेकिन अनशन पर बैठने के बाद करीब 17 एमजीडी पानी की और कमी आई है। 21 जून के आंकड़ों के आधार पर अब हरियाणा 117 एमजीडी पानी कम दे रहा है। उन्होंने कहा कि एक एमजीडी पानी करीब 28 हजार लोगों की जरूरतों को पूरा करता है। अब 17 एमजीडी पानी कम आने का मतलब है कि करीब 4 लाख 85 हजार लोगों के हिस्से का पानी बीते दिनों में रोक लिया है।

# तिहाड़ जेल में लगातार घट रहा सीएम अरविंद केजरीवाल का वजन, डॉक्टरों ने दी ये सलाह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल शराब नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के केस में तिहाड़ जेल में बंद है। आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि जेल में केजरीवाल का वजन लगातार कम होता जा रहा है। 21 मार्च से 22 जून तक मुख्यमंत्री का वजन आठ किलो कम हो गया है। जिस पर पार्टी ने चिंता जताई है। आप का कहना है कि डॉक्टरों ने सीएम के कई टेस्ट करवाने की सलाह दी है। दरअसल, आम आदमी पार्टी ने शनिवार को दावा किया कि 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद से शनिवार 22 जून तक अरविंद केजरीवाल का 8 किलो वजन कम हुआ है। जब मुख्यमंत्री को अरेस्ट किया गया था। तब उनका वजन 70 किलो था। इसके बाद से ही उनका वजन लगातार गिर रहा है। वहीं अंतरिम जमानत की अवधि खत्म होने के बाद 2 जून को वापस न्यायिक हिरासत में जाते समय उनका वजन घटकर करीब 63.5 किलो रह गया था। अब शनिवार को जब सीएम का वजन किया गया तो उनका वजन केवल 62 किलो रह गया है, जो एक चिंता की बात है। केजरीवाल को डॉक्टरों ने दी कई टेस्ट करवाने की सलाह आप का कहना है कि मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने सीएम के घटते वजन को देखते हुए कई तरह के टेस्ट कराने की सलाह दी थी। इसके लिए केजरीवाल ने अंतरिम जमानत 7 दिन और बढ़ाने की मांग भी की थी, लेकिन, उनकी जमानत नहीं बढ़ाई गई। जिसके बाद उन्हें जेल जाना पड़ा। पार्टी का कहना है कि एम्स के मेडिकल बोर्ड ने अरविंद केजरीवाल के केवल ब्लड से संबंधित ही कुछ टेस्ट ही करवाएं हैं। मेडिकल बोर्ड ने केजरीवाल को डाइट में पराठा और पूड़ी शामिल करने को कहा इसके साथ ही एम्स के मेडिकल बोर्ड ने सीएम के घटते वजन को देखते हुए उनकी डाइट में पराठा और पूड़ी भी शामिल करने के लिए कहा है। वहीं हार्ट और कैंसर से संबंधित टेस्ट अब तक नहीं हुए हैं, जबकि लगातार वजन घटने को मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने बेहद गंभीर बताया था और कई महत्वपूर्ण टेस्ट कराने की सलाह दी थी। 25 जून को केजरीवाल की जमानत पर आ सकता है फैसला बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी ने केजरीवाल को अरेस्ट किया था। इससे पहले उन्हें ईडी ने पूछताछ के लिए 9 बार समन भेजे थे, लेकिन उन्होंने एक भी समन का जवाब नहीं दिया था।

# भाजपा शासित हरियाणा सरकार लगातार झूठ बोल रही है : सौरभ भारद्वाज

● हमारे फ्लॉ मीटर का डाटा यह साबित करता है, कि हरियाणा सरकार की ओर से कम मात्रा में पानी दिया जा रहा है : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि हम सभी जानते हैं, कि इस बार पूरे उत्तर भारत में तापमान बहुत अधिक चल रहा है कइस बार दिल्ली में तापमान 52 डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड किया गया है कन केवल दिन में बल्कि रात में भी मिनिमम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक मापा जा रहा है, जो काफी चिंता की बात है कउन्होंने कहा कि इतनी गर्मी में स्वाभाविक है, कि लोगों की पानी की मांग बढ़ती है और इस बढ़ती मांग के बीच भाजपा शासित हरियाणा सरकार द्वारा की जा रही गंदी राजनीति बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है

सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों से कहा कि दिल्ली में सामान्यतः दो राज्यों से पानी आता है, जिसमें एक उत्तर प्रदेश है और दूसरा हरियाणा राज्य है कउन्होंने बताया कि इस पानी का बड़ा हिस्सा हरियाणा राज्य की ओर से आता है क उन्होंने बताया कि सामान्यतः दिल्ली लगभग 1000 एमजीडी स्वच्छ पानी का उत्पादन प्रतिदिन करती है क जिसके लिए लगभग 613 एमजीडी पानी प्रतिदिन के हिसाब से हरियाणा राज्य की ओर से दिल्ली को मिलता है

उन्होंने पत्रकारों के समक्ष प्रतिदिन के कुछ आंकड़े प्रस्तुत किये क उन्होंने बताया कि 1 जून में दिल्ली में लगभग 999 एमजीडी, 2 जून को 1002 एमजीडी, 3 जून को 1002 एमजीडी, 4 जून को 1004 एमजीडी और 5 जून को 1003 एमजीडी पानी का उत्पादन किया गया था कउन्होंने कहा परंतु जैसे ही लोकसभा चुनाव के नतीजे आ गए तो उसके तुरंत बाद लगातार दिल्ली में पानी के उत्पादन की मात्रा घटती जा रही है कउन्होंने कहा कि 6 जून से लगातार पानी के उत्पादन की मात्रा गिरते गिरते 21 जून को यह केवल 896 एमजीडी रह गई है क उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा कारण है हरियाणा राज्य की ओर से दिल्ली को पूरा पानी नहीं दिया जा रहा है सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा शासित हरियाणा की सरकार लगातार झूठ बोल रही है कउन्होंने कहा कि हमारा साफ तौर पर यह कहना है, कि हरियाणा की ओर से लगातार पानी जो आता है उसमें कटौती की जा रही है कउन्होंने बताया कि हमारे पास फ्लो मीटर लगे हुए हैं, जो यह बताते हैं कि पीछे राज्यों से जो पानी आता है वह कितनी मात्रा में आया है और यदि हरियाणा सरकार पानी की कटौती नहीं कर रही है, तो वह अपने फ्लो मीटर का रिकॉर्ड दिखाए की हरियाणा सरकार प्रतिदिन कितना पानी भेज रही है कउन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार बताए, कि उनके फ्लो मीटर कहां लगे हैं कहम मीडिया के साथ जाकर उनके फ्लो मीटर का डाटा जांच करेंगे और जनता के समक्ष सच्चाई को रखेंगे कउन्होंने कहा की इतना ही नहीं भारतीय जनता पार्टी शासित हरियाणा सरकार इतने निचले स्तर की राजनीति पर उतर आई है, कि अभी तक तो उनकी ओर से लगभग 100 एमजीडी के आसपास पानी की कटौती की जा रही थी, परंतु जिस दिन से दिल्ली की जल मंत्री आतिशी जी अनशन पर बैठी हैं, हरियाणा सरकार ने 17 एमजीडी और अधिक पानी की कटौती की है क अर्थात हरियाणा सरकार अब लगभग 117 एमजीडी पानी दिल्ली के हिस्से का कम भेज रही है कउन्होंने कहा कि एक एमजीडी पानी लगभग 28500 लोगों की जरूरत को पूरा करता है क अर्थात पिछले तीन दिन में जब से यह अनशन शुरू हुआ है 17 एमजीडी और पानी रोका गया है, अर्थात लगभग 485000 और अन्य लोगों के हिस्से का पानी हरियाणा ने रोक लिया है क

उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव की बात करने वाली, वन इंडिया वन टीम की बात करने वाली, टीम इंडिया की बात करने वाली, कोऑपरेटिव फेडरेलिज्म की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी आज अपने ही देश की राजधानी के लोगों को प्यासा मार रही है

# आप नेताओं की एलजी से सौहार्द पूर्ण मुलाकात, दिल्ली में जल संकट खत्म करने में मिला सहयोग का भरोसा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का कम पानी मिलने की वजह से गहराए जल संकट को लेकर रविवार को आप नेताओं का एक डेलीगेशन एलजी वीके सक्सेना से मिला और उनसे दिल्ली के हक का पानी दिलाने के लिए पहल करने की अपील की। राजनिवास पर एलजी से मुलाकात करने पहुंचे डेलीगेशन में आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह व एनडी गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी पंकज गुप्ता, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और विधायक दिलीप पांडे, सोमनाथ भारती, राजेश गुप्ता रितुराज समेत 10 सदस्य शामिल थे। इस दौरान डेलीगेशन और एलजी के बीच बहुत ही सौहार्द पूर्ण माहौल के बीच बातचीत हुई। डेलीगेशन ने एलजी साहब को हरियाणा सरकार से दिल्ली के हक का 113 एमजीडी पानी कम मिलने की जानकारी दी। एलजी ने ह्यह्यआपह्लह्ल नेताओं को भरोसा दिया कि वो हरियाणा सरकार से बात करेंगे और जल्द से जल्द दिल्ली के हक का पानी दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे।

कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि आम आदमी पार्टी का एक डेलीगेशन एलजी से मिला और अच्छे वातावरण में हमारी बातचीत हुई। हमने एलजी को बताया कि अभी हरियाणा से जो पानी आ रहा है, उसमें करीब 113 एमजीडी पानी की कमी है। इसकी वजह से दिल्ली में लाखों लोगों को परेशानी हो रही है। चूंकि एलजी केंद्र सरकार के प्रतिनिधि हैं। इसलिए हमने एलजी से अनुरोध किया है कि आप हरियाणा सरकार से बात करके दिल्ली को उसके हक का पूरा पानी दिलाएं। इस पर एलजी वीके सक्सेना ने भरोसा दिया है कि वो हरियाणा सरकार से बात कर दिल्ली को उसके हिस्से का पूरा पानी दिलाने का प्रयास करेंगे।

सौरभ भारद्वाज ने बताया कि हमने एलजी साहब से यह भी कहा कि अब तो एक सप्ताह में बारिश आने वाली है। शिमला और हिमाचल में बारिश शुरू हो गई। अगले एक सप्ताह में इतना पानी आ जाएगा कि हरियाणा चाहकर भी पानी नहीं रोक पाएगा। इसलिए अब केवल एक सप्ताह की ही बात है। हमने एलजी साहब से निवेदन किया है कि हरियाणा से आप एक सप्ताह के लिए दिल्ली को पानी दिलवाने का प्रयास करें।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, सोमवार, 24 जून , 2024

## अक्षय पात्र दिल्ली-एनसीआर टीम ने मनाया योग दिवस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली-एनसीआर की अक्षय पात्र फाउंडेशन टीम ने ओल्ड राजेंद्र नगर के आचार्य सुशील आश्रम के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सामूहिक योगाभ्यास किया। इस मौके पर अक्षय पात्र फाउंडेशन के पांचों किचन गोल मार्केट, बादली, जहांगीरपुरी, डीएमसी और गौतमबुद्धनगर के कर्मचारियों को योगाचार्य सौरव गोयल, साध्वी दीप्ती और साध्वी ललिता ने योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अक्षय पात्र की पहल की सराहना की। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ पत्रकार और लेखक प्रदीप पंडित ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक संकल्प के रूप में अंतरराष्ट्रीय पटल पर योग को पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वयं भी योग करें और दूसरों को भी योग के लिए प्रेरित करें। योग शरीर को निरोगी बनाता है। योग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य शुभेष सर्मन ने कहा कि योग हम आसन, प्राणायाम व ध्यान को सम्मिलित करते हैं, योग हमारी आत्मिक शक्ति को बढ़ाता है। इसलिए हमें दैनिक जीवन में योग को अपनाना चाहिए।

इस मौके पर अक्षय पात्र की ओर से दिल्ली-एनसीआर की एचआर हेड मीनाक्षी कौशिक ने कहा कि योग करके शरीर को निरोग रखा जा सकता है। योग कठिन नहीं है, इसे सहज रुप से लें तो आप निरोग रहेंगे। योग से बड़ा कुछ नहीं है, प्रतिदिन जरूर योग के लिए समय निकालें। इससे आपका स्वास्थ्य बना रहेगा। योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर होता है और कार्य करने की क्षमता को बढ़ाता है। शरीर में नई ऊर्जा और स्फूर्ति प्रदान करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथितियों का बहुमाना भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथितियों ने कर्मचारियों संग राष्ट्रगान भी गाया। बता दें, अक्षय पात्र भारत सरकार के प्रमुख पीएम पोषण अभियान के लिए एक गैर-लाभकारी कार्यान्वयन भागीदार है। इसका कार्यक्रम विभिन्न सरकारों, कॉरपोरेट्स, परोपकारी दानदाताओं और शुभचिंतकों के सहयोग से सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर आधारित है। अक्षय पात्र बच्चों को हर दिन सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में गर्म, स्वच्छ और सुरक्षित मध्याह्न भोजन प्रदान करके पोषण तक निरंतर पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास करता है। यह कार्यक्रम बच्चों के नामांकन, उपस्थिति, अवधारण और एकाग्रता में सुधार करके उनकी शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। फाउंडेशन भारत के 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 72 स्थानों में 24,082 स्कूलों में 2.1 मिलियन से अधिक बच्चों को खाना खिलाता है, जो इसे दुनिया में सबसे बड़े एनजीओ द्वारा संचालित स्कूल फीडिंग कार्यक्रमों में से एक बनाता है। अभी हाल ही में फाउंडेशन द्वारा 4 अरबवीं थाली परोसने की उपलब्ध का जश्न संयुक्त राष्ट्र संघ में मनाया गया।

## गौवंशीय पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए सचिव राजेश कुमार ने बनाया छप्पर का आशियाना

प्रात : किरण संवाददाता



हसनपुर/रहरा। मनुष्य से लेकर जीव जंतुओं पर तेज तापमान की गर्मी अपना सितम ढा रही है। मनुष्यो के साथ-साथ जीव जंतु और पेड़ पौधों पर भी इसका भारी असर देखने को मिल रहा है। जहां एक तरफ इंसान लूं और तपिश वाली गर्मी में गर्मी का शिकार होकर अपनी जान गवा रहे हैं तो दूसरी तरफ जानवर से लेकर पेड़ पौधे और कीड़े मकोड़े भी इसकी चपेट में आने से नहीं बच रहे हैं। तेज तपिश वाली गर्मी से बचने के लिए मनुष्य किसी नामी वाले स्थान को ढूंढता है तो वहीं बेजुबान जीव जंतु और पेड़ पौधे भी यही आस लगाए रहते हैं कि कोई उनकी भी देखभाल करने वाला होना चाहिए। गंगेश्वरी ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर तैनात राजेश कुमार ने शासन और जिले के आला उच्च अधिकारियों के निर्देश पर दरियादिली दिखाते हुए ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुरेठा में स्थित नंदी बिहार गौशाला में पशुओं के लिए छप्परो की अस्थाई छत की वयवस्था का निर्माण कराया है। ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जिस प्रकार मनुष्य को तपिश वाली गर्मी में नमी की आवश्यकता है उसी प्रकार जीव जंतुओं को भी ठंडे वातावरण की बहुत ही आवश्यकता है जिससे कि उनके जीवन को भी बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि पूर्व में गायो के छाए के लिए टीन शेड की छत बनी हुई थी। तपिश वाली गर्मी और बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए टीन शेड को हटवा कर छप्परो की अस्थाई छत का निर्माण कराया है जिससे कि गायो को लूं और गर्मी से राहत मिल सके और अच्छे से अपना जीवन व्यतीत कर सकें। इसी के साथ-साथ पशुओं के लिए उन्होंने हरे चारे की व्यवस्था कर उनकी अच्छी देखभाल करने की जिम्मेदारी का भी बीड़ा उठाया है।

## ट्रैफिक पुलिस ने साढ़े पांच माह में लाखों लोगों को थमाया चालान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने राजधानी की सड़कों पर स्टॉप लाइन उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इस साल जबरदस्त कार्रवाई की है। रेड लाइट और चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से ऐसे वाहनों का चालान किया है,जिन्होंने स्टॉप लाइन का खुलेआम उल्लंघन किया। साथ ही, जिन जगहों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे, वहां ट्रैफिक पुलिस ने मैनुअल तरीके से कार्रवाई की है। इसके चलते इस साल 1 जनवरी से 15 जून तक किए गए चालान में पिछले साल 2023 के मुकाबले 32 फीसदी ज्यादा चालान रिकॉर्ड किए गए हैं। देखा जाए तो दिल्ली की सड़कों पर मैन्युअल ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी ट्रैफिक नियम उल्लंघन करने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसके बावजूद लोगों में ट्रैफिक पुलिस का कोई खौफ नहीं दिख रहा है। वे इन सब के बाद भी नियमों का उल्लंघन करने में पीछे नहीं हैं। क्या कहते हैं आंकड़े? दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से 1 जनवरी से 15 जून तक किए गए चालान के आंकड़े जारी किए हैं। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों से साफ और स्पष्ट नजर आता है कि वाहन चालक शहर के तमाम चौराहों और रेड लाइट पर बनाई गई 'स्टॉप लाइन का पालन नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते उनके खिलाफ खूब चालान किए गए हैं जो 2023 के मुकाबले 2024 में 32 फीसदी ज्यादा हैं। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल 2024 के दौरान 1 जनवरी से 15 जून तक 'स्टॉप लाइन उल्लंघनों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाया गया था। इस ड्राइव के चलते साढे पांच माह के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 2,37,976 उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जबकि 2023 में इस अवधि के दौरान यह आंकड़ा 180538 रिकॉर्ड किया गया था। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से राजधानी के 10 टॉप ट्रैफिक सर्किल का भी विश्लेषण किया है, जहां पर इन नियमों का घोर उल्लंघन किया गया। इन साढ़े 5 माह के दौरान सबसे ज्यादा चालान इन 10 सर्कल में किए गए हैं। इन सर्कल में से सबसे ज्यादा चालान डिफेंस कॉलोनी सर्कल में 52,879 चालान किए गए हैं। इसके बाद मयूर विहार सर्कल में 33,077, सफदरजंग एंक्लेव में 22,671, लाजपत नगर में 19,343, द्वारका में 11,675, तिलक नगर सर्कल में 8,772, पंजाबी बाग सर्कल में 8,640, वसंत विहार सर्कल में 7,954, सिविल लाइन सर्कल में 7,329 और मॉडल टाउन सर्कल में 7,177 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। ट्रैफिक पुलिस ने इस तरह की कार्रवाई को करने के साथ-साथ लोगों से अपील भी की है कि वे सुरक्षा को लेकर सड़कों पर यातायात नियमों और कानून का पालन करें।

## विटिलिगो वारियर्स का संदेश–त्वचा के रंग तक सीमित नहीं सुंदरता



आमतौर पर डाक्टर रोगियों का उपचार तो करते हैं लेकिन उनका उत्साहवर्धन नहीं कर पाते। नतीजा यह होता है कि मर्ज ठीक होने के बावजूद रोगियों में वह आत्मविश्वास पैदा नहीं हो पाता है जो बीमारी से पहले होता था। विटिलिगो यानी सफेद दाग के रोगियों के मामले में तो यह बात और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बीमारी लोगों की सुंदरता को प्रभावित करती है। लेकिन राजधानी में शुक्रवार की शाम को एक अनोखा फैशन शो आयोजित किया गया जिसमें विटिलिगो रोगियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यहाँ जुटे वारियर्स ने समाज की कुरीतियों के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद किया।

नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में विटिलिगो वाइकिंग्स 3.0 का यह आयोजन अनोखा था जिसमें सैकड़ों विटिलिगो वारियर्स ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य विटिलिगो प्रभावितों के सशक्तिकरण, उनमें आत्मविश्वास पैदा करना तथा उन्हें खुश रहने के लिए प्रेरित करना था। इसका आयोजन एमिल हेल्थकेयर एंड रिसर्च सेंटर की तरफ से किया गया।

इस मौके पर एमिल हेल्थकेयर एंड रिसर्च सेंटर की प्रबंध निदेशक डा. नितिका कोहली ने कहा कि यह कार्यक्रम एक फैशन शो से बढ़कर है क्योंकि यह सौंदर्य के मापदंडो को नये सिरे से परिभाषित करता है। इस शो में हिस्सा लेकर विटिलिगो वारियर्स ने यह साबित किया है कि सुंदरता सिर्फ त्वचा के रंग तक सीमित नहीं है। इस विटिलिगो वारियर्स ने अनुभवी मॉडलों की तरफ आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक में हिस्सा लिया।

दरअसल एमिल हेल्थकेयर एंड रिसर्च सेंटर सफेद दाग समेत विभिन्न गंभीर बीमारियों के उपचार और नई दवाओं के अनुसंधान को लेकर कार्य कर रहा है। यह विशेषज्ञता वाला केंद्र है जो देश के 34 शहरों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। अब तक दो लाख से अधिक मरीजों का इलाज किया जा चुका है।

विटिलिगो में शरीर की पिगमेंट कोशिकाओं के खिलाफ एंटीबाडीज विकसित हो जाती हैं। ये कोशिकाएं त्वचा के रंग के लिए जिम्मेदार होती हैं। एंटीबाडीज विकसित होने से पिगमेंट कोशिकाएं निष्क्रिय होने लगती हैं तथा त्वचा अपना वास्तविक रंग खोने लगती है। त्वचा का रंग खोने के अलावा प्रभावित व्यक्ति को और कोई नुकसान नहीं होता है तथा वह पूरी तरह से स्वस्थ्य रहता है। लेकिन सामाजिक भेदभाव के चलते लोग इस बीमारी को छुपाते हैं तथा इसे गंभीर मानते हैं। इसलिए इस सोच को बदले जाने की जरूरत है। यही संदेश इस कार्यक्रम में दिया गया। समय पर उपचार से इस बीमारी से पूरी तरह से छुटकारा पाया जा सकता है।

## नशे के सौदागरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही दिल्ली पुलिस, इस साल 720 ड्रग पैडलर्स हुए रेस्टा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्ती से काम कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मादक पदार्थों को जड़ से खत्मे करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस समस्या के निदान को लेकर सभी एन्फोपर्समेंट एजेंसियों को कठोर और कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से इस दिशा में सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 15 जून 2024 तक 631 एनडीपीएस मामलों में 720 नार्को-अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के मार्गदर्शन में सभी जिलों और यूनिट में 12 से 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। इस पखवाड़ा की शुरूआत 12 जून को स्पेशल पुलिस कमिश्नर शालिनी सिंह ने ऐतिहासिक लाल किला से जनसम्पर्क वाहन को हरी झंडी दिखाकर की थी। इस कड़ी में दिल्ली पुलिस की ओर से रविवार को इंडिया गेट से पुलिस स्टेशन कर्तव्यपथ तक विशेष जागरूकता अभियान (वॉकथॉन) आयोजित किया गया। इस दौरान रणविजय सिंह (अभिनेता), अंकित बंयापुरिया (फिटनेश विशेषज्ञ व स्वच्छता अभियान प्रतिनिधि), संजय भारद्वाज क्रिकेट कोच (द्रोणाचार्य पुरस्कृत), मनोज (राष्ट्रीय एथलीट) के अलावा दिल्ली और देश के अलग-अलग हिस्सों से लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त एस.के गौतम ने इंडिया गेट पर जिंदगी को कहें हां नशे को ना आदर्श वाक्य के साथ वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाई। वॉकथॉन में करीब 5000-6000 लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागी पुलिस और आम जनता दोनों वर्गों से थे। उन्हें नशीले पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में वर्तमान पीढ़ी के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए बुलेटिन बोर्ड, पोस्टर और बैनर प्रदर्शित किए। वॉकथॉन में हिस्सा लेने वालों को क्यूआर-कोडके द्वारा ई-सर्टिफिकेट भी जारी किए गए जिसका समापन पुलिस स्टेशन कर्तव्यपथ पर हुआ।

दिल्ली में सक्रिय अवैध मादक पदार्थों के तस्करों/आपूर्तिकताओं के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए, दिल्ली पुलिस प्रतिदिन अवैध मादक पदार्थों के सप्लायर्स/पैडलर्स की गिरफ्तारी के साथ अवैध मादक पदार्थों के तस्करों के तंत्रजाल का भंडाफोड़ कर रही है। दिल्ली पुलिस ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 15 जून 2024 तक 631 एनडीपीएस मामलों में 720 नार्को-अपराधियों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त आयुक्त आईपीएस संजय भाटिया का कहना है कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ 26 जून को मनाये जा रहे अंतर्राष्ट्रीय दिवस के मद्देनजर सभी जिलों और इकाइयों में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा आयोजित किया गया है। नशा प्रतिदिन हमारे समाज की एक समस्या बनती जा रही है, जिस पर काबू पाना बेहद जरूरी है। अध्ययनों से पता चला है कि दौड़ लगाना, पैदल चलना, योगाभ्यास आदि शारीरिक व्यायाम नशामुक्ति में बहुत मददगार हो सकते हैं।

## दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलवाने के लिए जलमंत्री आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन तीसरे दिन भी जारी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलवाने के लिए जलमंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी है। रविवार को अनशन के तीसरे दिन जलमंत्री आतिशी ने दिल्लीवालों को संदेश देते हुए कहा कि, जबतक हरियाणा सरकार दिल्लीवालों को उनके हक का पानी नहीं देगी,हथिनीकुंड बैराज के गेट नहीं खोलेगी; तबतक उनका अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा।

जलमंत्री आतिशी ने अपने संदेश में कहा कि, 'आज मेरे अनिश्चितकालीन अनशन का तीसरा दिन है। मैं इस अनशन पर इसलिए बैठी हूँ क्योंकि दिल्ली में पानी का बहुत संकट है। दिल्ली में पानी की बहुत कमी है'

उन्होंने कहा कि, दिल्ली में अपना पानी नहीं है, यहाँ सारा पानी पड़ोसी राज्यों से आता है। दिल्ली में कुल 1005 एमजीडी पानी की जरूरत होती है, जिसमें से 613 मिलियन गैलन पानी प्रतिदिन हरियाणा से आता है।

लेकिन पिछले 3 हफ़्ते से हरियाणा ने पानी भेजना कम कर दिया है। हरियाणा सिर्फ. 513 एमजीडी पानी दे रहा है। हरियाणा प्रतिदिन 100 मिलियन गैलन कम पानी छोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि, एक एमजीडी से 28,500 लोगों को पानी मिलता है। यानी जब हरियाणा 100 एमजीडी कम पानी छोड़ रहा है तो उससे दिल्ली के 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।

आतिशी ने कहा कि, हरियाणा सरकार कहती है कि, उनके पास पानी नहीं है तो वो दिल्ली को पानी कहा से दे दे। लेकिन कल जब बहुत सारे पत्रकार हथिनीकुंड बैराज गए, जहां से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है। वहाँ सभी ने फोटो ली, वीडियो बनाई जिसमें साफ-साफ दिख रहा है कि, हथिनीकुंड बैराज में पानी है, उसमें पानी भरा हुआ है। लेकिन जिस गेट से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, उस गेट को बंद किया गया है और पानी नहीं छोड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि, मेरी हरियाणा सरकार से हाथ जोड़ कर विनती है कि, वो हथिनीकुंड बैराज के दरवाजे खोल दे। दिल्लीवालों का पानी छोड़ दे। उन्होंने कहा कि, दिल्लीवालों को उनके हक का पानी मिलना चाहिए। जबतक हरियाणा सरकार दिल्लीवालों को उनके हक का पानी नहीं देगी, जबतक हथिनीकुंड बैराज के गेट नहीं खोलेगी, तबतक ये अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा।

## दिल्ली के रिज में पेड़ों की कटाई के मामले पर सोमवार को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के मुद्दे पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष को आपराधिक अवमानना का स्वतः संज्ञान नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद लिस्ट के मुताबिक, न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और उज्जल भुयान की अवकाश पीठ 24 जून को मामले की सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई में डीडीए के उपाध्यक्ष से पूछा था कि पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने वाले उसके आदेशों का जानबूझकर उल्लंघन करने के लिए उन पर अदालत की आपराधिक अवमानना का मुकदमा क्यों न चलाया जाए। कोर्ट ने कहा, हम यह मानने को तैयार नहीं हैं कि सड़क चौड़ी करने का काम जिस ठेकेदार को सौंपा गया है, उसने अपनी मर्जी से पेड़ों को काटा है। पेड़ों की कटाई डीडीए के अधिकारियों के आदेशों के आधार पर ही हुई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डीडीए उपाध्यक्ष ने पेड़ों की कटाई को कम करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने का प्रस्ताव भेजकर उपराज्यपाल को गुमराह किया है। शीर्ष अदालत ने उम्मीद जताई थी कि उपराज्यपाल इस मुद्दे को न केवल दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में, बल्कि डीडीए के अध्यक्ष के रूप में भी गंभीरता से लेंगे। सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि डीडीए द्वारा काटे गए हर पेड़ के बदले 100 नए पेड़ लगाए जाने चाहिए।

## आईपी यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स कोटा के लिए अब 1 जुलाई तक आवेदन का अवसर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आईपी यूनिवर्सिटी के सत्र 2024-25 से सभी यूनिवर्सिटी स्कूल और सेंटर में चलने वाले यूजी और पीजी प्रोग्राम में 2 प्रतिशत के अतिरिक्त स्पोर्ट्स कोटा का फायदा लेने के लिए अब 1 जुलाई तक निर्धारित प्रपत्र में यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के नाम से निर्गत 2, 500 के बैंक ड्राफ़्ट के साथ सभी संबद्ध कागजातों के साथ आवेदन विश्वविद्यालय सुविधा केंद्र में जमा कराया जा सकता है। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. कमल पाठक ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स कल्चर को प्रोमोट करने के लिए यह प्रावधान किया गया है ताकि स्पोर्ट्स के प्रतिभावान छात्र अपनी पसंद की डिग्री लेने से महरूम न रह जाएँ। आवेदकों की मांग पर आवेदन की अंतिम तिथि बड़ाई गई है। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रोग्राम के लिए निर्धारित यह 2 प्रतिशत सीटें एडमिशन ब्रोशर में अधिसूचित सीटों के अलावा हैं। बिना ट्राइयल के स्पोर्ट्स कोटा में आवेदन के लिए आवेदक को किसी स्पोर्ट्स में देश का प्रतिनिधित्व किया होना चाहिए।उस प्रतिनिधित्व का दस्तावेज आवेदन के समय जमा कराना होगा। समर ओलंपिक, वर्ल्ड चैम्पीयनशिप, कामन्वेल्थ गेम्ज, एशियन गेम्ज, साउथ एशियन गेम्ज, पारा ओलंपिक, इत्यादि जैसे स्पोर्ट्स इसमें शामिल हैं। इससे कम स्तर के स्पोर्ट्स स्पर्धा में भाग लेने वाले आवेदकों को स्पोर्ट्स ट्राइयल देना होगा। दाखिला में 25 प्रतिशत वैटेज संबद्ध प्रवेश परीक्षा का, 25 प्रतिशत स्पोर्ट्स से जुड़े जमा कराए दस्तावेजों पर और शेष 50 प्रतिशत स्पोर्ट्स ट्राइयल का होगा। इस कोटा की आवश्यक अर्हता पूरी करने वाले आवेदक अगस्त से शुरू होने वाले अकादमिक सत्र से ही इसका फायदा ले सकते हैं। यूनिवर्सिटी के जिन स्कूल और सेंटर में चल रहे प्रोग्राम में यह कोटा उपलब्ध है उसे यूनिवर्सिटी की वेबसाइटपर अधिसूचित कर दिया गया है।

### नीट पीजी परीक्षा स्थगित होना दुर्भाग्यपूर्णः सौरभ भारद्वाज

नीट पीजी की परीक्षा स्थगित होने पर मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह बहुत सामान्य लगता है कि परीक्षा स्थगित हो गई, लेकिन इससे लोगों का भारी नुकसान हुआ है। लोगों ने फ्लाईट के टिकट व होटल बुक करा रखे थे। अब अचानक परीक्षा स्थगित होने से छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों का काफी नुकसान हुआ है। अब साफ हो गया है कि केंद्र सरकार की एजेंसी एनटीए व शिक्षा मंत्री पूरी तरह से असफल हो गए हैं। इसके लिए शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की शिक्षा की पूरे विश्व में चर्चा होती थी। भारत से पढ़े हुए लोग दुनिया भर में परचम लहरा रहे हैं। पूरी सिलिकॉन वैली में भारत के सॉफ्टवेयर इंजीनियर का दबदबा है। यहां से निकले इंजीनियर दुनिया की दिग्गज कंपनियों के सीईओ हैं, लेकिन आज इस सरकार ने सब ध्वस्त कर दिया। सीबीआई जांच पर भरोसा नहीं

पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि हमें सीबीआई पर भरोसा नहीं है। सीबीआई पर तो भाजपा को भी भरोसा नहीं था। यूपीए की सरकार के दौरान उन्होंने सीबीआई को तोता बताया था।

**सूचना** सुल्तानपुरी स्थित पूठकलां गांव में वारदात, पुलिस ने किया गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

## दो बेटियां पैदा हुईं तो मारकर दफनाया, पिता सहित परिजन फरार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी स्थित पूठकलां गांव में जन्म के दो दिनों के बाद ही जुड़वां बच्चियों को मारकर दफनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दोनों नवजात का कसूर सिर्फ इतना था कि दोनों लड़कियां थीं। दर-दर की ठोकरें खाने के बाद करीब 20 दिनों बाद बच्चियों की मां पूजा (25) और भाई जुगनू (31) की शिकायत पर सुल्तानपुरी थाने में मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने बच्चियों के पिता व उसके परिवार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, जन्म के बाद मासूमों की मृत्यु का कारण बनने, दहेज प्रताड़ना, सबूत मिटाने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। फिलहाल, आरोपी पिता नीरज सोलंकी (32) परिवार के साथ फरार है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार, मूलरूप से गांव इस्माइला, रोहतक निवासी पूजा की फरवरी 2022 में गांव पूठकलां निवासी नीरज से शादी हुई थी। पूजा के परिवार में पिता तेज प्रकाश, मां सुनीता व दो भाई हैं। नीरज के परिवार में पिता बिजेंद्र सोलंकी, मां चांद कौर, बड़ा भाई दिनेश व बहन मोनिका हैं। पूजा के भाई जुगनू ने बताया कि बहन की शादी में पूरा खर्चा करने के अलावा 20 लाख रुपये दिए गए थे। इसके बाद भी बहन को दहेज के लिए परेशान किया जाने लगा। छोटी-छोटी बातों पर उसे पीटा जाता था। गाड़ी न लाने के लिए उसे ताने दिए जाते थे। शादी के बाद वह गर्भवती नहीं हुई तो उस पर तरह-तरह के आरोप लगने लगे। मायके वालों ने घर बुलाकर उसका इलाज करवाया। इसके बाद पूजा गर्भवती हुई। तीन माह होने पर नीरज व परिजनों ने अवैध रूप से भ्रूण जांच करवाई तो पता चला कि पूजा की गर्भ में जुड़वां लड़कियां हैं। इस पर ससुराल वालों ने उसके साथ बदसलूकी शुरू कर दी। बात बढ़ी तो पूजा मायके आ गई।

जन्म के बाद ही नीरज बच्चियों को लेकर आ गया

छह माह मायके में रहने के बाद पूजा ने 30 मई को ऑपरेशन के बाद रोहतक के एक निजी अस्पताल में बच्चियों को जन्म दिया। परिजनों ने ससुराल वालों को खबर दी। 30 मई की शाम को पूजा के सास-ससुर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बच्चियों के पैदा होने पर कोई खुशी जाहिर नहीं की। अगले दिन नीरज आया तो पूजा से गाली-गलौज करने लगा। उस दिन वह पूजा का मोबाइल लेकर दिल्ली लौट आया। उसका कहना था कि वह बेटियों को नहीं पाल सकता। बातचीत करने पर एक जून को नीरज, अपनी मां चांद कौर और बहन मोनिका के साथ रोहतक स्थित अस्पताल पहुंचा। उस दिन पूजा की अस्पताल से छुट्टी होनी थी। नीरज और मां ने दोनों नवजात बच्चियों को लिया और गाड़ी में पूजा के घर जाने की बात कहकर बिना बताए बच्चियों को दिल्ली ले आए। परिजन नीरज को कॉल करते रहे, लेकिन मोबाइल बंद मिला। रात को ससुर बिजेंद्र को कॉल किया तो वह भी गोलमोल जवाब देने लगा।

अगले दिन दोनों बच्चियों के दफनाने की बात पता चली

काफी प्रयास के बाद भी बच्चियों को उस दिन पता नहीं चला। इस बीच जुगनू ने पूठकलां निवासी बुआ के लड़के बसंत को कॉल किया। वहां से उसे पता चला कि दोनों बच्चियां मर गई हैं और नीरज व परिजनों ने दोनों को पास के राम बाग श्मशान घाट में दफना दिया है। खबर सुनते ही परिजनों के होश उड़ गए। वह भागे-भागे दिल्ली पहुंचे तो बताया गया कि दोनों बच्चियों की तबीयत बिगड़ गई थी, जिससे उनकी मौत हो गई। जुगनू ने बताया कि जन्म के बाद से ही दोनों बच्चियां एकदम स्वस्थ थीं। उनका बीमारी से मरने का सवाल नहीं उठता है। कुछ रिश्तेदारों ने दबे लफ्जों में बताया कि उनकी हत्या कर शव को दफना दिया गया है।

दर-दर की ठोकरें खाने के बाद हुआ मामला दर्ज बच्चियों की मौत की खबर मिलने के बाद परिजन रोहतक सेक्टर-35 के अरबन स्टेट थाने पहुंचे तो गांव के थाने सांपला भेज दिया गया। सांपला पहुंचने पर बच्चियों के दिल्ली ले जाने की आशंका को देखते हुए सुल्तानपुरी थाने भेज दिया गया। दिल्ली पहुंचने पर वापस उन्हें अरबन स्टेट थाने भेजा गया।

## अपनी सरकार की नाकामी छिपाने के लिए ही अनशन पर बैठी आतिशी : दर्शन सिंह

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



हर एक मोर्चे पर नाकाम और विफल साबित हुई है आम आदमी पार्टी की सरकार। ऐसा कहना है भाजपा नवीन शाहदरा जिले के पूर्व उपाध्यक्ष दर्शन सिंह का। दिल्ली में कई दिनों से चल रही पानी की किल्लत पर बात करते हुए दर्शन सिंह ने कहा कि आपने कभी कोई ऐसी सरकार देखी है जो अपने ही शासित राज्य में अपने ही मंत्रिमंडल होने के बावजूद अपनी नाकामी को छुपाने के लिए अपने ही खिलाफ अनशन पर बैठ गई हो अगर नहीं तो आप राजधानी दिल्ली में सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी को देख लीजिए। दर्शन सिंह ने कहा कि इस तरह पानी की किल्लत की समस्या से पल्ला झाड़कर आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं ने अपनी मूर्खता, दिल्ली की सत्ता को चलाने में अपनी नाकामी और अपनी लाचारी को सभी के सामने साबित कर दिया है। दर्शन सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में पानी की किल्लत की समस्या को दूर करने के बजाए बेमतलब अनशन पर बैठकर पानी की किल्लत की समस्या को राजनीतिक मुद्दा बना कर गंदी राजनीति कर रही है लेकिन शायद आम आदमी पार्टी वाले यह भूल गए है कि पानी की किल्लत की समस्या जैसे मुद्दे पर राजनीति नहीं बल्कि इस समस्या का हल निकालना चाहिए। दर्शन सिंह ने आगे कहा कि बिना किसी राजनीतिक झुकाव के एक सच्चे नागरिक होने के नाते मैं यह बात कह रहा हूं कि अगर आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता की समस्याओं को हल नहीं कर पा रही है और अगर आम आदमी पार्टी को यह समझ नहीं आ रहा है कि दिल्ली की मौजूदा पानी की किल्लत की समस्या को किस तरह से हल किया जाए तो आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता से इस्तीफा दे दे और अन्य राजनीतिक पार्टियों को आगे आ कर पानी की किल्लत की समस्या को सुलझाने दे क्योंकि नाकाम साबित होने के बाद भी सत्ता पर बने रहने की आम आदमी पार्टी की जिद्द दिल्लीवासियों की परेशानी को लगातार बढ़ा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### ई रिक्शा चालक ने एक युवक को मारी टक्कर



जमुई [ झाझा ] भीठरा से अपने घर बेलाटांड पैदल आ रहे एक युवक को एक तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक के द्वारा टक्कर मार देने से युवक घायल हो गया। जिसे लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां घायल युवक का इलाज किया गया। घायल युवक की पहचान बेलाटांड गांव के रहने वाले संतोष कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक ने बताया कि भीठरा में मै अपने रिश्तेदार के यहां से वाहन की तलाश के लिए पैदल ही निकलकर आ रहा था कि तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ई रिक्शा ने मुझे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मै घायल हो गया। जबतक हल्ला कर ई रिक्शा चालक को पकड़ने की कोशिश किया तबतक ई रिक्शा चालक फरार हो गया।

# समस्या : लाखों खर्च के बाद भी नहीं मिल रहा कुएं का पानी, जल जीवन हरियाली के तहत हुआ है जीर्णोद्धार

## एक कुआं के जीर्णोद्धार में लग रही है 60 से 70 हजार की राशि

- कुएं का ऊपरी भाग चकाचक, अंदर में गाद

प्रात : किरण संवाददाता






गिद्धौर /जमुई जल संरक्षण के लिए कुएं का जिंदा रहना काफी महत्वपूर्ण है। खासकर वहां जहां जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है।गिद्धौर प्रखंड में कुएं के संरक्षण के लिए जल जीवन हरियाली योजना के तहत पंचायती राज विभाग,पीएचडी आदि विभागों के द्वारा कुआं जीर्णोद्धार कार्य हुआ है। कुओं की सफाई से लेकर डेंटिंग पेंटिंग तक हुई लेकिन इसके बाद कुएं को लावारिस छोड़ दिया गया। अब हालात यह है कि 2 साल पहले जिस कुएं का जिर्णोद्धार हुआ।वह कुआं गाद से भरा हुआ है।दरअसल कुएं के जीर्णोद्धार के बाद कुएं की देखरेख नहीं हुई और उसे लावारिस छोड़ दिया गया। जीर्णोद्धार के बाद कुएं में जाली लगाकर ऐसा छोड़ा गया कि कभी उपयोग ही नहीं हुआ। उपयोग नहीं होने के चलते यह कुएं फिर से गाद से भर गए हैं। कुएं के आसपास भी कचरा का अंबार है। अधिकतर कुएं में पानी बचा भी नहीं है। कुल मिलाकर पहले यही कुआं जीवनदायनी हुआ करता था। लेकिन लाखों खर्च के बाद भी इसका पानी पीने लायक ही नहीं रहा है। कुआं के जीर्णोद्धार में किया गया है खानापूर्ति दरअसल जिस विभाग के द्वारा कुआं का जीर्णोद्धार किया गया है।उसके द्वारा इसमें जमकर खानापूर्ति किया गया है अधिकांश कुंओं से गाद नहीं निकाला गया है। सिर्फ बाहर से रंग- रोगन कर छोड़ दिया गया।स्थानीय लोगों की माने तो कुआं उड़ाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर छोड़ दिया गया है। इस योजना में कुछ ऐसे कुआं को भी शामिल किया गया है। जिसका प्रयोग सिर्फ खास मौके पर ही किया जाता है।कुएं का प्रयोग शादी विवाह व दशकर्म में ही की प्रयोग होता है। प्रखंड में कुएं की स्थिति अब भी पहले जैसा पीएचईडी,पंचायती राज विभाग द्वारा जिन कुएं की सफाई में न्यूनतम 60 हजार खर्च किया जाना था। इतनी भारी भरकम राशि से जीर्णोद्धार होने के बाद भी प्रखंड में कुएं की स्थिति अब भी पहले जैसा ही है। वही कुएं में पानी नहीं रखने के कारण कुएं के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। लोग कुएं के बजाय पानी के लिए दूसरे के दरवाजे पर आश्रित हो रहे हैं या फिर नल जल योजना के तहत किया जा रहे जलापूर्ति के लिए सुबह तथा शाम का इंतजार कर पानी ले रहे हैं। जीर्णोद्धार के बाद एक बाल्टी पानी भी नहीं निकला आमजन इस योजना को लेकर असंतुष्ट हैं।कोल्हुआ एवं सेवा क्षेत्र के विमल मिश्रा,इन्द्रदेव साव,मुश्ताक अंसारी,लक्ष्मण साह,विपिन कुमार बताते हैं कि सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन हरियाली के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुआं उड़ाही व जीर्णोद्धार का काम खानापूर्ति बनकर रह गया है।इस योजना के तहत प्रखंड में दर्जनों कुओं की उड़ाही व जीर्णोद्धार के साथ-साथ सोख्ता का निर्माण किया जाना था। लेकिन जिन कुंओं का जीर्णोद्धार और सोख्ता का निर्माण किया गया है उसमें खानापूर्ति की गई है।पंचायत में जिस कुएं का जीर्णोद्धार हुआ है। उसकी हालत यह है कि उस कुएं से 2 साल में एक बाल्टी पानी भी नहीं निकला है। हालांकि इक्के दुक्के कुएं का जीर्णोद्धार हुआ तो हुआ भी संवेदक की लापरवाही की भेंट चढ़ गया। गर्मी प्रचंड रूप में है लेकिन अब तक कुएं की स्थिति ज्यों का त्यों है। लोग कुएं का पानी प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं।

## शादी के पहली वर्षगांठ पर किया वृक्षारोपण



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा घैलाढ़ः मधेपुरा सदर प्रखंड क्षेत्र के भेलवा में समाजसेवी मुकेश कुमार मुन्ना व रूबी कुमारी ने अपनी शादी की पहली सालगिरह पर फलदार पौधों का रोपण किया गया। मुकेश कुमार का कहना है कि वर्तमान में गर्मी के हालात ने ये एहसास करा दिया है कि पेड़ पौधे हमारे लिए कितते जरूरी हैं। अगर जीवन को सुरक्षित रखना है तो हमें पेड़ों को बचाना होगा और सघन पौधारोपण करना होगा तभी पर्यावरण का संतुलन बन सकेगा। पत्नी रूबी ने अपील करते हुए कहा हमें अपने यादगार पलो पर एक झ एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तभी पर्यावरण संरक्षित रहेगा। इस अवसर पर पिता सत्यनारायण यादव, भाई शैलेन्द्र, संतोष(इरअढ) संजय (शिक्षक), ललित भाईज (शिक्षक) फूफाजी, बद्री यादव ( फौजी) सहित अन्य मौजूद रहे।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट में कुल दस लोग हुए घायल



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा थानाक्षेत्र के सर्किल नंबर एक करमा गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना में दोनो पक्षों की ओर से एक महिला सहित कुल दस लोग घायल हो गया। मारपीट की सूचना डायल 112 की पुलिस को मिली जिसके बाद पुलिस टीम मौके स्थल पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेजा। वही दोनों पक्षों के परिजनों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया जहां चिकित्सक ने सभी घायलों का उपचार किया और मारपीट की घटना में सभी लोग गंभीर रूप से घायल होने के कारण बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। मारपीट की घटना में एक पक्ष से घायल के रूप में मो. हामिद,अफरीदी, सदाम तो दूसरे पक्ष से घायल में मो. तोहिद अंसारी, मुजामिल अंसारी, मो.रहूफ, इश्तियार अंसारी, तजमूल अंसारी, सरफुद्धीन अंसारी तथा जहांना खातुन के रूप में पहचान हुई है। एक पक्ष से घायल हामित ने बताया कि मेरी बहन 22 साल पहले किसी से ढेड़ लाख रूपए में जमीन लिया जिसने पुराना केवाल दिया था। लेकिन जमीन मेरी बहन के नाम पर नही लिखा और उससे बात करते थे कि जमीन आकर लिख दो लेकिन जमीन मालिक नही आता था। जमीन दिलवाने वाले समशुद्धीन, इसमेल और रहूफ को भी कई बार बोला लेकिन हमेशा वे तीनो टाल मटोल कर देते थे। उसके बाद चुपके से रहूफ अपने बेटे के नाम वह जमीन लिखवा लिया। इसी बात को लेकर रहूफ से शिकायत किया तो दूसरे पक्ष से दर्जनभर से अधिक लोगों ने मारपीट करने लगा। दूसरे पक्ष से घायल रहूफ ने बताया कि मै अपनी जमीन की नापी करवा रहा था कि तभी पहले पक्ष से लगभग 20 से भी अधिक लोग लाठी डंडा, पत्थर चलाते हुए हमलोगों को घायल कर दिया।

## छत से गिरकर छह वर्षीय बच्चा हुआ घायल

जमुई [ झाझा ] घर की छत से गिरकर एक छह वर्षीय बच्चा घायल हो गया जिसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज किया गया। घायल बच्चे की पहचान राजकुमार यादव का पुत्र दिलखुश कुमार के रूप में हुई है जो गढ़ी गांव का रहने वाला है। बच्चे के पिता ने बताया कि सुबह बच्चा छत पर सोए हुआ था पर अचानक नींद से उठा और छत से नीचे गिर गया।

# दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर का झाझा विधायक दामोदर रावत ने किया निरीक्षण

## बोले- साफ-सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी



- जांच,एक्सरे और दवाइयों की उपलब्धता बनाए रखने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। गिद्धौर के दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर झाझा विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री दामोदर रावत ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अस्पताल की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अजिमा निशात को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार करने की बात कही।विधायक दामोदर रावत ने जिला स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ.कुमार महेंद्र प्रताप से दूरभाष पर बात कर दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को होने वाली असुविधाओं और सेवाओं में बरती जा रही खामियों से अवगत कराया और इसके निस्तारण हेतु निर्देश दिया।झाझा विधायक व सूबे के पूर्व मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि अस्पताल की साफझ्रसफाई और स्वास्थ्य सेवाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पुराने चादरों में खून के छींटे लगे हैं, उन्हें ही बार-बार बिछा दिया जा रहा है, उन्हें बदलने के लिए भी निर्देश दिया गया है। मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो,जांच, एक्सरे,दवाइयों की उपलब्धता बनी रहे, इस पर ध्यान देना है। लैब में सभी जांच हो जाए,ताकि मरीजों को बाहर न जाना पड़े, समय पर सही उपचार मिले, इन सब पर ध्यान देने के लिए अस्पताल प्रबंधन से कहा गया है। बता दें कि विगत कुछ दिनों से दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्था की खबरें लगातार सामने आ रही थीं, जिसके बाद अब स्थानीये विधायक दामोदर रावत द्वारा संज्ञान लेते हुए अस्पताल का निरीक्षण किया गया है। इससे यहां की कमियों में सुधार आने की उम्मीद जगी है।

# हार्ट अटैक से चकाई के डीड राइटर राजेन्द्र लाल की मौत, लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/सोनोः-चकाई रजिस्ट्री कचहरी के वरिष्ठ डीड राइटर व समाजसेवी राजेन्द्र लाल की मौत रविवार हार्ट अटैक से हो गई।सोनो गांव निवासी डीड राइटर राजेंद्र लाल अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी , एक पुत्र और एक पुत्री समेत भरापुरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से सोनो एवं चकाई में भीषण शोक व्याप्त है। स्वजन भी मर्माहत हैं। कई दिग्जजों ने उनके निधन पर शोक जताया है। चकाई के पूर्व विधायक श्रीमती सावित्री देवी ने डीड राइटर राजेंद्र लाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दिवंगत होने से समाज के एक गौरवशाली अध्याय का अंत हो गया है। सोनो एवं चकाई के एक असाधारण हस्ती के निधन से शोक संतप्त है। उन्होंने जनसेवा और निर्धनों के जीवन में सुधार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। राजेन्द्र लाल अपने आप में अलग थे और हजारों लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में चिंहित किए जाते थे। समाज को उनकी कमी हमेशा खेलेगी। उन्होंने हृदय से नमन किया। राजद के वरिष्ठ नेता व संवेदक सुरेन्द्र यादव उर्फ काजू जी ने उन्हें असाधारण समाजसेवी की संज्ञा देते हुए कहा कि हर वर्ग के लोग उनकी तारीफ के साथ उनका दिल से सम्मान करते थे। उनके निधन से मैं बेहद स्तब्ध हूं। सोनो ने एक आदर्श इंसान और काबिल डीड राइटर खो दिया है जो सार्वजनिक जीवन में गरिमा , साहस और निष्ठा का प्रतीक था। दूसरों की मदद के लिए वे हमेशा तैयार रहते थे। सोनो ,चकाई एवं झाझा के जनता की सेवा के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। मैं उन्हें कोटि- कोटि प्रणाम निवेदित करता हूं। पूर्व शाखा प्रबंधक व भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शैलेश कुमार ने कहा कि वह मेरे लिए बेहद मूल्यवान इंसान थे। उनके निधन से मुझे गहरा सदमा और दुख पहुंचा है। इस खबर को स्वीकार करना मुश्किल है। पूरे जिले शोकाकुल है और उससे भी ज्यादा सभी संप्रदाय के लोग मर्माहत हैं। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। ऊँ शांति। मुखिया संध के जिलाध्यक्ष व लोहा पंचायत मुखिया जमादार सिंह , डॉ. ओम प्रकाश सिंह, त्रिपुरारी सिंह , डॉ. ब्रह्मदेव प्रसाद, जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष रामचरित्र मंडल,डॉक्टर एम एस परवाज लोजपा आर के प्रदेश महासचिव व चकाई विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय कुमार मंडल, महेंद्र यादव, रजनीकांत मिश्र उर्फ ललन मिश्रा, ग्रामीण अमीन विनोद पांडेय, महेंद्र दास, परमेश्वर दास, मनकेश्वर शर्मा, बर्णवाल समाज के प्रखंड अध्यक्ष अवधेश कुमार बर्णवाल, मनोज बर्णवाल,प्रभु राम, अशोक सिंह, चंद्रशेखर सिंह, भाजपा नेता रंजीत सिंह सरपंच मीठु यादव, पूर्व उपसरपंच विजय कुमार यादव,साधु शरण राम आदि ने भी डीड राइटर के निधन पर शोक व्यक्त किया और गतात्मा की शांति हेतु प्रार्थना की है। ंचतत्व में विलीन, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब। चकाई रजिस्ट्री कचहरी में डीड राइटर राजेंद्र लाल का हार्ट अटैक से निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार बरनार नदी धाट पर किया गया। उन्हें मुखाग्नि उनके पुत्र सुनील ने दी। रविवार को अचानक तवियत बिगड़ गई और निधन हो गया।डीड राइटर राजेंद्र लाल की मृत्यु की खबर सुनते ही रिश्तेदार एंव शुभचिंतकों का पहुंचना लगातार सिलसिला जारी रहा है।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. दिग्विजय सिंह की 14 वीं पुण्यतिथि आज



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के नागी नकटी कटहरा नदी तट के तटीय क्षेत्र में बसे कुंधुर पंचायत अंतर्गत पड़नेवाले नयागांव स्थित समाधि स्थल पर दिवंगत पूर्व बांका सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. दिग्विजय सिंह दादा की 14 वीं पुण्यतिथि 24 जून को श्रद्धाभाव के साथ समाधि स्थल पर मनायी जाएगी। उक्त आशय की जानकारी स्व. दादा की पुत्री व जमुई विद्यायक श्रेयसी सिंह ने दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 24 जून को नयागांव स्थित समाधि स्थल पर सोमवार की सुबह 09 बजे से इस क्षेत्र के कई दिग्गज नेताओं,बुद्धिजीवियों व समाजसेवियों एवं क्षेत्र की जनता का अपने चहेते दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देने हेतु समाधि स्थल पर आगमन होगा।

## दो गाड़ियो से विदेशी शराब, बियर के साथ दो तस्कर हुआ गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

19 पीस केन बियर और 34 पीस अलग अलग मात्रा का विदेशी शराब बरामद हुआ। तो वही आपराधिक गतिविधि, यात्रियो की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत आरपीएफ के द्वारा अप में आने वाली गाड़ी 03131 अप सियालदह गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस के कोच संख्या एस 7 से भारी मात्रा में केन बियर बरामद हुआ है। जिसमें दो शराब तस्कर की गिरफ्तारी भी हुई है। जिसके बाद आरपीएफ ने बरामद केन बियर और गिरफ्तार दोनो शराब तस्कर को रेलपुलिस को अग्रिम कार्रवाई हेतु सौंप दिया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए रेलथानाध्यक्ष बृंद कुमार ने बताया कि पकड़े गए शराब तस्कर की पहचान सूरज कुमार एवं बबलू कुमार के रूप में हुई है जिसके पास से 130 पीस केन बियर बरामद हुआ है। दोनो मामलों में रेलथाना में प्राथमिकी दर्ज कि गई है।

जमुई [ झाझा ] झाझा रेलपुलिस और आरपीएफ ने बिहार में रेलमार्ग के रास्ते लाए जा रहे दो अलग अलग गाड़ियों से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ केन बियर बरामद किया है। रेलपुलिस के द्वारा दी गई जानकारी अनुसार अप में आने वाली गाड़ी हावड़ा मोकामा एक्सप्रेस के प्लेटफार्म पर लगते ही रेलपुलिस के द्वारा सर्च अभियान चलाया गया तो उक्त गाड़ी के इंजन के पीछे दूसरा साधारण बोगी से एक प्लास्टिक का झोला लावारिस स्थिति में बरामद हुआ जिसको संदेह के आधार पर सर्च किया गया तो उसमें

## तेतरिया ने सुदामापुर को किया पराजित



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/बरहट। सुदामापुर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट के आठवां मैच रविवार को डाढ़ा पंचायत के सुदामापुर मैदान में सुदामापुर टीम बनाम तेतरिया टीम के बीच खेला गया। सुदामापुर की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में सभी विकेट खो कर 100 रन बनाये। इसमें सुदामापुर टीम के खिलाड़ी सक्षम ने नाबाद 20 रन, राहुल ने 15 रन, नीरज ने 11 रन का योगदान दिया। तेतरिया टीम के खिलाड़ी बादल, चिक्कू, बबलू और दिनकर ने 2-2 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी तेतरिया की टीम ने 6 ओवर में तेतरिया टीम के बल्लेबाज चिक्कू कुमार ने 48 रन और बादल कुमार ने 32 रन का योगदान दिया। सुदामापुर टीम के खिलाड़ी राहुल कुमार और नीरज ने 1-1 विकेट लिया। इस प्रकार से तेतरिया की टीम ने मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तेतरिया टीम के खिलाड़ी चिक्कू कुमार और प्लेयर ऑफ द सीरीज दिनकर कुमार को दिया। मुख्य अतिथि अमरेंद्र कुमार अत्री उर्फ खोखन सिंह संस्थापक सदस्य जन सुराज ने विनर और रनर टीम को मेडल देकर हौसला अफजाई किया। इस दौरान बलराम यादव, विवेक सिन्हा, जनसुराज के टीम विकास कुमार सिंह, आकाश द्वीप, परमात्मा कुमार, सदाब खान, गुडन कुमार, जनार्दन कुमार के साथ-साथ कई खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित थे।

## 442 वीं यात्रा में मंच के सदस्य पहुंचा उझंडी ग्राम

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। साईकिल यात्रा एक विचार जमुई के बैनर तले अपने निरंतर रविवारीय यात्रा के 442 वें यात्रा के क्रम में एक दर्जन सदस्यो का समूह आज जमुई नगर परिषद के उझंडी ग्राम पहुंची। जहां मंच द्वारा उक्त ग्राम के तालाब के बगल खाली स्थान पर पार्क बनाने को लेकर चलाई जा रही मुहिम को लेकर परिसर की हरा भरा करने के लिए आगे कार्य किया गया। मंच से जुड़े सदस्य मनीष कुमार ने बताया की उझंडी ग्राम के यूवाओ के साथ मिलकर पूर्व की यात्रा में कई दर्जन लकड़ी एवं छायादार पौधा लगाया गया था। जो सभी सुरक्षित है अब पेड़ भी बन रहा है। आज उस परिसर को सुंदर बनाने के लिए दो दर्जन फूल वाली पौधा लगाई गई साथ ही उझंडी ग्राम के यूवाओ द्वारा सामूहिक रूप से राशि इकट्ठा कर पूरे परिसर को जाली से घेराबंदी किया जा रहा है। इस कार्य में हर घर से किसी ना किसी प्रकार का सहयोग लिया जा रहा है ताकि पर्यावरण संरक्षण करने की आदत सभी में आए और हर गांव इससे प्रेरित होकर लुप्त होती बगीचा को पुनर्जीवित करने का सामूहिक प्रयास करें। मौके पर उपस्थित मंच के सक्रिय सदस्य लड्डू मिश्रा ने अपने फूफा जी स्वर्गीय पंडित सीताराम मिश्र ( सरकार जी ) के आकस्मिक निधन होने पर उनके याद में पौधे लगाए और दिव्य आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हरेक लोगों द्वारा अपने पूर्वजों की याद में पौधारोपण करना चाहिए ताकि उनकी याद जीवन भर साथ रहे इससे न केवल पर्यावरण के प्रति संरक्षण की भावना बढ़ेगी बल्कि उनकी याद भी हमेसा प्रतिकात्मक रूप से सहेजा जा सकता है। सदस्य शैलेश भारद्वाज एव ठाकुर डुगडुग सिंह ने कहा कि आगामी मानसुन में प्रत्येक व्यक्ति सिर्फ एक पौधा भी लगा दे तो हर क्षेत्र स्वस्थ बनेगा। पहले हर गांव में एक बगीचा होती थी जहां लोग स्वास्थ लाभ के सुबह शाम आते थे इससे ग्रामीण क्षेत्र में बीमारी की प्रतिशत को कम रहता है। लेकिन बगीचा लुप्त होने से गावों में भी बीमारी का फैलने लगी है। इससे बचने के लिए हर क्षेत्र में सामूहिक प्रयास से पौधारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर राहुल राठौर,गोलू कुमार, राकेश कुमार, सीपू सिंह परिहार, ठाकुर डुगडुग सिंह, लड्डू मिश्रा, विवेक कुमार, शैलेश भारद्वाज, सचीराज पद्माकर, चंदन कुमार, रोहित कुमार, अमर, संजीव कुमार, राजा कुमार, शशि भूषण कुमार, रंजन कुमार, गुड्डू कुमार, जितेंद्र रावत, बबलू कुमार, मनीष कुमार, यशराज, पप्पू रावत, छब्बू कुमार, रुपेश कुमार, कृष कुमार सहित कई ग्रामीण थे।

# केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में मची है लूट

## चीनीकौर आहर के बांध पर एक भी वृक्ष नही,लेकिन प्रत्येक माह किया जा रहा पैसे का निकासी

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई जिले के गिद्धौर प्रखंड के पतसंडा पंचायत में मनरेगा की क्रियान्वित योजनाओं में लूट की होड़ मची हुई है। इसमें प्ररवंड के पदाधिकारी से लेकर पंचायत के जनप्रतिनिधि यहां तक की रोजगार सेवक की मिली भगत से पैसा को किया जा रहा है। बंदरवाट।ताजा मामला पतसंडा पंचायत के चीनीकौर आहर के बांध पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत वृक्ष लगाया गया था।लेकिन आहर पे एक भी जिंदा वृक्ष नही है और प्रत्येक माह चार हजार पैसे कि निकासी किया जा रहा है।यही वजह है कि क्रियान्वित योजनाओं में योजना स्थल पर बोर्ड नहीं लगाया जा रहा है। बोर्ड नहीं लगने पर प्राक्कलन में आसानी से चोरी की जा सकती है। जबकि सरकार का स्पष्ट आदेश है कि किसी भी योजना के कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड जरूर लगाएं ।उस बोर्ड में योजना का नाम,योजना की प्रकलित राशि, संवेदक का नाम आदि का जिक्र अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए।जानकारी के अनुसार गिद्धौर प्रखंड में 40 से अधिक गांव में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत योजनाएं हो रही है।यहां पैन सफाई,तालाब खुदाई,वृक्षारोपण एवं मिट्टी भराई के कार्य के अलावे सहित सौ से अधिक योजनाओं का संचालन हो रहा है। बता दे कि कार्यस्थल पर योजना का बोर्ड नहीं लगाए जाने से सरकारी राशि की लूट करने की आजादी है। ऐसे में आम लोगों को योजना और प्राक्कलन की जानकारी नहीं मिल पाती है।पंचायत से लेकर प्रखंड तक के विभागीय कर्मी एवं पदाधिकारी की मेल से सरकारी राशि की लूट का जरिया बना लिया है। ऐसे में ग्रामीण मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए केंद्र प्रायोजित मनरेगा योजना मजदूरों को घर पर ही मनरेगा उपलब्ध कराने और चेहरे पर खुशहाली लाने के बजाय लूट,खसोट का जरिया बनकर रह गया। खैर जो भी हो इन दिनों गिद्धौर प्रखंड भर में मनरेगा योजना में लूट मची हुई है और जिले के आला अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे कि मजदूर की रोजी-रोटी की खतरा मंडरा रहा है देखने वाली बात यह होगी कि सरकार मनरेगा को कब तक विभागीय कर्मी के द्वारा लुटवाया जाएगा यह योजना मुखिया,पंचायत समिति सदस्य,मनरेगा पीओ,प्राक्कलन पदाधिकारी सहित अन्य के लिए कामधेनु बनकर रह गया है।

# सौर ऊर्जा की ओर पूर्व मध्य रेल के बढ़ते कदम जीरो कार्बन उत्सर्जन मिशन पर तीव्र गति से कार्य प्रगति पर

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर । पूर्व मध्य रेल द्वारा एक जीरो कार्बन उत्सर्जन मिशन की दिशा में सार्थक कदम उठाते हुए प्रचलित उर्जा के प्रयोग को कम करने और सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु कई स्टेशनों एवं प्रशासनिक भवनों तथा समपार फाटकों पर सोलर सिस्टम लगाया गया है। वर्तमान में पूर्व मध्य रेल में पांचों मंडलों एवं मुख्यालय, हाजीपुर में कुल 2197.52 ङहस्त्र क्षमता का सोलर पैनल लगाया जा चुका है। इन सोलर पैनलों से वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 18.54 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ जिससे बिजली बिल के मद में 77.81 लाख रुपए की बचत हुई । इनमें मुख्य रूप से महाप्रबंधक कार्यालय भवन, हाजीपुर में 510.4 ङहस्त्र तथा दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय एंड हॉस्पीटल में 500 ङहस्त्र क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित है ।इसी तरह गया मेमू शेड में 272 ङहस्त्र, पाटलिपुत्र स्टेशन पर 140 ङहस्त्र तथा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, सोनपुर में 110.4 ङहस्त्र क्षमता के सोलर प्लांट कार्य कर रहे हैं । समस्तीपुर मंडल के 30 स्टेशनों यथा - जयनगर, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, मोहम्मदपुर, ककरघाटी, टेक्टर, तारसराय, भैरापट्टी, अलीनगर टोला, रूपौली, जोगिआरा, राजनगर, पण्डौल, हरपट्टी, सोनबरसा कचहरी, रामभद्रपुर, चमुआ, परसौनी, मुरलीगंज, रून्नी सैदपुर, डुमरा, बाजपट्टी, कमतौल, मुक्तापुर, किशनपुर, हायाघाट, मनीगाछी, बिरौल एवं लोहना रोड स्टेशन तथा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कुल 222.38 ङहस्त्र क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया है। दानापुर मंडल के 07 स्टेशनों यथा - पाटलिपुत्र, फुलवारीशरीफ, पटना साहिब, फतुहा, बख्तियारपुर, बाढ, राजगी स्टेशनो तथा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सेंट्रल हॉस्पीटल एवं पटना पावर हाउस में कुल 862.4 ङहस्त्र क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया है। धनबाद मंडल के 08 स्टेशनों यथा - नेसुब गोमो, गढ़वा रोड, पारसनाथ, हजारीबाग, गझंडी, बरकाकाना, नगर उंटारी एवं सिंगरौली स्टेशनों पर कुल 85.94 ङहस्त्र क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया है। पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 07 स्टेशनों यथा - फेसर, कजरत नावाडीह, इस्माइलपुर, चिरैलापौथू बिहार, बगहा बिशुनपुर, गुरारू, जाखीम स्टेशनों पर तथा वैगन केयर सेंटर/डीडीयू, मेमू शेड/गया एवं सिक लाईन/गया में कुल 386 ङहस्त्र क्षमता का सोलर प्लांट कार्य कर रहा है। सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन एवं पहलेजा स्टेशन पर कुल 130.4 ङहस्त्र क्षमता का तथा महाप्रबंधक कार्यालय, हाजीपुर में 510.4 ङहस्त्र क्षमता का सोलर प्लांट कार्य कर रहा है । इसके साथ ही पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के कुल 260 स्टेशनों, 120 अन्य भवनों तथा 116 समपार फाटकों पर कुल 9432 ङहस्त्र क्षमता का सोलर प्लांट लगाने का कार्य प्रगति पर है ।इनमें दानापुर मंडल में 39 स्टेशन, 30 अन्य भवनों तथा 20 समपार फाटकों पर कुल 2630 ङहस्त्र क्षमता का सोलर प्लांट; सोनपुर मंडल में 60 स्टेशन, 14 अन्य भवनों तथा 16 समपार फाटकों पर कुल 1375 ङहस्त्र क्षमता का सोलर प्लांट; समस्तीपुर मंडल में 50 स्टेशन, 28 अन्य भवनों तथा 80 समपार फाटकों पर कुल 1027 ङहस्त्र क्षमता का सोलर प्लांट; धनबाद मंडल में 91 स्टेशन एवं 39 अन्य भवनों पर कुल 3760 ङहस्त्र क्षमता का सोलर प्लांट; पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 20 स्टेशन एवं 09 अन्य भवनों पर कुल 640 ङहस्त्र क्षमता का सोलर प्लांट लगाने का कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर है। विदित हो कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रचलित ऊर्जा का कम-से-कम प्रयोग करना आवश्यक है ।सोलर ऊर्जा से एक ओर जहां बिजली खरीदने में होने वाले व्यय को कम करते हुए राजस्व की बचत हो रही है वहीं दूसरी ओर स्वच्छ पर्यावरण बनाये रखने में भी सहायक सिद्ध होगी ।

# विचार मंथन



**सम्पादकीय**

## जीरो टेरर प्लान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अपने निर्णायक चरण में है। आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर महज छद्म लड़ाई रह गया है। केंद्रशासित प्रदेश में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक हुई जिसमें शाह ने आंतकी गतिविधियों पर पूरी तरह नकेल कसने यानी जीरो टेरर प्लान लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को मिशन मोड पर काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिशिचत करने का भी निर्देश दिया। मोदी सरकार के जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में कोई कसर न छोडे की बात भी दोहराई। आने वाले महीनों में प्रदेश में चुनाव भी होने हैं, और चौबंद सुरक्षा से चुनाव सहजता से कराने में मदद मिलेगी। शाह ने जून के अन्त में शुरू होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। हालांकि बीते हफ्ते ही आतंकियों ने राज्य के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए जिनमें नौ तीर्थयात्रियों मौत और एक जवान शहीद हो गया। घटना में सात सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य घायल हुए हैं। हालांकि इस दरम्यान मुठभेड़ में सेना ने दो आतंकी मारे गिराए जिनकी पहचान पाकिस्तानी नागरिक के तौर पर हुई। उनके पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार बरामद हुए। सरकार के कड़े रुख और स्पष्ट निदेर्शों के चलते सैन्य बलों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। खासकर मोदी सरकार के शांति बहाली के प्रयासों से स्थानीय रहवासी भी सुकून की सांस ले पा रहे हैं। सीमा पार से आतंक रोकने और घुसपैठियों का खात्मा करने की कोशिशों का ही नतीजा है कि कश्मीर में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। सरकार द्वारा बहुस्तरीय सुरक्षा कवर लगाने का आह्वान तथा तीर्थस्थलों और सभी पर्यटन स्थलों के प्रति सुरक्षा बढ़ाने की कवायद में तेजी लाने का असर जल्द देखने को मिल सकता है। मानव खुफिया जानकारी जुटाने और घुसपैठ के ठिकानों को बंद करने के अलावा क्षेत्र में सक्रिय आतंकियों का सफाया करने निर्णय केंद्र के सकारात्मक प्रयासों का नमूना है। प्रतीत हो रहा है कि तीसरी बार सत्ता में आते ही मोदी सरकार ने पूरी तैयारी के साथ आतंकवाद से जूझने के लिए कमर कस ली है।

## संविधानिक ढांचे और लोकतंत्र को चुनौती

वे माओवादी हिंसा को दरकिनार करके इसे गरीब आदिवासियों का विद्रोह कहती हैं। करीब डेढ़ दशक पहले उन्होंने रेड कॉरिडोर के केंद्र माने जाने वाले बस्तर की गुपचुप यात्रा की और दंडकारण्य में माओवादियों के साथ काफी वक्त बिताया। वे माओवादियों को भाई, साथी या कॉमरेड कह कर लाल सलाम कहने में फख्र महसूस किया करती थीं। उन्हें संविधान और लोकतंत्र आदिवासियों की खिलाफत का अस्त्र नजर आता है। 1997 में प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरुंधती रॉय अपनी किताब वॉकिंग विद द कॉमरेड्स में लिखती हैं-भारतीय संविधान, जो भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला है, संसद द्वारा 1950 में लागू किया गया। यह जनजातियों और वनवासियों के लिए दुःख भरा दिन था। संविधान में उपनिवेशवादी नीति का अनुमोदन किया गया और राज्य को जनजातियों की आवास भूमि का संरक्षक बना दिया गया। मतदान के अधिकार के बदले में संविधान ने उनसे आजीविका और सम्मान के अधिकार छीन लिए। अरुंधती अपनी इस किताब में माओवादियों को आंतरिक सुरक्षा का खतरा बताए जाने का मखौल उड़ाती हैं। भारत की यह ख्यात लेखिका मानवाधिकार के मुद्दों पर सरकार पर हमले करने से परहेज नहीं करतीं। अरुंधती कश्मीर में तैनात फौज को जनता की दुश्मन बताती हैं। उन्हें संसद पर हमले के प्रमुख आरोपी अफजल गुरु से हमदर्दी रही। अपने ब्लॉग में वह भारत की पूरी न्याय प्रक्रिया पर कटाक्ष करते हुए कहती हैं-लेकिन अब जब अफजल गुरु को फांसी दे दी गई है, तो मुझे उम्मीद है कि हमारी सामूहिक अंतरात्मा संतुष्ट हो गई होगी। या फिर हमारे खून का प्याला अभी भी आधा ही भरा है? 2010 में राजधानी दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने सार्वजानिक रूप से कहा-कश्मीर कभी भी भारत का हिस्सा नहीं था और उस पर भारत के सशस्त्र बलों ने जबरन कब्जा कर लिया था। कश्मीर की पृथकतावादी ताकतों के लिए अरुंधती पसंदीदा चेहरा हैं, और उनके विचारों को वे भारत के बौद्धिक वर्ग की आवाज कह कर दुनिया भर में प्रचारित करते हैं। 2010 में दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया था। उन पर भारत विरोधी भाषण देने और कश्मीरी अलगाववाद का समर्थन करने का आरोप लगाया गया। अब अरुंधती रॉय के खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत मुकदमा चलेगा। अरुंधती अच्छी लेखिका हैं

## लोकसभा का अगला स्पीकर कौन?

संजय दीक्षित

नई संसद का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है। 26 जून को लोकसभा के लिए स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पद के लिए चुनाव होगा। परम्परा के अनुसार डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाता है। परन्तु पिछली लोकसभा में कोई भी अधिकृत विपक्ष का नेता नहीं था क्योंकि उसके पर्याप्त संख्या में लोकसभा में सदस्य नहीं थे। शुरू-शुरू में जनता दल (यूनाइटेड) ने रेलवे और वित्त मंत्रालय की मांग की थी, तेलगुदेशम ने स्पीकर का पद चाहा था। परन्तु भाजपा स्पीकर का पद अपने पास रखना चाहती है। असल में किस सदस्य को निष्कासित करना या किसी दल में टूटन की स्थिति में कौन असली पार्टी है, किसके पास चुनाव चिन्ह रहेगा, स्पीकर तय करता है। पिछले दिनों हुई बैठक में जिसमें एन.डी.ए. के सहयोगी दलों के सदस्य थे, उन्होंने सर्वसम्मति से स्पीकर पद पर भाजपा के चुनने का अधिकार दे दिया है। भाजपा ने उदारता दिखलाते हुए डिप्टी स्पीकर का पद अन्य सहयोगी दलों को देना तय हुआ है। ऐसी स्थिति में विपक्ष स्पीकर के लिए अपना उम्मीदवार उतार सकती है, यद्यपि संख्या बल को देखते हुए उसका जीतना असंभव है। असल में स्पीकर का आसन बहुत जिम्मेदारी का होता है। सभी सदस्यों को उसके प्रति उदारता दिखलानी चाहिए। परन्तु इस चुनाव में दोनों पक्षों की ओर से जैसा प्रचार हुआ, उसे कड़वाहट और बढ़ गई और विपक्ष अपना उम्मीदवार जरूर उतारेगी। यद्यपि उसके जीतने के कोई चांस नहीं है, फिर भी इससे स्पीकर पद की गर्म में तो कमी आयेगी ही। असल में शायद भाजपा पुनः ओम बिरला को चुनना पसंद करे और डिप्टी स्पीकर के लिए तेलुगु देशम की किसी महिला को यह पद देना चाहेंगे। चन्द्रबाबू नायडू की पत्नी दग्गुबाती पुरंदेश्वरी का नाम स्पीकर पद के लिए लिया जा रहा था, पर वे इतनी सीनियर हैं कि डिप्टी स्पीकर का पद शायद ही स्वीकार करें। जब कोई दल टूटता है तो स्पीकर का निर्णय अहम हो जाता है।

महाराष्ट्र में शिवसेना की टूटने पर स्पीकर ने अपना फैसला डाले रखा, और चाहा कर भी सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सका कि यह आरोप न लगे कि स्पीकर के अधिकार का सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण किया है। यूं कहने के लिए यह एन.डी.ए. की सरकार है परन्तु असल में यह भाजपा की ही सरकार है। मंत्री पद के बंटवारे से यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो गई है। असल में जे.डी.यू. के 12 और तेलुगु देशम के 16 सदस्यों के अलावा शेष दल के मात्र एक-एक सांसद हैं और सभी को मंत्री पद मिल गये हैं। वे किस बलबूते पर बगावत कर सकते हैं। भाजपा 240 सीटें जीतकर बहुमत के आंकड़े से 32 काम हैं। परन्तु अनेक स्वतंत्र उम्मीदवारों ने भाजपा का समर्थन किया है। ऐसे में अन्य दलों में नरेंद्र मोदी की पर्सनेलिटी के बराबर कोई टिक ही नहीं सकता। इस कारण इस तीसरे कार्यकाल में भी मोदी जी उसी तत्परता से अपना लक्ष्य पूरा कर सकेंगे, जैसे वे पिछले कार्यकालों में कर चुके हैं। असल में 400 पर का नारा और भाजपा को 370 के नारे ने लोगों में उदासीनता भर दी थी। फिर इस भयंकर गर्मी में बहुत से भाजपा के समर्थक वोट डालने गये ही नहीं। इसी कारण इस बार वाराणसी से नरेंद्र मोदी जी को उतने मतों से बढ़त नहीं मिली जितने पहले और दूसरे कर्यकाल के दौरान मिली थी। मोदी जी का करिश्मा ही कुछ ऐसा है, कि लोग अपने को मोदी का परिवार मानते हैं। फिर उनकी कर्मठता और निष्ठा के सामने कोई भी विपक्ष का नेता टिक नहीं पाता। विपक्ष वैसे भी खंडित है, तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में अकेले चुनाव लड़ा। मायावती ने विपक्ष को ज्वाइन ही नहीं किया यद्यपि इस बार लोकसभा में उनका कोई उम्मीदवार नहीं है। असल में जिस तेजी से विभिन्न क्षेत्रों में देश में विकास हो रहा है, उसको देखते हुये तो सभी को एक होकर भारत के विश्व गुरु बनने में मदद करनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से बढ़कर देश का विकास पहले है।

# यह है कानून का राज : हम कब करेंगे आत्मावलोकन?

**स्विस प्रशासन इस परिवार द्वारा अपने नौकरों का शोषण किये जाने पर गत 6 वर्षों से नजर रख रहा था। हिंदुजा परिवार के सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने अपने जेनेवा स्थित बंगले में काम करने के लिए भारत से कामगारों को बुलाया और उनका शोषण किया। इस परिवार पर मानव तस्करी के भी आरोप हैं। हिंदुजा परिवार ने अपने नौकरों के पासपोर्ट जब्त कर लिये थे और उन्हें न्यूनतम से भी कम मजदूरी दे रहे थे। साथ ही इन कामगारों के बाहर निकलने व कहीं आने-जाने पर भी हिंदुजा परिवार की ओर से पूरी रोक लगी हुई थी। सरकारी वकील के मुताबिक हिंदुजा परिवार अपने एक कुत्ते पर एक नौकरों से ज्यादा पैसे खर्चकरता था। ह्यह्न मिसाल के तौर पर इस परिवार ने एक नौकरानी जो एक दिन में 18 घंटे काम करती थी उसे तो केवल 7 पाउंड मिलते थे। जबकि स्विस कानून के अनुसार कर्मचारियों को इसके लिए कम से कम 70 पाउंड का भुगतान किया जाना चाहिए था। परन्तु यही परिवार अपने एक कुत्ते के रखरखाव और खाने पर सालाना 10 हजार अमेरिकी डॉलर खर्च करता था। कई नौकरों को बिना छुट्टी के पूरे सप्ताह काम करना होता था। उन्हें वेतन भी स्विस करेंसी यानी फ्रैंक्स में देने के बजाय भारतीय रुपये में दिया जाता था। हालाँकि यह अदालती फैसला आने के एक सप्ताह पहले हिंदुजा परिवार ने भारी रकम चुकाकर तीन पीड़ित कामगारों से अदालत के बाहर समझौता भी किया था। गौर तलब है कि मूल रूप से भारतीय, हिंदुजा परिवार का लगभग 47 बिलियन डॉलर का कारोबारी साम्राज्य है।**





**तनवीर जाफरी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

स्विट्जरलैंड की एक अदालत ने ब्रिटेन के सबसे अमीर भारतीयों में गिने जाने वाले भारतीय मूल के हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को अपने नौकरों के शोषण के मामले में दोषी करार देते हुए उन्हें चार से साढ़े चार वर्ष तक की कारागार की सजा सुनाई है। स्विस प्रशासन इस परिवार द्वारा अपने नौकरों का शोषण किये जाने पर गत 6 वर्षों से नजर रख रहा था। हिंदुजा परिवार के सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने अपने जेनेवा स्थित बंगले में काम करने के लिए भारत से कामगारों को बुलाया और उनका शोषण किया। इस परिवार पर मानव तस्करी के भी आरोप हैं। हिंदुजा परिवार ने अपने नौकरों के पासपोर्ट जब्त कर लिये थे और उन्हें न्यूनतम से भी कम मजदूरी दे रहे थे। साथ ही इन कामगारों के बाहर निकलने व कहीं आने-जाने पर भी हिंदुजा परिवार की ओर से पूरी रोक लगी हुई थी। सरकारी वकील के मुताबिक हिंदुजा परिवार अपने एक कुत्ते पर एक नौकरों से ज्यादा पैसे खर्चकरता था। ह्यह्न मिसाल के तौर पर इस परिवार ने एक नौकरानी जो एक दिन में 18 घंटे काम करती थी उसे तो केवल 7 पाउंड मिलते थे। जबकि स्विस कानून के अनुसार कर्मचारियों को इसके लिए कम से कम 70 पाउंड का भुगतान किया जाना चाहिए था। परन्तु यही परिवार अपने एक कुत्ते के रखरखाव और खाने पर सालाना 10 हजार अमेरिकी डॉलर खर्च करता था। कई नौकरों को बिना छुट्टी के पूरे सप्ताह काम करना होता था। उन्हें वेतन भी स्विस करेंसी यानी फ्रैंक्स में देने के बजाय भारतीय रुपये में दिया जाता था। हालाँकि यह अदालती फैसला आने के एक सप्ताह पहले हिंदुजा परिवार ने भारी रकम चुकाकर तीन पीड़ित कामगारों से अदालत के बाहर समझौता भी किया था। गौर तलब है कि मूल रूप से भारतीय, हिंदुजा परिवार का लगभग 47 बिलियन डॉलर का कारोबारी साम्राज्य है। हिंदुजा समूह का निवेश मुख्यतः कंस्ट्रक्शन,होटल, कपड़े, ऑटोमोबाइल, ऑयल, बैंकिंग और फाइनेंस जैसे क्षेत्र में है। ब्रिटेन में हिंदुजा परिवार की अनेक बहुमूल्य इमारतें भी हैं। जेनेवा के इस अदालती फैसले ने एक बात तो साबित कर ही दी है कि स्विट्जरलैंड में न केवल कानून का राज है बल्कि वहां का कानून इस बात की भी परवाह नहीं करता कि आरोपी कितना अमीर व कितना रसूखदार है। साथ ही यह भी कि शोषित व पीड़ित वर्ग का व्यक्ति कितना ही गरीब व असहाय क्यों न हो मानवाधिकारों का पक्षधर वहां का कानून उसके साथ है।

अब जरा इसी अदालती फैसले के सन्दर्भ में हम अपने देश के वास्तविक हालात का भी आंकलन करें। भारत सरकार द्वारा बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के अनुच्छेद 24 के अनुसार कारखानों, खदानों एवं जोखिम भरे कार्यों में किसी बालक, जिसकी आयु 14 वर्ष से कम हो, नहीं लगाया जायेगा। हमारे देश में बाल संरक्षण कानून के अतिरिक्त विस्तृत श्रम कानून भी बने हुये हैं। इन कानूनों की पालना व इन्हें लागू करवाने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर बाकायदा विभाग हैं,विशेष अदालते हैं। गोया पूरी मशीनरी श्रम व बाल संरक्षण हेतु दिखाई देती है जिनपर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च भी होते हैं। परन्तु इन सब के बावजूद धरातलीय स्थिति क्या है यह कौन नहीं जानता। मुख्य मार्ग के ढाबों से लेकर मंत्रियों सांसदों विधायकों व अधिकारियों के घरों तक में श्रम व बाल संरक्षण कानून की धज्जियाँ उड़ती देखी जा सकती हैं। मजदूरों की तो बात छोड़िये अनेक निजी स्कूल्स तक में अधयापकों व अध्यापिकाओं को वेतन कुछ दिया जाता है तो रजिस्टर में दस्तखत अधिक धनराशि लिखकर कराई जाती है। हद तो यह है कि बंधुआ मजदूरी कानून बने होने के बावजूद अभी भी ठेकेदारी प्रथा के तहत तमाम बंधुआ मजदूर काम करते मिल जायँगे जिन्हें ठेकेदार अपनी मनमानी रकम देकर उनसे 8 से 12 घंटे तक काम करवाता है। ईंट के भट्ठों से लेकर सड़क व भवन निर्माण क्षेत्र में भी ऐसे तमाम मजदूर काम करते देखे जा सकते हैं।

अपने देश में कानून का राज ह्यकितना कायम है यह देखने के लिये आपको दर्जनों ऐसे उदाहरण मिल जायेंगे जबकि किसी जघन्य अपराधी ने सत्ता में आने के बाद अपने ही ऊपर चल रहे आपरधिक मुकददमों को ही वापस ले लिया। यह उदाहरण भी मिलेगा कि सत्ता के करीबी व्यक्ति पर चलने वाला दंगे,फसाद,बलात्कार व हत्या तक का मुकददमा सरकार द्वारा वापस ले लिया गया। कई बार देश के बड़े बड़े कानूनविद यहाँ तक कि अनेक पूर्व न्यायाधीश यह कह चुके हैं कि देश की जेलें आमतौर पर ऐसे गरीब व असहाय लोगों से भरी पड़ी हैं जो आर्थिक रूप से गरीब हैं और लम्बी कानूनी लड़ाई लड़ पाने में असमर्थ हैं। भारत में अभी पिछले दिनों हुआ बहुचर्चित पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट मामला भी एक बड़ा उदाहरण है जिसमें दो इंजीनियरों को कुचल दिया गया था। इस मामले में नाबालिग चालक ने दावा किया था कि दुर्घटना के समय उसका ड्राइवर कार चला रहा था। लेकिन जांच में उसका यह बयान झूठा निकला। यहाँ भी पैसे और रसूख के बल पर वह अपने ड्राइवर को पैसों के एवज में जेल भेजकर स्वयं को बचाना चाह रहा था परन्तु चूँकि मीडिया ने इस मामले को तूल दे दिया था और कार का रजिस्ट्रेशन भी नहीं था,उधर कुचले गए दो व्यक्ति भी इंजीनियर थे इसलिये जाँच निष्पक्ष करनी पड़ी और रसूखदारों की साजिश धरी रह गयी। परन्तु उनका यह दुस्साहस स्वयं यह बताता है कि भारत में ऐसा संभव है कि रसूखदार स्वयं को बचने के लिये अपने ड्राइवर या नौकर को आगे कर देते हैं। याद कीजिये फरवरी 2022 में जब सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने कहा था कि- ह्यजवाहर लाल नेहरू का भारत ऐसा बन गया है जहां मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लोकसभा में लगभग आधे सांसदों के खिलाफ बलात्कार और हत्या के आरोप लंबित हैं। हालांकि यह भी कहा जाता है कि इनमें से कई आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। ह्य उस समय प्रधानमंत्री ली सीन लूंग द्वारा भारतीय सांसदों को लेकर दिए बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय ने आपत्ति भी जताई थी। परन्तु क्या हम इस सवाल से बच सकते हैं कि विदेशी सांसदों में भारत के बारे में ऐसी शर्मनाक टिप्पणियों की नौबत ही क्यों आती है? क्या पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश और दुनिया ने यह नहीं देखा कि किस तरह विपक्षी दलों के नेताओं यहाँ तक कि मुख्यमंत्रियों तक को भ्रष्टाचार के मामलों में निशाना बनाते हुये उन्हें जेल भेजा गया,अनेक नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापेमारियां की गयीं। परन्तु जब वही अपराधी सत्ता की शरण में चला गया तो उसे मंत्री या सांसद बनाकर महिमामंडित किया गया? ऐसी सरकार व उसके अंतर्गत चलने वाले शासन प्रशासन से आखिर कानून का राज स्थापित होने की हम क्या उम्मीद कर सकते हैं? हिंदुजा परिवार को लेकर स्विट्जरलैंड की अदालत से आया फैसला क्या हमें यह सोचने के लिये मजबूर नहीं करता कि अपने देश में कानून का राज स्थापित करने को लेकर आखिर हम कब आत्मावलोकन करेंगे?

# पाठों में बदलाव साकारात्मक नजरिया

**अब 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में से बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति 2002, गुजरात दंगों से जुड़े पाठ को हटा दिया है। इसकी जगह राम जन्मभूमि आंदोलन की विरासत क्या है इस पाठ को जोड़ा गया है। इससे पहले इतिहास की पुस्तकों में राखीगढ़ी और आर्यों के मूल स्थान से जुड़े पाठ जोड़े गए हैं। एनसीआरटी की पुस्तकों में वाकई सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। इसके पहले भारतीय ज्ञान प्रणाली के संदर्भ में महरौली के लौह स्तंभ के बारे में भी बताया गया है। ऋग्वेद में लोहे के आविष्कार के बारे में बताया गया है। इसी क्रम में सोना, तांबा और कांसा धातुओं के अविष्कार किए गए। अतएव ऐसे पाठों को जोडा भारतीय विज्ञान की विरासत को छात्रों के सामने लाना है। इसी क्रम में भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं। 21 वर्ष की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद आखिरकार यह तय हो गया कि आर्य सभ्यता भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय राखीगढ़ी मैन के नाम से प्रसिद्ध हुए प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12वीं की किताब में बदलाव किया गया है। इसमें इतिहास की पाठ्य पुस्तक में ईट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यता नामक पाठ में आर्यों को मूल भारतीय होना बताया है। इसके अलावा कक्षा 7, 8, 10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है।**





**प्रमोद भार्गव**
**सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक**

राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान और प्रषिक्षण परिषद् की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले पाठों में बदलाव की शुरूआत साकारात्मक नजरिए से हो गई है। अब 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में से बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति 2002, गुजरात दंगों से जुड़े पाठ को हटा दिया है। इसकी जगह राम जन्मभूमि आंदोलन की विरासत क्या है इस पाठ को जोड़ा गया है। इससे पहले इतिहास की पुस्तकों में राखीगढ़ी और आर्यों के मूल स्थान से जुड़े पाठ जोड़े गए हैं। एनसीआरटी की पुस्तकों में वाकई सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। इसके पहले भारतीय ज्ञान प्रणाली के संदर्भ में महरौली के लौह स्तंभ के बारे में भी बताया गया है। ऋग्वेद में लोहे के आविष्कार के बारे में बताया गया है। इसी क्रम में सोना, तांबा और कांसा धातुओं के अविष्कार किए गए। अतएव ऐसे पाठों को जोडा भारतीय विज्ञान की विरासत को छात्रों के सामने लाना है। इसी क्रम में भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं। 21 वर्ष की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद आखिरकार यह तय हो गया कि आर्य सभ्यता भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय राखीगढ़ी मैन के नाम से प्रसिद्ध हुए प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12वीं की किताब में बदलाव किया गया है। इसमें इतिहास की पाठ्य पुस्तक में ईट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यता नामक पाठ में आर्यों को मूल भारतीय होना बताया है। इसके अलावा कक्षा 7, 8, 10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है। इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है। इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है, परंतु अब आर्यों के भारतीय होने के संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विविद्यालय के टॉमस कीवीशील्ड ने किया था। 2003 में अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वशांणु (जीन) के आधार पर आर्यों के भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्ष 2009 में वाराणसी हिंदू विविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आर्यों को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। इसके आधार पर यह तथ्य स्थापित हुआ कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति आर्यों द्वारा निर्मित है। एनसीआरईटी के इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं। इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। इसी तरह कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। प्रोफेसर शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले हैं। साथ ही भिन्न आकार व आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवशेष मिले हैं। तय है भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक संरचना के आधार पर हैदराबाद की संस्था सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस शोध से जो निष्कर्ष सामने आए थे, उनसे स्पष्ट हुआ था कि मूल भारतीय ही आर्य थे। पाश्चात्य इतिहास लेखकों ने पौने दो सौ साल पहले जब प्राच्य विषयों और प्राच्य विद्याओं का अध्ययन शुरू किया तो बड़ी कुटिल चतुराई से जर्मन विद्वान व इतिहासविद् मैक्समूलर ने पहली बार आर्य शब्द को जाति सूचक शब्द से जोड़ दिया। वेदों का संस्कृत से जर्मनी में अनुवाद भी पहली बार मैक्समूलर ने ही किया था। ऐसा इसलिए किया गया जिससे आर्यों को अभारतीय घोषित किया जा सके। जबकि वैदिक युग में आर्य और दस्यु शब्द पूरे मानवीय चरित्र को दो भागों में बांटते थे। प्राचीन साहित्य में भारतीय नारी अपने पति को आर्य-पुरुष अथवा आर्य-पुत्र नाम से संबोधित करती थी। इससे यह साबित होता है कि आर्य श्रेष्ठ पुरुषों का संकेत-सूचक शब्द था। ऋग्वेद, रामायण, महाभारत, पुराण व अन्य संस्कृत ग्रंथों में कहीं भी आर्य शब्द का प्रयोग जातिसूचक शब्द के रूप में नहीं हुआ है। आर्य का अर्थ श्रेष्ठि अथवा श्रेष्ठ भी है। यदि आर्य भारत में बाहर से आए होते तो प्राचीन विपुल संस्कृत साहित्य में अवश्य इस घटना का उल्लेख व स्पष्टीकरण होता।

# टूटती सांसों पर राजनीति करने वालों को सिखाना होगा सबक

डा. रवीन्द्र अरजरिया

देश के लोकतंत्र की व्यवस्था का स्याह पक्ष प्रारम्भ हो चुका है। विधायिका की नींव में राजनैतिक दलों ने मट्ठा पिलाना शुरू कर दिया है। सत्ता, सिंहासन और सल्तनत के लोलिपों व्दारा न केवल परम्परागत मयार्दायें ही तार-तार की जा रहीं हैं बल्कि स्वार्थपरिता की चरमसीमा पर बैठकर संविधान की आड में षडयंत्रकारी योजनाओं को भी अमली जामा पहनाया जा रहा है। कार्यपालिका के अनेक नौकरशाह निरंतर बेलगाम होते जा रहे हैं। नियम, कानून और अनुशासन की धज्जियां उडाने की होड सी लगी है। सरकार के सामने समस्यायें पैदा करने में महारत पाये वेतनभोगियों व्दारा अपनी मनमानियों, लापरवाहियों और अवैध उगाही पर पर्दा डालने के लिये दलगत कीचड उछालने के नये-नये तरीके सुझाये जा रहे हैं। ऐसे में कार्यपालिका और विधायिका के संयुक्त विशेषज्ञ व्दारा तो न्यायपालिका तक को धाराओं, अनुच्छेदों और व्यवस्थाओं में उलझाकर रख दिया है। उनकी पार्टी के सिपाहसालार अपने दायित्वों की पूर्ति के प्रयासों के स्थान पर समस्याओं का ढीकरा दूसरों के सिर पर फोडने में जुटे हैं। दिल्ली में विकराल होते जल संकट को निपटाने के लिए चिट्ठी-चिट्ठी खेल खेला जा रहा है।

समस्या समाधान में देरी के लिए कभी उपराज्यपाल के सिर दोष मढा जाता है तो कभी हरियाणा सरकार को कोसा जाने लगता है। कभी केन्द्र को पहल न करने के लिये कटघरे में खडा किया जाता है तो कभी व्यवस्था के लिए विपक्ष पर अंगुली उठायी जाती है। इतना सब करने वाली आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने पंजाब राज्य की अपनी ही पार्टी की सरकार के साथ मिलकर व्यवहारिक समाधान निकालने में रुचि नहीं दिखाई। सियासी दावपेंचों के मध्य आम आदमी की जिन्दगी दांव पर लगाने वाले नेता धरने पर बैठकर अपने कर्तव्यों की इति मान लेते हैं जबकि हरियाणा सरकार व्दारा आंकडों के साथ दिल्ली की जलापूर्ति का वास्तविक स्वरूप प्रस्तुत किया जा चुका है। वहीं दूसरी ओर संवैधानिक व्यवस्था के लचीलेपन का फायदा उठाकर इस आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल जेल के अन्दर से दिल्ली की सरकार चला रहे हैं। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब आरोपी के रूप में सलाखों के पीछे पहुंचा व्यक्ति मुख्यमंत्री पद पर आसीन ही नहीं है बल्कि निरंतर दिशा निर्देश भी जारी कर रहा है। राजनैतिक दलों के आपसी रसायन से घातक अम्लराज बनने की स्थिति निर्मित हो चली है जिसका उपयोग आम आवाम पर होना लगभग तय है। दिल्ली में गठबंधन के मंच पर समान विचारधारा का बन्दिस प्रस्तुत करने वाले पंजाब में अलग-अलग ढपली पर अलग-अलग राग अलापते रहे। कहीं प्रशंसा तो कहीं निंदा करने वालों की चालों से अल्पसंख्यक ही सबसे ज्यादा ठगे गये हैं। उनकी समझ में नहीं आ रहा है कि साम्प्रदायिकता का भय दिखाकर वोट लेने वाले अब कौन सी नई चाल चलने वाले हैं। वहीं दिल्ली के जल संकट को लम्बा खींचने हेतु राजनैतिक बयानबाजी करने, विपक्ष की सरकारों को कोसने और केन्द्र को घेरने का क्रमबध्द सिलसिला शुरू हो गया है ताकि नागरिकों को विपक्षी दलों के विरोध में उत्तेजित किया जा सके। बैंगलोर, पूना, मुम्बई जैसे अनेक महानगरों में लम्बे समय से चल रही जल समस्या अब विकराल होती जा रही है मगर वहां की सरकारें अपने स्तर पर समाधान कर रहीं हैं।

पानी का परेशानी से जूझ रहे अनेक महानगरों में दसियों कोस दूर से जलापूर्ति हो रही है मगर फिर भी वहां के उत्तरदायी लोगों की स्वीकृति पर बहुमंजिला इमारतों का जंगल निरंतर बढ़ता जा रहा है। औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रहीं हैं। बडे-बडे संस्थान खोले जा रहे हैं। आबादी का घनत्व विस्फोटक स्थिति तक पहुंचता जा रहा है। सैकडों फुट गहरे बोर अब हजार का आंकडा पार करने लगे हैं। नदियां को बालू माफियों ने रेतस्थान बना दिया है। भयावह होती स्थिति की ओर से आंखें बंद करने वाले अनेक उत्तरदायी वेतनभगियों की नजर महीना पूरा होने के बाद केवल बैंक खाते में आने वाली मोटी तनख्वाय, मिलने वाली अन्य सुविधाओं और फर्जी बिलों के भुगतान पर ही टिकी रहती है। कार्यपालिका के ऐसे महारथियों से प्रशिक्षण प्राप्त करके विधायिका के अनेक चेहरे स्वयं के लाभ हेतु हमेशा विपक्ष पर दोष मढे का सत्तासिध्द उपाय ही सुझाते हैं। दायित्वबोध और कर्तव्यबोध के साथ-साथ अब तो राष्ट्रबोध तक अस्तित्वहीन होने की कगार पर पहुंच गया है। स्वार्थवाद के दलदल में आकण्ठ डूबे लोगों के लिए व्यक्तिवाद, परिवारवाद और स्वजनवाद ही सर्वोच्च होता जा रहा है। ईमानदार करदाताओं, अनुशासित नागरिकों और लोकतंत्र की आखिरी पायदान पर खडे लोगों के समर्पण को शारीरिक विलासता पर लुटाने वालों की नैतिकता पूरी तरह से मर चुकी है। टूटती सांसों पर राजनीति करने वालों को सिखाना होगा सबक अन्यथा वे निरीह की लाश पर भी चंदा वसूलने से नहीं चूकेंगे। सत्ता के नशे की आदत में मदहोश हो चुके लोगों को किसी भी कीमत पर सिंहासन की दरकार होने लगी है। आदर्श, सिध्दान्त और मान्यता के मायने खोने लगे हैं। सरकार बनाने के लिए विरोधी विचारधाराओं के पोषक अब आपस में आलिंगनबध्द हो रहे हैं। पार्टियों के आधारभूत दर्शन से लेकर व्यवहारिक स्वरूप तक में परिवर्तन दिखने लगे हैं। सार्वजनिक मंचों से अतीत का संदर्भ लेकर कडी आलोचना करने वाले अब स्वार्थपूर्ति हेतु एक-दूसरे की शान में कसीदे पढने लगते हैं ऐसे में पार्टी के पक्ष में मतदान कर चुके लोगों के पास स्वयं को कोसने के अलावा कोई चारा नहीं बचता।

## संक्षिप्त खबरें

### युवती का शव बरामद, प्राथमिकी दर्ज

मकेर ( सारण) नेशनल हाईवे 777 पर फुलवरिया चवर से एक युवती का शव बरामद किया है । घटना के सम्बंध में बताया जाता हैं कि कुछ ग्रामीण चवर में काम करने हेतु गए हुए थे जहां पर एक शव को कुत्ता नोच नोच कर खा रहा था ,इसकी सूचना ग्रामीणों ने मकेर पुलिस को दिया ।पुलिस ने उक्त स्थल से युवती का शव बरामद कर छपरा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।कुछ ग्रामीणों का कहना है कि मामला प्रेम प्रसंग का हो सकता है फिलहाल फुलवरिया पंचायत के चौकीदार दशरथ मांझी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिसका केसः ल्लङ्क 175/24 है । इस घटना से युवती को लेकर कई तरह की बाते की जा रही हैं ।फिलहाल पुलिस युवती की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही हैं ।इस संबंध में प्रभारी थाना अध्यक्ष शशि रंजन ने बताया कि उक्त हत्या में शामिल सभी लोगो की शिनाख्त कर करवाई की जाएगी

### लापता युवक की मोटरसायकिल मिली, मगर वह नहीं

लहलादपुरः शनिवार के दिन अपने घर से मजदूरी करने निकले युवक की मोटरसायकिल नहर में मिली, मगर वह युवक अभीतक गायब है. लापता युवक के परिजनों के अनुसार वह मजदूरी करने घर से निकला, मगर हर दिन की भांति शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो उसके परिजनों ने उसे जहां-तहां ढूंढ़ना शुरू कर दिया. परिजनों ने बताया कि उसे ढूंढ़ने के क्रम में दयालपुर गांव स्थित शायफन के नजदीक नहर से उसकी मोटरसायकिल प्राप्त हुई. मगर लापता युवक का कोई अत्ता-पत्ता नहीं चला. लापता युवक जनता बाजार थाना क्षेत्र के लहलादपुर गांव निवासी खेडारु राम का 24 वर्षीय पुत्र पप्पु राम बताया जाता है

### आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट

इसुआपुर । थाना क्षेत्र के रामचौरा गांव में दो पक्षों के बीच पूर्व से चले आ रहे विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई । जिसमें तीन लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी इसुआपुर ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से जख्मी स्वर्गीय रामो महतो के पुत्र मुकेश महतो तथा दूसरे पक्ष के स्वर्गीय राजकुमार मांझी के पुत्र रोशन मांझी तथा राजन मांझी को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल रोशन मांझी ने घटना से संबंधित एक लिखित आवेदन इसुआपुर थाना में दिया है।

### कनीय अभियंता से हुई मारपीट के मामले में दर्ज हुई प्राथमिकी

एकमा। स्थानीय नगर पंचायत एकमा बाजार के कनीय अभियंता लालू कुमार से शनिवार के दिन नगर पंचायत के वार्ड संख्या 14 के वार्ड पार्षद उमेश बैठा अपने भाई मुकेश बैठा एवं पांच अज्ञात लोगों के साथ कार्यालय में आकर गाली गलौज करते हुए कार्य में कमीशन मागंने लगें नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए जरूरीयात कागजात को फाड़ दिया। जिस पर कार्यपालक पदाधिकारी पूजा माला के अनुशंसा पर थाना में प्रातमिकी दर्ज कराई गई । पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

### मल्टीलेयर फार्मिंग से किसानों को होगा लाभ

बेतिया(घनश्याम) ।मझौलिया प्रखंड स्तिथ कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि आज घटते हुए जोत और ध्यान में रखते हुए कम जगह में अधिक से अधिक सब्जियां की खेती से आमदनी में वृद्धि के साथ-साथ प्रति इकाई क्षेत्रफल से कम लागत से खेती करना संभव हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र में एक प्रत्यक्षण इकाई की स्थापना की गई है जिसमें करेला, मिर्च, खीरा,अदरक, परवल एवं आम भी लगाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को जागरूक करना है। उद्यान वैज्ञानिक डॉ धीरू तिवारी ने बताया कि कुछ किसान भाई इस तकनीक को अपनाकर खेती कर रहे हैं परंतु उन्हें और आधुनिक तरीके से इस तरह की खेती को करने की आवश्यकता है। इस तकनीकी का उपयोग करने से प्रतेक किसान तीस से चालीस प्रतिशत का लाभ कमा सकते है।

# देश सेवा के लिए समर्पित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को पूरा कर रहे हैं नरेंद्र मोदी :रणजीत कुमार

## एक देश एक विधान एक निशान के लिए आजीवन कार्य करते रहे श्यामा प्रसाद मुखर्जी : रामदयाल शर्मा

- भारत देश को नई दिशा देने वाले थे श्यामा प्रसाद मुखर्जी : विनय कुमार सिंह
- आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है श्यामा प्रसाद मुखर्जी : वेद प्रकाश उपाध्याय

प्रात :किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी मंडलों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में भाजपा नेताओं, पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने श्रद्धा पूर्वक मनाया।

भाजपा के मुख्य कार्यालय में जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि सह बलिदान दिवस के उपलक्ष में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि एक सच्चे देशभक्त थे श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं उनके सपनों को पूरा कर रहे हैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। बिहार प्रदेश अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष सोनपुर के पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह ने बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत देश को एक नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने एक देश एक निशान एक प्रधान के सिद्धांत के लिए कश्मीर में आजीवन आंदोलन करते रहे उनका नारा था कश्मीर हमारा है को पूरा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय अपने संबोधन में कहा कि सच्चे देशभक्त एवं भारत माता के सपूत थे श्यामा प्रसाद मुखर्जी। पूर्व अध्यक्ष रामदयाल शर्मा ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी आज भी युवाओं को नई दिशा देने का काम करती उनका बलिदान भारत आजीवन याद करते रहेगा।

जिला महामंत्री शत्रुघ्न भक्त ने संचालन किया एवं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हेम नरायण सिंह, लोकसभा संयोजक डॉ धर्मेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामाशंकर मिश्रा,अनु सिंह, गायत्री देवी, मनोज कुशवाहा, जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह, धर्मेंद्र साह, कार्यालय मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर, जिला मंत्री रंजन यादव, डॉ राहुल राज, मनोज पाण्डेय,अंगद साह,नगर अध्यक्ष राजेश फैशन, रिंकू सिंह, शत्रुघ्न चौधरी, अनिल यादव अनुप यादव,नंदन जायसवाल, विक्की श्रीवास्तव,मीरा देवी,नितु सिंह,भरत मांझी, अर्जुन कुमार सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## चिरांद रत्न से सम्मानित हुए धर्म प्रचारक अरुण पुरोहित




प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिला डोरीगंज प्रखंड के चिरांद गांव में 17वां गंगा महाआरती के शुभ अवसर पर चिरांद रत्न से अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक जिला प्रमुख विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री पुनीत कुमार गर्ग जिला सत्र न्यायाधीश छपरा ने मोमेंटो अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मंच संचालन करते हुए शिक्षाविद रामदयाल शर्मा ने अरुण पुरोहित के द्वारा धर्म जागरण पर्यावरण स्वच्छता एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य केलिए ह्लचिरांद रत्नह्व की घोषणा की और बताया सम्मान देने का उद्देश्य यह है कि आप सभी भी अरुण पुरोहित के तरह ही सनातन हिंदू जागरण का कार्य करें ताकि आपको भी सामाजिक संस्थाओं के द्वारा सम्मानित किया जाए । इस अवसर पर अरुण पुरोहित ने कहा कि सारण की जनता का प्रेम एवं स्नेह से हमें कार्य करने की ऊर्जा प्राप्त होती है हमारे समस्त सहयोगियों का यह सम्मान है । आप हम सब मिलकर मां गंगा की स्वच्छता का संकल्प ले ना हम मां गंगा में गंदगी डालेंगे और दूसरे को भी गंगा स्वच्छ रखने का संकल्प कराएंगे। मानसून शुरू होते ही बड़े पैमाने पर पौधा रोपण का कार्यक्रम किया जाएगा। आप सभी भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संतुलित करें इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्री कृष्ण कान्त ओझा, सचिव श्री राम तिवारी, मुख्य अतिथि श्री पुनीत कुमार गर्ग जिला सत्र न्यायाधीश छपरा, श्री परमेंद्र कुमार बाजपेई कुलपति जयप्रकाश विश्वविद्यालय, मुख्य संरक्षक 1008 महंत मैथिली शरण महाराज लक्ष्मण किलाधीश अयोध्या, महंत राम जानकी मठ पातेपुर वैशाली विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी नारायण गुप्ता महापौर नगर निगम छपरा शाहिद हजारों हजार की संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चों ने भाग लिया। काशी से आए 11 बटुकों के द्वारा गंगा महाआरती का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया गया पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। जय मां गंगे हर हर गंगे के उद्घोष से गूंजायमान रहा बंगाली बाबा का घाट।

## फोकानिया मौलवी का डॉक्यूमेंट छात्र-छात्राएं अविलम्ब उपलब्ध करावें : डीएमडब्लूओ

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा । मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि से 2023 में वंचित मौलवी - इंटर पास छात्राए एवं फोकानिया - मैट्रिक छात्र - छात्रओं की राशि सरकार द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है ' इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 2023 में मौलवी प्रथम श्रेणी से पास करने वाले केवल छात्राओं को 15000 दिए जाने का प्रावधान है । जबकि 2023 में प्रथम श्रेणी से फोकानिया- मैट्रिक पास करने वाले छात्र-छात्राओं दोनों को 10000 की राशि प्रोत्साहन के रूप में दिया जाता है । ताकि छात्र-छात्राएं आगे की तालीम हासिल कर सके । गत मार्च में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा राशि उपलब्ध कराया गया था । लेकिन वित्तीय वर्ष समाप्ति होने के कारण सभी छात्र-छात्राओं को राशि नहीं मिल पाया था ' जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी ने यह भी बताया कि प्रोत्साहन राशि से वंचित छात्राओं की राशि सरकार द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है । उन्होंने कहा कि मौलवी-इंटर 2023 में प्रथम श्रेणी से पास छात्राएं एवं फोकानिया-मैट्रिक प्रथम श्रेणी से पास छात्र-छात्राएं दोनों जिन्होंने प्रथम श्रेणी से पास किया है, और उन्हें अब तक प्रोत्साहन राशि नहीं मिल पाया है, अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में मार्कशीट, बैंक अकाउंट, आधार कार्ड एवं आवासीय प्रमाण पत्रों के साथ यथाशीघ जमा करें । ताकि प्रोत्साहन राशि को उपलब्ध कराया जा सके । जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी ने जिला के मदरसा प्रिंसिपल सहित छात्र-छात्राओं से कहा कि समय से डॉक्यूमेंट जमा नहीं करने पर छात्र राशि से वंचित हो जाएंगे, उन्होंने यथाशीघ्र डॉक्यूमेंट जमा करने का आग्रह किया है ।

## बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान



प्रात :किरण संवाददाता

माँझी प्रखण्ड के छोटकी माड़ीपुर तथा गोबरही के साधपुर शीतलपुर गाँव के लोग पिछले कई दिनों से तीन सनकी बंदरों के आतंक से परेशान हैं। दूसरे किसी गाँव से एक साथ छोटकी माड़ीपुर के बगीचे में पहुँचे तीनो सनकी बन्दर अबतक लगभग एक दर्जन ग्रामीणों के साथ साथ कई मवेशियों को भी काटकर उन्हें बुरी तरह जख्मी कर चुके हैं। सभी जख्मी लोगों तथा मवेशियों का सरकारी अथवा निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। बंदरों के आतंक से गांव के लोग तथा उस गाँव से होकर आने जाने वाले राहगीर एवम मवेशी बेहद परेशान तथा दहशतजदा हैं। उक्त गाँव निवासी एवम सामाजिक कार्यकर्ता विक्की कुमार सिंह ने बताया कि शाकाहारी प्रजाति से ताल्लुक रखने वाले बंदरों से अलग स्वभाव के ये तीनो सनकी बन्दर अजीबोगरीब ढंग से मवेशियों के मांस नोचकर उसे बड़े ही चाव से खा जा रहे हैं। तीन सनकी बंदरों से जुड़ा यह वाकया देखकर ग्रामीण भी हैरत में हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मियों से मिलकर तीनों सनकी बंदरों से निजात दिलाने के उद्देश्य से उन्हें पकड़कर अन्यत्र किसी जंगल में छोड़ने की माँग की है।

## महिला थाना परिसर में महिला थानाध्यक्ष सहित पुलिस कर्मियों ने चलाया साफ- सफाई अभियान

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देश के आलोक में रविवार को महिला थाना परिसर में स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान चलाकर साफ - सफाई का कार्य किया गया।श्रमदान अभियान में महिला थाना की की पुष्पा कुमार ट्विंकल सहित सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भाग लिया। महिला थानाध्यक्ष पुष्पा कुमार ट्विंकल ने बताया कि एसपी बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देश के आलोक में रविवार को अहले सुबह श्रमदान अभियान चलाकर विशेष साफ- सफाई का कार्य किया गया। जहां सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों द्वारा महिला थाना परिसर में लगे पौधों के आस पास विधिवत साफ -सफाई कार्य किया और थाना परिसर में लगे पौधों की सिंचाई भी की गई।

ऊक्त विशेष साफ-सफाई कार्य में एसआई ललित रजक,ओ आर अनिल कुमार,महिला सिपाही नेहा कुमारी,पूजा कुमारी प्राची कुमारी, होमगार्ड तैकिर अहमद, मो.मुन्ना,नागेंद्र महतो शामिल रहे।विशेष साफ-सफाई अभियान के दौरान महिला थाना की एसएचओ पुष्पा कुमार ट्विंकल ने बतायी कि सभी पुलिस कर्मचारियों ने महिला थाना परिसर में लगातार स्वच्छता बनाए रखने,खिड़कियां,दरवाजे, फर्नीचर की साफ सफाई करने के साथ ही थाने के रिकॉर्ड इत्यादि की लगातार देखभाल करने को भी कहा गया।महिला थाना की एसएचओ पुष्पा कुमार ट्विंकल ने बतायी कि प्रत्येक व्यक्ति को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधों को लगाने के लिए आवाह्न की। उन्होंने बतायी कि एक पेड़ के ऑक्सीजन से सैकड़ों लोग लाभान्वित होते हैं।हम सभी जहाँ भी रहे,अपने आस पास के वातावरण को हमेशा स्वच्छ रखना चाहिए।उन्होंने बतायी की महिला थाना परिसर को स्वच्छ तथा सुंदर बनाए रखने के लिए प्रत्येक रविवार को साफ-सफाई करने के लिए श्रमदान का यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मशरक में खरीफ प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जमकर हुआ हंगामा



- बैठने की व्यवस्था नही होने से भड़के किसान

प्रात :किरण संवाददाता

मशरक। मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर के ई किसान भवन मे आयोजित प्रखंड स्तरीय खरीफ प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की विधि व्यवस्था से नाराज जनप्रतिनिधियो के साथ किसानो ने हंगामा करते हुए बीच मे ही बैठक का बहिष्कार कर दिया ।प्रखंड कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार द्वारा नाराज लोगो को समझाने का काफी प्रयास किया गया।

पर विधि व्यवस्था से नाराज लोग पुनः प्रशिक्षण कार्यक्रम मे शामिल नही हुए ।इससे पूर्व प्रशिक्षण प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रविप्रकाश सिंह,जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह, आत्मा के उप परियोजना निदेशक आत्मा समशेर आलम और प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम शुरू होते ही किसानो द्वारा कृषि विभाग द्वारा दी जानी वाली धान के बीज पर आपत्ति जताते हुए हाई ब्रिड बीज की मांग करने की गई ।किसान द्वारा मांग किए जाने वाले बीज मे पायनियर 3727,जेके 401,श्रीराम 505,बार 6444,बायोमसील 205 शामिल थे।

किसानो का कहना था कि विभाग द्वारा दी जाने वाली बीज इस क्षेत्र के लिए उपयुक्त नही है ।बीज के मुद्दे पर बहस चल रही थी इसी बीच कई पंचायत के जनप्रतिनिधि और किसान कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए पहुचे ।छोटे कमरे मे आयोजित कार्यक्रम मे किसानो को इधर-उधर खड़े देख बहरौली मुखिया अजीत कुमार सिंह और दुरगौली मुखिया प्रतिनिधि सतेन्द्र सिंह द्वारा विधि व्यवस्था पर सवाल उठाया गया।

और संख्या के हिसाब से जगह का चयन न कर विभाग द्वारा खानापूर्ति करने का आरोप लगाया गया। उनका कहना था कि खड़े किसानो को पहले बैठने की व्यवस्था करे उसके बाद कार्यक्रम को आगे बढाए ।इसी वादविवाद के बीच जनप्रतिनिधियो के साथ किसान कार्यक्रम का बहिष्कार कर कमरे से बाहर निकल गए।

## लोजपा (रा) के जिला महासचिव की माता की श्राद्ध व ब्रह्मभोज में काफी संख्या में पहुंचे लोग



प्रात :किरण संवाददाता

एकमा - स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड संख्या 14 भरहोपुर गांव निवासी प्रसिद्ध चिकित्सक सह लोजपा रामविलास पार्टी के जिला महासचिव डॉ नीरज दूबे की माता जानकी कुंअर की श्रद्धा क्रम व ब्रह्म भोज में काफी संख्या में शामिल होने पहुंचे। सगे संबंधियों, क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदो समाजसेवियों ,साहित्यकारों ने पहुंचकर दिवंगत माता की तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया ।

इस मौके पर लोजपा रामविलास पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, एकमा के पूर्व जदयू विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ,लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव कामेश्वर सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, उपाध्यक्ष राज रोशन सिंह, पूर्व मुखिया पति रमेश तिवारी ,शिक्षक प्रेम कुमार दुबे ,अरविंद मिश्रा पप्पू दूबे प्रोफेसर अवध बिहारी मिश्रा आदि लोग उपस्थित थे । इस दौरान परिजनों द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच अंग वस्त्र वितरण किया गया। वहीं प्रखंड के पारसा पूर्वी पंचायत के कटेया गांव निवासी समाजसेवी बाबूलाल पंडित के श्राद्ध कर्म व ब्रहम भोज में शामिल हुए मुखिया संघ के उपाध्यक्ष अनिता देवी के पति दीपक गिरि, शिक्षक पुत्र जगत नारायण पंडित व असम राइफल के जवान रामायण पंडित शिक्षक सुजीत कुमार आदि लोगों ने उपस्थित होकर उनका तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया ।

## सभी रक्तदाता है सही मायने में समाज के नायक : जीनत मसीह

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।रक्तदाता ही सही मायने में समाज के नायक हैं जो वैसे लोगों की जान बचाते हैं जिन्हें खून की आवश्यकता होती है ।उक्त बातें रेड क्रॉस सोसाइटी सारण के सचिव जीनत मसीह ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रेड क्रॉस सोसाइटी के बैनर तले अडानी ग्रुप द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रविवार को कही। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के कई आयाम है लेकिन रक्तदान न केवल समाज सेवा है बल्कि सबसे बड़ा दान है ।रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य डॉ० शहजाद आलम ने कहा की रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से अस्पताल में पर्याप्त ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित करने में काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है ।इसमें रेड क्रॉस सोसाइटी के युवा इकाई का अहम योगदान है ।वहीं अडानी ग्रुप के प्राजेक्ट हेड आनंद झा ने कहा कि रक्तदान करने से न केवल हम लोगों की जान बचाने में अपना योगदान करते है बल्कि उस व्यक्ति के साथ खून का रिशता जोड़ लेते है ।रक्तदान करने वाले में अडानी ग्रुप के सर्कल हेड पंकज सिंह, डिवीजन हेड छपरा कौशल कुमार सिंह,अडानी ग्रुप छपरा के सदस्य अमित कुमार मिश्रा,आशीष,कौशल,रविकांत,सुजीत,शंकर कुमार, प्रियारंजन,हर्षित अन्य ने रक्तदान किया ।रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में रेड क्रॉस सोसायटी की सदस्य संजीव चौधरी,अमन राज का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नीट के पेपर को पूर्णतः रद्द कर पुणः आयोजित हो नीट की परीक्षा :अमित नयन

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।रविवार को एआईएसएफ सारण जिला सचिव अमित नयन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि नीट के पेपर लीक मामले में एनटीए और केंद्र सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। पेपर लीक मामले में पिछले दिनों देवघर से छः लोगों को गिरफ्तार किया गया। जो की नालंदा जिला से ताल्लुकात रखते हैं। अमित नयन ने कहा कि 24 लाख छात्रों का भविष्य केंद्र सरकार और एनटीए ऐसी बर्बाद नहीं कर सकता। पिछले 10 वर्षों में देश के बच्चों के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ होते आ रहा है जो की अब बर्दाश्त से बाहर है ।जिला सचिव अमित नयन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के अभी तक शिक्षा मंत्री रहने पर सवालिया निशाना साधा है। अकी केंद्र सरकार क्यों उन्हें शिक्षा मंत्री के पद से हटा रही है? इतना गैरजिम्मेदाराना रवैया अपना कर केंद्र सरकार देश को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि कैसे बिना कोई जांच के शिक्षा मंत्री एनटीए को क्लीन चिट दे रहे हैं? शिक्षा मंत्री का स्टेटमेंट पुरी तरह से गैरजिम्मेदाराना है ।एक तरफ देश में लगातार हर जगह पेपर लीक होते जा रहा है। वहीं केंद्र सरकार और प्रतिष्ठित संस्थान जिन्हें परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी मिली है वह अपना पल्ला झाड़ रहे हैं ।यह देश के लिए बेहद हीं दुर्भाग्यपूर्ण है ।नीट धांधली में उन्हें और एनटीए के अध्यक्ष को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए ।केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को संवेदनशीलता दिखाते हुए तो पेपर लीक के दोषियों को शीघ्रता पूर्वक गिरफ्तार करते हुए कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि भविष्य में ऐसी कोई भी गुस्ताखी करने से माफिया का गिरोह हजार बार सोचे। कई जगह गिरफ्तारिया हो रही है, ऐसे समय में केंद्रीय शिक्षा मंत्री बयान दे रहे हैं की नीट की परीक्षा में कोई धांधली नहीं हुई है। यह बेहद ही असंवेदनशील एवं गैरजिम्मेदाराना है। सभी प्रदेशों को विश्वास में लेकर देश में एक पेपर लीक पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। दोषियों को सख्त से सख्त सजा मुकर्रर हो इसके इंतजामात हो। एआईएसएफ जिला परिषद इसकी मांग करता है कि नीट के पेपर को रद्द करके पुणः नए सिरे के साथ छात्रों को विश्वास में लेकर परीक्षा का आयोजन हो। इसकी हम मांग करते हैं।

## चकिया घाट से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, नाव को भी किया गया जब्त

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा । सारण पुलिस द्वारा जिला भर में अवैध शराब सेवन,निर्माण, बिक्री, भंडारण एवं माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के क्रम में डोरीगंज थाना अंतर्गत चकिया घाट के एक नाव से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया है । सारण एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर डोरीगंज थाना एवं एएलटीएफ टीम की संयुक्त कार्रवाई में डोरीगंज थाना अंतर्गत चकिया घाट पर एक नाव के तहखाना से 1816. 32 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया है । सारण पुलिस द्वारा नाव को भी जप्त कर लिया गया है । एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक चकिया घाट पर कुछ शराब माफिया विदेशी शराब का खेप मंगवाकर नाव से उतार रहे थे, इसी क्रम में सारण पुलिस ने छापामारी कर शराब सहित नाव को भी जप्त कर लिया । इस मामले में डोरीगंज थाना कांड संख्या 133/ 24 दर्ज कर उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है । छापामारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक सह थानाध्यक्ष डोरीगंज सूरज कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सूर्यनारायण मंडल एवं जिला एएलटीएफ टीम सारण आदि शामिल थे ।

## सीआईएसएफ के जवान का ट्रेन से पैर फिसलने से हुई मौत , घर में मचा कोहराम

प्रात :किरण संवाददाता

एकमा - थाना क्षेत्र के पचुवां गांव निवासी स्वः गिरीश देव पाठक के 40 वर्षीय पुत्र सी आई एस एफ के जवान राजेश पाठक उड़ीसा में कार्यरत थे । विभागीय कार्य को लेकर रांची के हटिया शनिवार के दिन आए हुए थे । कार्य निपटारा करने के पश्चात वह उड़ीसा जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के दौरान पैर ट्रेन से फिसल गयी । ट्रेन भी अपनी रफ्तार पकड़ रही थी इसी दौरान ट्रेन के नीचे गिर पड़े जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई । इसकी खबर विभाग को मिलते हैं सी आई एस एफ के अधिकारी व पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया इसके पश्चात शव को अपने कब्जे में लेकर जवान के घर रविवार के दिन पहुंचे । जहां शव पुरा तिरंगा से लिपटा हुआ था । जवान का शव घर के दरवाजे पर पहुंचते ही गांव में पसरी मातमी सन्नाटा घर में मच गई कोहराम जहां अंतिम दर्शन करने के लिए लोगों के तांता लग गई । वही मृतक की पत्नी सीमा देवी बड़ा पुत्र विवेक कुमार छोटा लड़का विकास कुमार का रौ रौ के हाल बुरा हो गया था । शव के साथ पहुंचे सी आई एस एफ के जवानों ने दरवाजे पर सलामी दिया । जवान का अंतिम दाह संस्कार मांझी के डुमाई गढ घाट के सरजू तट के किनारे हुई । वहां पर शव को सलामी दी गई। दाह संस्कार के दौरान काफी संख्या में लोग दर्शन के लिए उमड़ पड़े हुए थे।

## लायंस क्लब छपरा ग्रेटर ने लगाया नि:शुल्क मधुमेह जाँच-शिविर

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।स्थानीय नारायण चौक मंदिर के पास रविवार को भले सुबह 6 :30 बजे से लायंस क्लब ऑफ छपरा ग्रेटर के द्वारा निःशुल्क सुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 102 लोगो का शुगर जांच किया गया । कई लोगों का शुगर काफी बढ़ा हुआ था । सबको डॉक्टर से मिलने का सलाह दिया गया। मधुमेह ( शुगर ) के बारे में प्रिकॉशन लेने की बात कही गई । वरिष्ठ सदस्य एस जेड ए रिजवी ने बताया कि क्लब के द्वारा हर महीने शुगर की जांच शिविर लगाई जायेगी और उसके बारे मे आगाह किया जायेगा इस मौके पर काफी लायन सदस्य शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया प्रोग्राम अध्यक्ष चंदन शर्मा का रोल अहम रहा इस अवसर पर वरिष्ठ लायन सदस्य एस जेड ए रिजवी, अध्यक्ष करण सिंह डॉक्टर कामेश्वर राय, सचिव राजेश कुमार उपाध्याय .एस एम इब्राहिम .अमिताभ कुमार . एडवोकेट जफर हुसैन जैदी , संतोष कुमार सिंह, प्रोग्राम अध्यक्ष चंदन शर्मा रिजवी राज, अर्जुन शर्म मुमताज इमाम , जयप्रकाश कुमार रूपेश कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई । इस कार्यक्रम की जानकारी सेक्रेटरी राजेश कुमार उपाध्याय के द्वारा दी गई ।




## मछली पालन में आंध्र प्रदेश, तो चीनी उत्पादन में यूपी अव्वल

**नई दिल्ली।** बीते दो दशक के दौरान देश में मछली की खपत काफी ज्यादा बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (IFPRI) की रिपोर्ट बताती है कि 2005 में एक व्यक्ति सालभर में औसतन 4.9 किलो मछली खाता था।

## पेट्रोल-डीजल के नए दाम हुए अपडेट

**नई दिल्ली।** रविवार, 23 जून 2024 के लिए देश की सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के नए रेट्स जारी कर दिए हैं। लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, आज भी देश भर के अलग-अलग शहरों में फ्यूल के रेट्स को लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# भारतीय कपास के निर्यात में 67 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद, बांग्लादेश में बढ़ी मांग से होगा लाभ

**मुंबई , एजेंसी।** बांग्लादेश की मिलों में कॉटन (कपास) की बढ़ती मांग की वजह से भारत के कॉटन निर्यात में वृद्धि का अनुमान है। सितंबर में समाप्त होने वाले 2023-24 सीजन के लिए भारत के कॉटन का निर्यात में बांग्लादेश के मिलों की बढ़ती मांग के कारण दो तिहाई अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) को उम्मीद है कि शिपमेंट लगभग 26 लाख गांठ (प्रत्येक गांठ 170 किलोग्राम) तक पहुंच जाएगा जो पिछले सीजन में 15.5 लाख गांठ से 67.7 प्रतिशत अधिक है।

सीएआई के अध्यक्ष अतुल गणात्रा ने बताया कि बांग्लादेश मिलें जो मुश्किल से अपना काम चला रही हैं, अब वे भारतीय कॉटन खरीद रही हैं। क्योंकि ब्राजील और अमेरिका के उनके आयात शिपमेंट में देरी हो रही है। भारत से लगभग हर महीने 1-1.5 लाख गांठ बांग्लादेश को निर्यात किया जा रहा है। सड़क मार्ग के जरिए बांग्लादेश को 5 दिनों में कॉटन मिल जाता है। इससे भारत के कॉटन निर्यात में वृद्धि हो रही है।



### कपास प्रेसिंग का अनुमान बढ़ा

सीएआई ने अपने प्रेसिंग अनुमान में 2023-24 सीजन के 317.70 लाख गांठ की वृद्धि की है, यह फरवरी में 309 लाख गांठ थी। यह वृद्धि मुख्य रूप से मध्य भारत से आई है, जहां हाल ही में किसानों ने अपने पुराने स्टॉक को लोड करने के लिए तैयार हुए हैं। हालांकि चालू सीजन के लिए प्रेसिंग पिछले साल की तुलना में 318.9 लाख गांठ कम है। गणात्रा ने प्रेसिंग आंकड़ों में आई वृद्धि को बाजारों में आने वाली कैरी फॉरवर्ड स्टॉक को माना है। मई के अंत तक 296.53 लाख प्रेसिंग की जा चुकी है।

### प्राकृतिक फाइबर का आयात बढ़ा

प्राकृतिक फाइबर का आयात 16.4 लाख गांठ होने का अनुमान है। इसमें से 5.5 लाख गांठ देश में मई के अंत तक आ चुका है। शुरुआती स्टॉक, आयात और प्रेसिंग के अनुमानों को मिलाकर कुल आपूर्ति 363 लाख गांठ होने का अनुमान है जो पिछले सीजन में 355.4 लाख गांठ से अधिक है। सीएआई ने कॉटन मांग 317 लाख गांठ (311 लाख गांठ ) रहने का अनुमान लगाया है। गैर एमएसएमई सेक्टर में मांग 201 लाख गांठ (280 लाख गांठ ) रहने का अनुमान है, जबकि एमएसएमई सेक्टर में यह मांग 100 लाख गांठ (15 लाख गांठ ) से अधिक रहने का अनुमान है। गैर वस्त्र सेक्टर की खपत 16 लाख गांठ पर स्थिर देखी गई है। गणात्रा ने बताया कि खपत के आंकड़ों में बदलाव सीओसीपीसी (कपास उत्पादन और खपत पर समिति) द्वारा तय की गई नई श्रेणियों में खपत के आंकड़ों को फिर से सामूहिकृत करने के कारण है। सीओसीपीसी देश में कॉटन की स्थिति पर लगातार नजर रखती है और समीक्षा करती है तथा कॉटन के उत्पादन और खपत से संबंधित मामलों पर सरकार को उचित सलाह देती है। सीएआई के अनुसार कताई मिलों की औसत क्षमता उपयोग लगभग 90 प्रतिशत होने का अनुमान है। इसमें उत्तर भारत और मध्य भारत में मिले 100 प्रतिशत की क्षमता पर और दक्षिण भारत में 80 प्रतिशत क्षमता पर चल रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जोमाटो, भेल सहित 10 कंपनियों ने निवेशकों को किया मालामाल, 1 साल में पैसा डबल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पिछले एक साल के दौरान बीएसई 100 इंडेक्स में कई कंपनियों ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। इन कंपनियों में जोमैटो, ट्रेंट और बजाज ऑटो भी शामिल है। इसमें कई पीएसयू स्टॉक भी है। मालामाल करने वाली कंपनियों की लिस्ट में ट्रेंट भी एक शामिल है। बीते एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 213 प्रतिशत बढ़ा है। यानी निवेशकों का पैसा दोगुना है। वहीं, जोमैटो का भी प्रदर्शन बीते एक साल के दौरान शानदार रहा है। इस दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 162 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, बजाज ऑटो की बात करें तो कंपनी के शेयरों की कीमतों में पिछले एक साल में 107 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन के शेयरों में बीते एक साल में 200 प्रतिशत की तेजी आई है। इस पीएसयू स्टॉक का भाव 6 महीने में 22 प्रतिशत बढ़ा है। गेल इंडिया के पोजीशनल निवेशकों का पैसा भी बीते एक साल में दोगुना हो गया है। इस दौरान कंपनी के शेयरों में 104 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। रिटर्न के मामले में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स भी किसी से कम नहीं है। इस स्टॉक की कीमतों में 154 प्रतिशत की तेजी बीते एक साल में दर्ज की गई है। रिटर्न के मामले में डिफेंस सेक्टर की कंपनी ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड भी अव्वल है। कंपनी के स्टॉक का भाव पिछले एक साल में 177 प्रतिशत और कोल इंडिया के शेयरों में 111 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

### 1 के शेयर ने निवेशकों को चौंकाया, सालभर में ही 1 लाख को बना दिया 2 करोड़



**नई दिल्ली , एजेंसी।** आज हम आपको एक ऐसे शेयर के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। यह शेयर श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क लिमिटेड का है। कंपनी के शेयर में लगातार 2 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा और यह 222.50 रुपये के 52 वीक हाई पर पहुंच गए। पिछले छह महीने में यह शेयर करीबन 9,000 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है। इस दौरान इसकी कीमत 2.50 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई है। श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क लिमिटेड के शेयर लगातार शानदार रिटर्न दे रहे हैं। कंपनी के शेयर पिछले पांच दिन में 9 प्रतिशत, एक महीने में 50 प्रतिशत चढ़ गए हैं। इस साल ड्ड्रञ्ज्ञष्ठ में यह शेयर अब तक 7,472.41 प्रतिशत चढ़ा है। इस दौरान इसकी कीमत 2.90 रुपये से वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई। सालभर में यह शेयर 15,044.83 प्रतिशत चढ़ा है।

### भारतीय डीपटेक स्टार्टअप की संख्या 2023 में बढ़ी, वित्तपोषण में 77 प्रतिशत गिरावट : नैसकॉम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत में 2023 में 'डीपटेक स्टार्टअप में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 480 नए उद्यम उभरे, जिससे यह विश्वस्तर पर तीसरा सबसे बड़ा पूल बन गया है। हालांकि, प्रौद्योगिकी उद्योग निकाय नैसकॉम और वैश्विक परामर्श कंपनी जिनोव की रिपोर्ट ने वित्तपोषण में गिरावट की चिंताजनक प्रवृत्ति को उजागर किया है, जो इन स्टार्टअप के लिए एक बड़ी चुनौती है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत में वर्तमान में 3,600 से अधिक डीपटेक स्टार्टअप हैं,

## वित्त वर्ष 25 के अंत तक 20 फीसदी पीसी होंगे एआई वाले: लेनोवो



**नई दिल्ली , एजेंसी।** पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) विनिर्माता लेनोवो इंडिया इस वित्त वर्ष में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित अपने पीसी और गेमिंग डिवाइस पोर्टफोलियो के बलबूते पर भारतीय उपभोक्ता पीसी बाजार में मजबूत पकड़ बनाने पर विचार कर रही है। फर्म के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी को भरोसा है कि इस वित्त वर्ष के आखिर तक पीसी उपभोक्ता बाजार का 20 प्रतिशत हिस्सा एआई से चलेगा। लेनोवो इंडिया के निदेशक और श्रेणी प्रमुख आशीष सिक्का ने बताया कि लेनोवो को एआई वाले पीसी जैसे सामान की अनुमान से कहीं ज्यादा मांग दिख रही है। उन्हें उम्मीद है कि साल के उत्तरार्ध में बिक्री में तेजी आएगी क्योंकि मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) ऐसी और डिवाइस पेश करेंगे। उन्होंने कहा, 'उद्योग के लिए यह महत्वपूर्ण क्षण है, ठीक उसी तरह जैसे फोन उद्योग फीचर फोन से स्मार्टफोन की ओर बढ़ रहा है। हमारा मानना है कि साल के आखिर तक उपभोक्ता बाजार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा एआई पीसी वाला होगा। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, इसका इस्तेमाल और तेज हो जाएगा।' सिक्का के अनुसार एआई वाले पीसी उपभोक्ताओं को सामान्य पीसी के मुकाबले कई फायदे मुहैया करते हैं। इसका इस्तेमाल बढ़ने से इन खूबियों में इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'वर्तमान में उपयोग के मामलों में हाइपर-पर्सनलाइजेशन जैसी सुविधाएं शामिल हैं ङ्क चाहे वह ईमेल का ड्राफ्ट तैयार करना हो या उपयोगकर्ताओं के डाउनटाइम का अनुमान लगाना हो। दूसरी बात यह कि एआई पीसी क्लाउड पर निर्भरता बगैर स्थानीय पीसी पर बहुत सारे काम करने में सक्षम होते हैं। इस प्रकार बहुत सारा डेटा होस्ट पीसी पर ही रहता है, जिससे दक्षता में सुधार होता है।

## भारतीय डीपटेक स्टार्टअप की संख्या 2023 में बढ़ी, वित्तपोषण में 77 प्रतिशत गिरावट : नैसकॉम




**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत में 2023 में 'डीपटेक स्टार्टअप में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 480 नए उद्यम उभरे, जिससे यह विश्वस्तर पर तीसरा सबसे बड़ा पूल बन गया है। हालांकि, प्रौद्योगिकी उद्योग निकाय नैसकॉम और वैश्विक परामर्श कंपनी जिनोव की रिपोर्ट ने वित्तपोषण में गिरावट की चिंताजनक प्रवृत्ति को उजागर किया है, जो इन स्टार्टअप के लिए एक बड़ी चुनौती है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत में वर्तमान में 3,600 से अधिक डीपटेक स्टार्टअप हैं, जिनमें से 480 पिछले साल ही स्थापित किए गए। यह संख्या 2022 में स्थापित डीपटेक स्टार्टअप की संख्या से लगभग दोगुना अधिक है। हालांकि, भारत की डीपटेक संभावनाएं वित्तपोषण की कमी के कारण अवरुद्ध हैं।

## एक हफ्ते में मालामाल ! सेंसेक्स की तीन कंपनियों का वैल्यूएशन बढ़ा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया।



बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इन कंपनियों की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 1,01,769.1 करोड़ रुपये घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 52,091.56 करोड़ रुपये बढ़कर 12,67,056.69 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 36,118.99 करोड़ रुपये जोड़े जिससे इसका मूल्यांकन 8,13,914.89 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 17,915.43 करोड़ रुपये बढ़कर 6,35,945.80 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 32,271.31 करोड़ रुपये घटकर 19,66,686.57 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में 27,260.74 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और यह 6,47,616.51 करोड़ रुपये पर आ गया। आईटीसी का मूल्यांकन 14,357.43 करोड़ रुपये घटकर 5,23,858.91 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 8,904.95 करोड़ रुपये के नुकसान से 5,73,617.46 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 8,321.6 करोड़ रुपये घटकर 13,78,111.45 करोड़ रुपये रह गई। भारती एयरटेल के मूल्यांकन में 7,261.72 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 8,04,262.65 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 3,391.35 करोड़ रुपये घटकर 7,46,454.54 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही।

## सेंसेक्स में कंपनियों ने पिछले हफ्ते बनाया पैसा, निवेशक गदगद

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया।




बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इन कंपनियों की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 1,01,769.1 करोड़ रुपये घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 52,091.56 करोड़ रुपये बढ़कर 12,67,056.69 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 36,118.99 करोड़ रुपये जोड़े जिससे इसका मूल्यांकन 8,13,914.89 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 17,915.43 करोड़ रुपये बढ़कर 6,35,945.80 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 32,271.31 करोड़ रुपये घटकर 19,66,686.57 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में 27,260.74 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और यह 6,47,616.51 करोड़ रुपये पर आ गया। आईटीसी का मूल्यांकन 14,357.43 करोड़ रुपये घटकर 5,23,858.91 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 8,904.95 करोड़ रुपये के नुकसान से 5,73,617.46 करोड़ रुपये रह गया।

# रोहित शर्मा ने किया स्टार्ट-अप में निवेश

**नई दिल्ली , एजेंसी।** इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एक स्टार्ट-अप में निवेश किया है। उन्होंने एजुकेशन-फिनटेक में पैसा लगाया है। इस कंपनी को पहले फाइनेंपीयर नाम से जाना जाता था। रोहित शर्मा के निवेश के बारे में कंपनी ने इसी हफ्ते मंगलवार को जानकारी दी। बता दें, पिछले 3 साल में 2 निवेशों से कंपनी ने 291 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

लीव की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि रोहित शर्मा के निवेश से हमारी कंपनी को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। कंपनी एंजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स में लम्बे समय से नगदी प्रवाह के मामले को सुलझा पाएगी। कंपनी भारत भर में छात्रों को इनोवेटिव सॉल्यूशन भी दे पाएगी।

रोहित शर्मा ने इस मौके पर कहा, मैं एजुकेशन को गुणवत्तापूर्ण और क्रांतिकारी बनाने के लिए लीव के मिशन का सहयोग करने के लिए उत्साहित हूं। वे छात्र और अभिभावकों के लिए जिस तरह से काम कर रहे हैं वो काफी प्रेरणादायक है। यह साझेदारी मुझे एक ऐसा मौका दे रही है जिससे पूरी जनरेशन पर असल पड़ेगा। रोहित शर्मा के निवेश पर कंपनी के फाउंडर



और सीईओ रोहित गजभिये कहते हैं, रोहित हम सभी को प्रेरित करते हैं। वो अब हमारे ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर जुड़े थे। अब एक निवेशक के तौर पर हमारे साथ आए हैं।

### क्या करती है कंपनी

हाल ही में लीव ने फाइनेंसियल सासा लॉन्च किया था। यह एजुकेशन सिस्टम में सभी तरह के लेने-देन के एक सभी तरह की सहायता प्रदान करता है। कंपनी लीव कार्ड जारी करती है। जिससे कोई भी छात्र या अभिभावक फीस या अन्य लेने-देने कैंपस के अंदर और बाहर कर पाएगा। कंपनी के प्रोडक्ट का लाभ लगभग 5 लाख छात्र उठा रहे हैं।

छात्रों को इस कार्ड के जरिए तत्काल लोन भी मिल जाता है। वहीं, समय से बिल का भुगतान करने पर कंपनी रिवार्ड प्वाइंट्स भी जारी करती है।


### 1 के शेयर ने निवेशकों को चौंकाया, सालभर में ही 1 लाख को बना दिया 2 करोड़

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आज हम आपको एक ऐसे शेयर के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। यह शेयर श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क लिमिटेड का है। कंपनी के शेयर में लगातार 2 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा और यह 222.50 रुपये के 52 वीक हाई पर पहुंच गए। पिछले छह महीने में यह शेयर करीबन 9,000 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है। इस दौरान इसकी कीमत 2.50 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई है। श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क लिमिटेड के शेयर लगातार शानदार रिटर्न दे रहे हैं। कंपनी के शेयर पिछले पांच दिन में 9 प्रतिशत, एक महीने में 50 प्रतिशत चढ़ गए हैं।

### भारतीय डीपटेक स्टार्टअप की संख्या 2023 में बढ़ी, वित्तपोषण में 77 प्रतिशत गिरावट : नैसकॉम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत में 2023 में 'डीपटेक स्टार्टअप में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 480 नए उद्यम उभरे, जिससे यह विश्वस्तर पर तीसरा सबसे बड़ा पूल बन गया है। हालांकि, प्रौद्योगिकी उद्योग निकाय नैसकॉम और वैश्विक परामर्श कंपनी जिनोव की रिपोर्ट ने वित्तपोषण में गिरावट की चिंताजनक प्रवृत्ति को उजागर किया है, जो इन स्टार्टअप के लिए एक बड़ी चुनौती है।


## ब्रिटेन में टाटा स्टील के कर्मचारी 40 साल में पहली बार करेंगे हड़ताल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा स्टील के ब्रिटेन ऑपरेशन में 2,800 कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी है। वहीं, ब्रिटेन में टाटा स्टील के लगभग 1,500 कर्मचारी 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे। ये हड़ताल वेल्स के पोर्ट टैलबोट और लैनवर्न में स्थित प्लांट्स में कंपनी की 2,800 कर्मचारियों की छंटनी और ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने के विरोध में हो रही है।




यूनाइट द यूनियन ने कहा कि यह 40 सालों में पहली बार है कि ब्रिटेन में स्टील कर्मचारियों ने टाटा स्टील यूके के संचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करने के मकसद से हड़ताल की है। यूनियन के सदस्यों ने पहले ही इस सप्ताह की शुरुआत में नियमानुसार काम करना और ओवरटाइम बैन लगाना शुरू कर दिया था।

### नौकरियों में कटौती के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल

यूनाइट द यूनियन ने एक बयान में कहा, टाटा के पोर्ट टैलबोट और लानवर्न में स्थित लगभग 1,500 कर्मचारी कंपनी की 2,800 नौकरियों में कटौती और इसके ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने की योजना के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे।

### 'स्टील इंडस्ट्री को बचाने के लिए लड़ाई'

यूनाइट की महासचिव शेरोन ग्राहम ने कहा, टाटा के कर्मचारी केवल अपनी नौकरियों के लिए नहीं लड़ रहे हैं। वे अपने समुदायों के भविष्य और वेल्स में स्टील इंडस्ट्री के भविष्य के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, जब तक टाटा अपनी विनाशकारी योजनाओं को रोक नहीं देती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। यूनाइट वेल्स स्टील इंडस्ट्री को बचाने के लिए लड़ रहा है और टाटा के कर्मचारियों की ऐतिहासिक लड़ाई में उनका पूरा समर्थन कर रहा है, जिसके वे हकदार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पैट कमिंस को इस विश्व कप में लगातार 2 मैच मिले, दोनों में हैट्रिक



**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस टी20 विश्व कप में लगातार दो हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज बन गए जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर 8 चरण के मैच में यह कमाल किया। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर राशिद खान को आउट किया। इसके बाद 20वें ओवर की पहली 2 गेंदों पर करीम जनत और गुलबदिन नायब के विकेट लिए। कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में भी 18वें और 20वें ओवर में महमूदुल्लाह, मेहदी हसन और तौहीद हृदय के विकेट लिए थे। आस्ट्रेलिया को हालांकि अफगानिस्तान ने 21 रन से हरा दिया। कमिंस पहले से ही ब्रेट ली (2007), कर्टिस कैंपर (2021), वानिंदु हसरंगा (2021), कैगिसो रबाडा (2021) के साथ पुरुष टी20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सात खिलाड़ियों के शानदार समूह के सदस्य हैं। कार्तिक मयप्पन (2022) और जोश लिटिल (2022) भी यह कारनामा कर चुके हैं।

कमिंस ने पारी के ब्रेक में कहा कि आस्ट्रेलिया के लिए 100 से ज्यादा मैच खेलने के बाद लगातार 2 हैट्रिक लगाना सुखद है। उन्होंने कहा कि विश्व कप में अब मुझे लगातार दो मैच मिले और मेरी गेंदबाजी अच्छी रही। मुझे लगा कि उन्होंने शुरूआत में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन मैंने यह भी सोचा कि हमने सीमाएं सीमित कर दी हैं। कुल मिलाकर हमारा अच्छा गेंदबाजी प्रयास रहा। क्षेत्र में हमारा सबसे साफ़ दिन नहीं था। कुल मिलाकर खुश हूं।

**मिशेल मार्श गरजे**

### भारत के खिलाफ दबाव होगा लेकिन ऑस्ट्रेलिया दबाव में अच्छा खेलता है



**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने कहा कि उनकी टीम दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है तथा वह अफगानिस्तान से मिली हार से उबरकर भारत के खिलाफ सोमवार को होने वाले करो या मरो मैच में शानदार वापसी करेगी। ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के सुपर 8 के मैच में अफगानिस्तान से 21 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया को अब भारत के खिलाफ सुपर 8 के अपने अंतिम मैच में न सिर्फ जीत दर्ज करनी होगी बल्कि अच्छा नेट रन रेट भी बनाए रखना होगा।

मार्श ने संवाददाताओं से कहा कि यह महत्वपूर्ण मैच है जो भारत के खिलाफ होगा और इसमें हमें हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अगर हमारी इस टीम के इतिहास को देखें तो हमारे खिलाड़ी दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। हमारे खिलाड़ी निश्चित रूप से इसके लिए पूरी तरह तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए चीजें अब स्पष्ट हैं। हमें खुद पर भरोसा रखना होगा। हमारे पास बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं और मेरा मानना है कि हम सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहे हैं। हमें सब कुछ भूलकर आगे बढ़ना होगा और अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ हार से ऑस्ट्रेलिया का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आठ मैच का विजय अभियान थम गया। मार्श ने कहा कि हमें इस हार से वापसी करनी होगी। हमारा अपने इन खिलाड़ियों पर बहुत भरोसा है। हमारी टीम बहुत अच्छी है लेकिन आज का दिन हमारा नहीं था लेकिन सकारात्मक बात यह है कि हमें 36 घंटे के अंदर वापसी करने का मौका मिल रहा है।

# भारत का सेमीफाइनल खेलना लगभग तय

## आज ऑस्ट्रेलिया से पुराना बदला लेने का सुनहरा मौका

**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार यानी 24 जून को ऑस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी। भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से खेले जाने वाला यह मैच ऑस्ट्रेलिया के लिए यह 'करो या मरो' जैसा होगा क्योंकि अफगानिस्तान के खिलाफ हार ने उसके सारे समीकरण बिगाड़ दिए हैं। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है।

**ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ना होगा** – अफगानिस्तान से हारने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाए। तीन सुपर आठ मैच एक एक दिन के अंतर पर खेलने की दशा में टीम प्रबंधन खिलाड़ियों को रोटेट कर सकता था, लेकिन इसकी संभावना नहीं दिख रही। शनिवार की रात यहां पहुंची भारतीय टीम ने




**भारत से हारते ही टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है ऑस्ट्रेलिया**

अभ्यास नहीं किया। अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाए जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे सकारात्मक बात हार्दिक पंड्या का हरफनमौला प्रदर्शन रही है, जिन्होंने गेंद और बल्ले दोनों के जौहर दिखाए हैं। कुलदीप यादव की फिरकी भी कैरेबियाई पिचों पर असरदार साबित हो रही है।

**कंगारुओं के लिए करो या मरो** – डेरेन सैमी स्टेडियम पर यह दूसरा दिन का मैच होगा। दिन रात के मैचों में बड़े स्कोर बने हैं, लेकिन पिछले मैच में इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 164 रन के लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी थी। ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी के 'फ्लॉप शो' के बाद काफी सुधार करना होगा। ऑस्ट्रेलिया की फील्डिंग में लचर प्रदर्शन भी हैरान करने वाला था। यह देखना रोचक होगा कि कोहली लेग स्पिनर एडम जम्पा का सामना कैसे करते हैं जो कई मौकों पर उनका विकेट ले चुके हैं।

**भारत का स्क्वॉड** – रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया का स्क्वॉड**– मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

**अभी तो पार्टी शुरू हुई है**

## आस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत के बाद बस में चैंपियन सॉन्ग पर अफगानिस्तान टीम का डांस

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की टीम जश्न मनाने के मूड में है और हो भी क्यो न! इस टीम ने टी-20 विश्व कप 2024 के प्रबल दावेदार में से एक ऑस्ट्रेलिया को हरा जो दिया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद अफगानिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद नबी और उनके गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक स्पेशल वीडियो शेयर किया है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में फैंस को बस से अफगानिस्तान टीम के जश्न की झलक भी मिली। यह खुशी और जश्न का माहौल था क्योंकि बैकग्राउंड में ब्रावो का मशहूर चैंपियन गाना बज रहा था। पूरी टीम ने गाने की मधुर धुनों पर डांस किया और साथ ही हुक-स्टेप भी किए, जो फैंस के बीच वास्तव में लोकप्रिय रहा है।



**अफगानिस्तान के लिए ऐतिहासिक दिन** – अफगानिस्तान 2022 और 2023 में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बेहद करीब आ चुकी थी, लेकिन उसे जीत तीसरी कोशिश में जीत मिली। इसी के साथ टी-20 इंटनेशनल में ऑस्ट्रेलिया की लगातार आठ जीत का सिलसिला भी टूट गया। अफगानिस्तान के लिए जीत की नींव सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने रखी, जिन्होंने मुश्किल पिच पर पहले विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी की। पैट कमिंस की हैट्रिक ने अफगानिस्तान को 148 रन पर रोक दिया। बाद में अनुभवी मीडियम पेसर गुलबदीन नईब की अगुवाई में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। गुलबदीन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4-0-4-20 के आंकड़े के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**बदल गया सेमीफाइनल का सिनारियो** – अब टूर्नामेंट का सुपर आठ राउंड खत्म होने में सिर्फ चार मैच ही बचे हैं। ऐसे में ग्रुप-1 में, भारत चार अंकों और 2.425 के नेट रन रेट के साथ तालिका में शीर्ष पर है, जिसका टॉप-4 में पहुंचना तय माना जा रहा है। सोमवार को सेंट लूसिया में अगर ऑस्ट्रेलिया बड़े अंतर से भारत को हराता है तो वे भारत से आगे निकल जाएगा और यदि अफगानिस्तान सेंट विंसेंट में बांग्लादेश पर भारी अंतर से जीतते हैं तो वे भी आगे निकल सकते हैं। अगर भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो वे अपना सेमीफाइनल मैच 27 जून को गयाना में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए हालात बेहद खराब हैं क्योंकि वह दो अंक पर है और अफगानिस्तान से करारी हार के बाद उसका नेट रन रेट +0.223 हो गया है।

## नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था।



नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए मूत्र के नमूने नहीं दिए थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था। बजरंग ने इस अस्थायी निलंबन के खिलाफ अपील दायर की थी और नाडा की डोपिंग निरोधक अनुशासन पेनल (एडीडीपी) ने नाडा के आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी करने तक इसे रद्द कर दिया था। नाडा ने रविवार को पूनिया को नोटिस जारी किया। नाडा ने पूनिया को भेजे नोटिस में कहा कि यह आपके लिए औपचारिक नोटिस है कि आपको राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक नियमों की धारा 2.3 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है और अब आप अस्थाई रूप से निलंबित हैं। पूनिया को आरोप स्वीकार करने या सुनवाई का अनुरोध करने के लिए 11 जुलाई तक का समय दिया गया है।

## हम बहुत स्मार्ट हैं, हम बल्ले और गेंद से अच्छे रहे : रोहित शर्मा

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया टूर्नामेंट में अजेय बनी हुई है। टीम इंडिया का सेमीफाइनल लगभग तय हो गया है। लेकिन उन्हें इसे पक्का करने के लिए



गुयाना के मैदान पर उतरना ही होगा। क्या कोई उन्हें रोक सकता है? यह टूर्नामेंट के आगे बढ़ने पर हमें पता चल जाएगा। वहीं, टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ अहम जीत दर्ज करने के बाद अपने खिलाड़ियों की तारीफ की है। रोहित ने साफ शब्दों मे कहा कि सभी खिलाड़ियों का मिला जुला प्रदर्शन ही उन्हें आगे लेकर जा रहा है।

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद बल्लेबाजी में आक्रमण रुख अपनाने पर कहा कि मैं लंबे समय से इस बारे में बात कर रहा हूं। हमें मैदान पर जाकर अपना काम करना होगा। आज सब कुछ ध्यान में रखते हुए हमने परिस्थितियों के अनुरूप ढलकर वास्तव में अच्छा खेला। यहां थोड़ा हवा का प्रभाव है, कुल मिलाकर हम बहुत स्मार्ट हैं, कुल मिलाकर हम बल्ले और गेंद से अच्छे थे। सभी 8 बल्लेबाजों को अपनी भूमिका निभानी होगी, चाहे वह कुछ भी हो। हमने देखा कि एक खिलाड़ी ने 50 रन बनाए और अब हम 197 रन तक पहुंचे।

रोहित ने कहा कि टी20 में मुझे नहीं लगता कि हमें अर्द्धशतक और शतक बनाने की जरूरत है, मायने यह रखता है कि आप गेंदबाजों पर कितना दबाव डालते हैं। शुरू से ही सभी बल्लेबाज इसी तरह खेले। टीम में काफी अनुभव है। वहीं, हार्दिकि के प्रदर्शन पर रोहित ने कहा कि मैंने पिछले गेम में भी कहा था, उसकी अच्छी बल्लेबाजी हमें अच्छी स्थिति में लाती है। हम शीर्ष 5, 6 के बाद अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। हम जानते हैं कि हार्दिक क्या करने में सक्षम है। वह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण खिलाड़ी है, अगर वह ऐसा करना जारी रखता है तो यह हमें अच्छी स्थिति में पहुंचा देगा। उत्साह और अगर हम गेंदबाज के साथ कुछ चर्चा करते हैं और जब वह सामने आता है, तो यह अच्छा है।

## मुंबई में तब नींद नहीं आई थी, अब अच्छे से सो पाऊंगा: राशिद खान

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** ग्लेन मैक्सवेल के ऐतिहासिक दोहरे शतक ने राशिद खान को पिछले साल नवंबर में मुंबई में एकदिवसीय विश्व कप मैच के बाद सोने नहीं दिया था, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान ने टी20 विश्व कप में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खुशी से पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं है। अफगानिस्तान ने सुपर 8 चरण के मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है। इस जीत से टीम मुंबई की कड़वी यादों पीछे छोड़ने की कोशिश करेगी।

पिछले साल नवंबर में एकदिवसीय विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने 91 रन पर 7 विकेट गंवाने के बाद जीत के लिए 292 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था। इस मैच में मैक्सवेल ने चोटिल होने के बावजूद 128 गेंद में 21 चौके और 10 छक्के की मदद से नाबाद 201 रन की बेहतरीन पारी खेली थी।

राशिद ने टी20 विश्व कप में उलटफेर करने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि मैं अब अच्छे से सो पाउंगा। उस रात को मैं ठीक से सोने नहीं सका



था। उस मैच की यादें हमेशा हमारे दिमाग में रहेगी। जाहिर है, मैं उस (सात नवंबर 2023) पूरी रात सो नहीं पाया था। लग रहा है कि आज भी ऐसा ही होगा। आज खुशी के मारे सो नहीं पाऊंगा। आज पूरी टीम खुश है। उन्होंने कहा कि युद्ध की मार झेल रहे देश के लोगों को जीत से जश्न मनाने का मौका मिलेगा।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया पर अफगानिस्तान की पहली जीत के बाद राशिद ने कहा कि एक टीम, एक राष्ट्र के रूप में यह हमारे लिए एक बड़ी जीत है। यह सिर्फ द्विपक्षीय खेल जैसा नहीं है. यह विश्व कप का मैच है और निश्चित रूप से विश्व कप में आप सर्वश्रेष्ठ टीम को हरा रहे हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी टीम 2021 विश्व कप के विजेता हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की टीम को हराना यह आपको हमेशा बहुत अधिक ऊर्जा देता है और आपको सोने भी नहीं देता है।

उन्होंने कहा कि मैंने पहले कहा था अफगानिस्तान में क्रिकेट लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का एकमात्र स्रोत है। वहां लोग इसी का जश्न मना सकते हैं। मुझे ऐसा लगता है कि हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हम यहां अपने घर में लोगों को यह खुशी दे रहे हैं। हम शायद ही अपने घर में इस तरह के आयोजन देखते हैं जहां वे जश्न मना सकें और उन पलों का आनंद उठा सकें। यह कुछ ऐसा है जो वास्तव में मुझे संतुष्ट करता है। भारतीय टीम ने अगर अपने अगले मैच में ऑस्ट्रेलिया को बड़े अंतर से हरा दिया तो अफगानिस्तान के पास सुपर आठ में पहुंचने का मौका होगा।

### ज्वेरेव को हराकर ह्यूबर्ट हर्काज हाले के फ़ाइनल में

**हाले, एजेंसी।** पूर्व चैंपियन ह्यूबर्ट हर्काज ने शनिवार को विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को सीधे सेटों में हराकर टेरा वोर्टमैन ओपन के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया है। हर्काज ने ज्वेरेव को 7-6(2), 6-4 से हराया और अब वह सत्र के अपने दूसरे खिताब से एक जीत दूर रह गए हैं। पांचवीं सीड पोलिश खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में ज्वेरेव के खिलाफ 17 एस लगाए और सभी चार ब्रेक अंकों को बचाया। उन्होंने इस जीत के साथ अपनी पांचवीं टॉप 10 ग्रास कोर्ट जीत हासिल की। एक घंटे 33 मिनट की जीत के साथ हर्काज ने ज्वेरेव के खिलाफ आमने-सामने के मुकाबलों में अपना रिकॉर्ड 1-3 कर लिया है। यह उनका 11 वां टूर स्तर फ़ाइनल है और वह अपने नौवें एटीपी टूर खिताब की उम्मीद करेंगे जब उनका रविवार को टॉप सीड जानिक सिनर या चीन के झांग झीझेन से मुकाबला होगा।

## बॉल निकालने के लिए स्टेज के नीचे घुस गए विराट कोहली

**एंटीगुआ (एजेंसी)।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली मैदान पर अपनी अदाओं के कारण चर्चा में रहे हैं। एंटीगुआ के मैदान पर जब भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ सुपर 8 का अहम मुकाबला खेल रही थी तब भी विराट चर्चा में रहे। हुआ यूं कि कोहली बाऊंड्री रोप पर फील्डिंग कर रहे थे। 18वें ओवर में रियाद महमुदुल्लाह ने एक जोरदार छक्का लगाया जो मैदान के बाहर चला गया। गेंद बाऊंड्री रोप से बाहर बनी एक छोटी सी स्टेज के नीचे चली गई। क्योंकि वहां कोई बॉल ब्वॉय नहीं था ऐसे में विराट खुद ही गेंद लेने के लिए निकले। गेंद स्टेज के नीचे थे ऐसे में विराट झुके और अंदर घुसते हुए गेंद निकाल लाए। विराट की यह अदा क्रिकेट फैंस को बेहद पसंद आई। घटनाक्रम की वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो फैंस ने इसपर जमकर प्यार बरसाया।



**विश्व कप में विराट कोहली बना चुके 3000 रन** भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एंटीगुआ में टी20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 37 रन बनाने के साथ ही एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट के मौजूदा संस्करण में खराब प्रदर्शन के कारण निंदा झेल रहे कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ 28 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 37 रनों की पारी खेली। कोहली अब टी20 और वनडे विश्व कप के इतिहास में 3000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैच से पहले विराट को इस रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए 35 रनों की जरूरत थी। देखें आंकड़े-

**टी20 और वनडे विश्व कप में सर्वाधिक रन**

1. विराट कोहली – 3002 रन
2. रोहित शर्मा– 2637 रन
3. डेविड वार्नर– 2502 रन
4. सचिन तेंदुलकर– 2278 रन
5. कुमार संगकारा– 2193 रन

## मैं ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करता हूं : कुलदीप यादव

**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** कुलदीप यादव टी20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है । पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने 2 मैचों में 5 विकेट ले लिए हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है। कुलदीप की सफलता का एक कारण उनकी गेंदबाजी में आक्रामकता भी है। उन्होंने कहा कि वह अपनी लैंग्थ से कभी समझौता नहीं करते। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी स्पिनर के लिए लैंग्थ काफी मायने रखती है। इस प्रारूप में तो आपको यह भांपना ही होता है कि बल्लेबाज क्या करने की सोच रहा है। इसके लिए काफी आक्रामक होना पड़ा है। मुझे आईपीएल में भी इससे मदद मिली और अब टी20 विश्व कप में भी। अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है। यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं।



उन्होंने कहा कि जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिए और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब वह आप पर हमले की कोशिश करें तो आपके पास रणनीति होनी चाहिए। ऐसे में विकेट लेने की संभावना अधिक होती है।

कुलदीप ने संकेत दिया कि उन्हें वेस्टइंडीज में टीम संयोजन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका में नहीं खेला। मैं वहां 12वां खिलाड़ी था और ड्रिंक्स लेकर जा रहा था। यह खेलने जैसा ही था। मैंने वहां गेंदबाजी नहीं की लेकिन करना चाहता था। उन्होंने कहा कि वहां विकेट आस्ट्रेलिया की तरह था। मैंने यहां 2017 में टी20 और वनडे में पदार्पण किया और मुझे हालात का पता था। स्पिनर के लिए यहां गेंदबाजी करना अच्छा अनुभव है।

